

सुप्रभात

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित

सबकी बात सबके साथ




रांची, मंगलवार 04.03.2025 | फाल्गुन, कृष्ण पक्ष, पंचमी, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 230 | * * नगर संस्करण। पेज : 12 | khabarmantra.net


# अबुआ बजट : उम्मीदों पर खरी

## वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने ₹1,45,400 करोड़ का बजट पेश किया

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** विधानसभा में सोमवार को वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 1,45,400 करोड़ (एक लाख पैंतालिस हजार चार सौ करोड़) का बजट पेश किया। साथ ही कहा कि गौरवशाली झारखंड का यह आत्मनिर्भर वाला बजट है। बजट में आम व खास दोनों तरह के लोगों के सपने को पूरा करने का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि बजट पेश कर मैं खुद को आत्मसम्मानित महसूस कर रहा हूं। 45 वर्षों के राजनीतिक जीवन में मेरे लिए यह पहला अवसर है, जब वित्त मंत्री के रूप में गौरवशाली झारखंड के लिए सदन में बजट पेश कर रहा हूं।

उन्होंने कहा कि जनता का गठबंधन पर विश्वास का मुख्य कारण पिछले पांच सालों का कार्य और आगामी वर्षों के लिए घोषणा पत्र रहा है। हम अपने घोषणा पत्र के माध्यम से लिये गये निर्णयों को चरणबद्ध तरीके से लागू करने को संकल्पित हैं। राज्य के करीब 80 प्रतिशत विद्यार्थी सरकारी स्कूलों में नामांकित हैं, इसलिए सरकारी विद्यालयों के विस्तार के लिए राज्य सरकार कृतसंकल्प है।

■ **बजट में सरकार ने किसान, महिला, युवा और कर्मियों की अपेक्षाएं पूरी करने का प्रयास किया है। पुरानी पेंशन योजना पर 832 करोड़ का प्रावधान किया है। मंइयां सम्मान योजना में 13363.35 करोड़ रुपये का प्रावधान है। कृषि विभाग के लिए 4 हजार 587 करोड़ 66 लाख 24 हजार रुपये प्रस्तावित किया है।**

### झारखंड सरकार के बजट में विभागवार आवंटित राशि

| विभाग-प्रभाग | राशि (लाख में) | विभाग-प्रभाग | राशि (लाख में) |
|---|---|---|---|
| कृषि | 242108.16 | ब्याज | 635466.32 |
| पशुपालन | 62023.32 | ऋण भुगतान रिपेमेंट ऑफ लोन | 938468.51 |
| भवन निर्माण | 86157.31 | पेंशन | 1017311.58 |
| मंत्रिमंडल सचिवालय | 8237.42 | अंकेक्षण | 787.63 |
| निर्वाचन | 13159.58 | वाणिज्यकर | 17405.04 |
| राज्यपाल सचिवालय | 1962.07 | खाद्य आपूर्ति | 286349.22 |
| निगरानी प्रभाग | 5197.00 | वन पर्यावरण | 138199.30 |
| नागर विमानन | 11519.37 | स्वास्थ्य | 747050.86 |
| सहकारिता | 93679.07 | उच्च शिक्षा | 192222.28 |
| ऊर्जा | 989435.53 | गृह विभाग | 807545.48 |
| उत्पाद | 5583.61 | उद्योग | 48631.61 |
| वित्त | 34228.30 | सूचना एवं जनसंपर्क | 34704.72 |

वित्त मंत्री

गौरवशाली झारखंड के लिए आत्मनिर्भर बजट




### कहां से आयेगा पैसा

| | |
|---|---|
| लोन रिकवरी | 0.17 फीसदी |
| उधार | 13.76 फीसदी |
| केंद्रीय कर में हिस्सेदारी | 32.35 फीसदी |
| राज्य सरकार के टैक्स | 24.21 फीसदी |
| राज्य के गैर टैक्स | 17.78 फीसदी |
| अनुदान | 11.73 फीसदी |

### पैसा कहां खर्च होगा

| | |
|---|---|
| भू-राजस्व, श्रम पर्यटन,आईटी सेक्टर | 6.82 % |
| शिक्षा | 12.11 % |
| ग्रामीण विकास और पंचायती राज | 11.39 % |
| सड़क और परिवहन | 4.27 % |
| ऊर्जा | 6.80 % |
| पेंशन | 7 % |
| कृषि और जल संसाधन | 4.71 % |
| सामाजिक कल्याण | 17.47 % |
| पुलिस और आपदा प्रबंधन | 6.82 % |
| नगर विकास और आवास | 2.46 % |
| ब्याज | 4.37 % |
| लोन री-पेमेंट | 6.45 % |
| स्वास्थ्य और पेयजल आपूर्ति | 8.38 % |
| वन एवं पर्यावरण | 0.95 % |

### पिछले पांच वित्त वर्षों में बजट का आकार

| | |
|---|---|
| 2020-21 | ₹86370 करोड़ |
| 2021-22 | ₹91277 करोड़ |
| 2022-23 | ₹101101 करोड़ |
| 2023-24 | ₹116418 करोड़ |
| 2024-25 | ₹128900 करोड़ |
| 2025-26 | ₹1,45,400 करोड़ |



**2025-26 में राजस्व व्यय के लिए राशि — 1,10,636 करोड़ रुपये**

**सामान्य प्रक्षेत्र के लिए बजट में प्रावधान — 37,884.36 करोड़ रुपये**

**मंईयां सम्मान योजना के लिए प्रावधान — 13363 करोड़ 35 लाख रुपये**

## जल्द मिलेगी मंईयां सम्मान योजना की राशि गैस सिलिंडर में भी सब्सिडी देगी सरकार

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा है कि मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना की राशि होली के पहले लाभुकों के खाते में चली जायेगी। राज्य सरकार के पास पैसे की कोई कमी नहीं है। डिलिवरी सिस्टम और फर्जी खातों के कारण कुछ तकनीकी दिक्कतें आयी हैं। अब इसमें किसी प्रकार की देरी नहीं होगी।

**इंडिया गठबंधन अपने चुनावी वादे को अवश्य पूरा करेगी :** झामुमो-कांग्रेस की चुनावी घोषणा के बाद भी एलपीजी सिलेंडर पर सब्सिडी की घोषणा नहीं किये जाने के सवाल पर राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि राज्य सरकार का कार्यकाल पांच साल का है। अगले वित्त वर्ष के बाद इंडिया गठबंधन अपने चुनावी वादे को अवश्य पूरा करेगी। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए एक लाख 45 हजार 400 करोड़ रुपए का बजट पेश किया है। मंईयां सम्मान योजना के लिए बजट में 13363 करोड़ 35 लाख की राशि का उपबंध किया गया है। अबुआ आवास योजना पर भी तेजी आएगी। इसकी संख्या में बढ़ोत्तरी की जायेगी। पिछले 24 साल में इंफ्रास्ट्रक्चर पर बहुत ध्यान दिया गया है। इस बार सरकार का फोकस सोशल सेक्टर है।

### आय का बड़ा जरिया सेंट्रल टैक्स में हिस्सेदारी

झारखंड सरकार की आय का बड़ा जरिया सेंट्रल टैक्स में हिस्सेदारी है। इस मद से सरकार को उसकी कुल आय का 32.35 प्रतिशत पैसा मिलता है। सरकार 24.21 प्रतिशत की कमाई अपना टैक्स लगाकर करती है। गैर-कर से सरकार को 17.78 प्रतिशत राशि मिलती है। सरकार को 11.73 प्रतिशत राशि सहायता अनुदान से मिलता है। योजनाओं के सफल संचालन के लिए सरकार 13.76 प्रतिशत राशि कर्ज लेकर जुटाती है। 0.17 प्रतशत राशि कर्ज एवं अग्रिम की वसूली से मिलती है।

### समाज कल्याण पर सबसे अधिक खर्च

कल्याण और समाज कल्याण मद में सरकार सबसे ज्यादा 17.47 प्रतिशत राशि खर्च करती है। शिक्षा के लिए सरकार ने बजट में 12.11 फीसदी राशि का प्रावधान किया है। सरकार आगामी वित्त वर्ष में पंचायती राज समेत ग्रामीण विकास विभाग पर 11.39 प्रतिशत राशि खर्च करेगी। सड़क एवं परिवहन के मद में सरकार का खर्च 4.27 फीसदी होगा। पेंशन मद में सरकार कुल बजट का 7 प्रतिशत खर्च करेगी।

## पिछले वर्ष की तुलना में इस बार के बजट में 13 फीसदी की वृद्धि

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने सदन में सोमवार को वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 1 लाख 45 हजार 400 करोड़ रूपये का बजट पेश किया, जो पिछले वर्ष की तुलना में 13 फीसदी अधिक है। वित्त वर्ष 2025-26 में राजस्व व्यय के लिए 1,10,636 करोड़ 70 लाख रुपये प्रस्तावित है। जो गत वर्ष से 20.48 प्रतिशत अधिक है। पूंजीगत व्यय अन्तर्गत गत वर्ष के पुनरीक्षित बजट पर 7.81 प्रतिशत वृद्धि के साथ 34 हजार 763 करोड़ 30 लाख रुपये का प्रस्ताव है। राज्य को अपने टैक्स से 35,200 करोड़ रुपये मिलेगा। सामान्य प्रक्षेत्र के लिए 37,884.36 करोड़ प्रस्तावित है।

### एक लाख किसानों को अनुदान देने का प्रावधान

सरकार ने झारखंड कृषि ऋण माफी योजना के माध्यम से अब तक लगभग 4 लाख किसानों का 2 लाख रुपये तक का ऋण माफ किया है। इस मद में कुल 769 करोड़ रुपये से अधिक का व्यय किया गया है। एक लाख किसानों को अनुदान देने का प्रस्ताव है, जिसपर 24 करोड़ 50 लाख रुपये का प्रावधान किया गया है। राज्य उद्यान विकास की योजना को आगे बढ़ाते हुये इस योजना अंतर्गत आगामी वित्त वर्ष में सब्जी की खेती, फूल की खेती, कृषक प्रशिक्षण, सैंपलिंग नर्सरी की स्थापना, मधुमक्खी पालन की योजना, चाय की खेती का प्रत्यक्षण आदि पर वितीय वर्ष 2025-26 में 304 करोड़ 85 लाख का बजट का प्रावधान किया गया है।

सामाजिक प्रक्षेत्र के लिए 62,840.45 करोड़ रुपये तथा आर्थिक प्रक्षेत्र के लिए 44,675.19 करोड़ रुपये उपबंधित किये गये हैं। वर्ष 2025-26 में राजकोषीय घाटा 11 हजार 253 करोड़ 44 लाखद्ध रुपये होने का अनुमान है जो अनुमानित जीएसडीपी का 2.02 प्रतिशत है। इसे वर्ष 2023-24 और 2029-30 के बीच प्रति वर्ष 14.2 प्रतिशत की औसत वृद्धि सुनिश्चित कर झारखंड को 2030 तक 10 ट्रिलियन रुपये की अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य हासिल किया जा सकता है।

**बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के लिए 350 करोड़ :** कृषि उत्पादन में आर्थिक नुकसान से भरपाई के लिए बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का क्रियान्वयन कराया जा रहा है। इसके अंतर्गत प्रतिकूल मौसम के कारण फसलों के उत्पादन में क्षति होने की स्थिति में फसलों की क्षति का आकलन कर किसानों को क्षतिपूर्ति राशि प्रदान की जा रही है। ग्रामीण विकास के लिए 9 हजार 841 करोड़ 41 लाख 61 हजार का प्रावधान है। सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों का अपना भवन हो। इसे राज्य सरकार सुनिश्चित करा रही है। इसी क्रम में सरकार वर्ष 2025 तक भवनहीन केन्द्रों में से 2,500 आंगनबाड़ी केन्द्र भवनों का निर्माण करायेगी। वर्तमान में 38,523 केन्द्र संचालित हैं।



### यह सबको जोड़ने वाला समग्र और कल्याणकारी बजट: हेमंत सोरेन



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने विधानसभा में बजट पारित होने के बाद मीडिया से बातचीत में कहा कि यह सबको जोड़ने वाला बजट है। उन्होंने कहा कि जनता पर बिना किसी आर्थिक बोझ डाले एक संतुलित बजट पेश किया गया है। उन्होंने कहा कि हर क्षेत्र में विकास के लिए राशि का प्रावधान किया गया है और कोई भी क्षेत्र इससे अछूता नहीं है। उन्होंने कहा कि पिछली सरकार में विकास की गति को बनाए रखा गया है। लोगों पर बोझ डाले बिना खर्च भी आगे बढ़ाया गया है।

### खोखला और घिसा-पिटा बजट इसमें दूरदर्शिता का भी अभाव : बाबूलाल मरांडी



**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने सदन में पेश बजट पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि यह बजट देखने में बड़ा है लेकिन, प्राण विहीन है। उन्होंने कहा कि बजट में दूरदर्शिता का घोर अभाव है। इससे न राज्य की बेरोजगारी दूर होने वाली है, न गरीबी दूर होगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार चुनावी घोषणाओं को बजटीय धरातल पर उतारने में पूरी तरह विफल साबित हुई। यह जनादेश को अपमानित करने वाला बजट है।









### टाटा संस के कार्यकारी अध्यक्ष एन. चंद्रशेखरन ने जमशेदपुर में कहा

## सेमी कंडक्टर और एआई सेक्टर में निवेश कर रही टाटा

**संस्थापक दिवस**

■ टाटा समूह का जमशेदपुर के लिए है बड़ा प्लान

विशेष संवाददाता

**जमशेदपुर।** टाटा संस के कार्यकारी अध्यक्ष एन. चंद्रशेखरन ने आज यहां कहा कि जमशेदपुर टाटा समूह के लिए बहुत पवित्र स्थान है। यहीं से उठ कर समूह ने अपनी वैश्विक पहचान बनायी है। जमशेदपुर और यहां के लोग हमारे परिवार का हिस्सा हैं। उन्होंने कहा कि टाटा समूह का जमशेदपुर के लिए बड़ा प्लान है। हालांकि उन्होंने इस पर विस्तृत जानकारी नहीं दी। चेयरमैन ने आगे कहा कि टाटा समूह आने वाले समय में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस-एआई और सेमी कंडक्टर सेक्टर में बड़े स्तर पर निवेश कर रही है। समूह इस दिशा में कदम उठा रहा है।




पत्रकारों से बात करते टाटा समूह के कार्यकारी अध्यक्ष एन. चंद्रशेखरन।

चंद्रशेखरन टाटा स्टील वर्क्स में पत्रकारों से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि टाटा स्टील का भविष्य उज्ज्वल है। देश में स्टील की खपत बढ़ती रहेगी। यद्यपि चीन समेत अन्य भू-राजनीतिक चुनौतियों से समूह को दो-चार होना पड़ रहा है। डंपिंग भी एक समस्या है। यह सब जारी रहेगी, इसलिए हमें सक्षम बनना होगा। इस पर कार्पोरेट एवं सरकार दोनों स्तर से मिल कर काम करना होगा। नीति एवं ड्यूटी के मामले में हमें सरकार की भी मदद चाहिए। टेक्नोलॉजी को लेकर कर्मचारी और यूनियन को मदद करनी होगी। क्षमता, लागत प्रबंधन, सक्षम परिचालन की दिशा में काम करना है। परिचालन में एआई का हमें प्रयोग करना होगा। इलेक्ट्रिक फर्नेस, हाइड्रोजन के उपयोग से हमें उत्पादन पर ध्यान देना होगा। अपने कर्मचारियों और सरकार के साथ मिल कर इन चुनौतियों से अवश्य पार होंगे। एन. चंद्रशेखरन ने कहा कि हमारे पूर्व चेयरमैन का निधन चार माह पूर्व ही हुआ है। रतन टाटा के बिना यह पहला संस्थापक दिवस है। हम समाज और बिजनेस की तरक्की की कामना करते हैं। टाटा स्टील ट्रांसफॉर्मेशन को लेकर संकल्पित हैं।

उन्होंने कहा कि जहां तक टैरिफ की बात है तो यह चलते रहेगा। टाटा स्टील इंडिया पर इसका कोई खास असर नहीं होगा क्योंकि हम अमेरिका को सीमित निर्यात करते हैं। हमें याद रखना है कि हम अपने घरेलू बाजार में भी कीमतें तय नहीं कर सकते, बाजार तय कर रहा है।

एक अन्य सवाल पर उन्होंने कहा कि इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ सांइस में मेडिकल कॉलेज ला रहे हैं जहां भारतीय बीमारियों पर रिसर्च होगा। इसके अलावा सेमी कंडक्टर चिप पर विशेष निवेश हो रहा है क्योंकि चिप्स हर उद्योग के लिए अब बेहद मायने रखता है। 6-जी के लिए देसी प्रौद्योगिकी हम विकसित कर रहे हैं।

## फाइनल में पहुंचने से टीम इंडिया बस एक कदम दूर

**चैंपियंस ट्रॉफी**

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के फाइनल में पहुंचने से भारत बस एक कदम दूर है। भले ही ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ नॉकआऊट मुकाबलों में भारतीय टीम का हाल खराब रहा हो लेकिन चैंपियंस ट्रॉफी में माहौल अलग नजर आ रहा है। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच मंगलवार को दुबई के मैदान पर सेमीफाइनल है। इसमें भारतीय टीम जीतती नजर आ रही है। चैंपियंस ट्रॉफी मुकाबलों में भारत, ऑस्ट्रेलिया पर 2-1 से आगे है। 1998 में भारत ने 44 रन तो साल 2000 में 20 रन से जीत हासिल की थी।

भारत इस टूनार्मेंट के नॉकआउट में ऑस्ट्रेलिया पर भारी रहा है। भारतीय टीम में बल्लेबाजी और गेंदबाजी का शानदार मिश्रण है, जो उन्हें हर स्थिति में मजबूत बनाता है। टूनार्मेंट में भारत के स्पिनर वरुण चक्रवर्ती, कुलदीप और जडेजा दुबई की परिस्थितियों में प्रभावी रहे हैं। ऑस्ट्रेलिया की बल्लेबाजी लाइनअप मजबूत होने के बावजूद गुणवत्ता वाले स्पिन के खिलाफ कमजोर रहती है। स्टीव स्मिथ या ट्रैविस हेड जैसे खिलाड़ियों को भारतीय स्पिनर निशाना बना सकते हैं। चक्रवर्ती की विविधताएं और कुलदीप की कलाई-स्पिन किसी भी झिझक का फायदा उठा सकती हैं। शुभमन गिल, विराट कोहली और श्रेयस अय्यर के लगातार अच्छे प्रदर्शन से भारत की बल्लेबाजी मजबूत दिख रही है। चैंपियंस ट्रॉफी के सभी मैच भारत ने दुबई में खेले हैं और जीतने में कामयाब रहे हैं। यह मनोवैज्ञानिक बढ़त दिलाने के लिए काफी है। ऑस्ट्रेलिया के लिए दुबई की पिच पर सामंजस्य बिठाना आसान नहीं होगा।

# मंईयां सम्मान व सर्वजन पेंशन योजना पर सरकार का फोकस

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। झारखंड सरकार ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए बजट पेश किया है। इसमें मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना और मुख्यमंत्री सर्वजन पेंशन योजना पर बड़ा फोकस किया गया है। मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत 18 से 50 साल तक की लाभुक महिलाओं को प्रति माह 2,500 रुपये की सहायता राशि देने के लिए 13,363.36 करोड़ रुपये का बजटीय उपबंध किया गया है। वहीं मुख्यमंत्री सर्वजन पेंशन योजना के तहत हर माह 34 लाख लाभार्थियों को 1,000 रुपये देने के लिए 3,8050.66 करोड़ रुपये का प्रावधान है। महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग पर सबसे ज्यादा 22 हजार 23 करोड़, 33 लाख 85 हजार रुपये का उपबंध किया गया है।

## राज्यपाल को वित्त मंत्री ने सौंपी बजट की प्रति





अपने बजट भाषण से पहले वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने राजभवन जाकर राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से मुलाकात की। मंत्री ने राज्यपाल को वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट की एक प्रति सौंपी। मौके पर राज्य के वित्त सचिव प्रशांत कुमार भी उपस्थित थे।

## राशि के मामले में टॉप फाइव विभाग

- महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग– 22 हजार 23 करोड़, 33 लाख 85 हजार रुपये।
- ग्रामीण विकास विभाग : 9 हजार 841 करोड़ 41 लाख 61 हजार, 4 हजार 576 करोड़ 30 लाख 73 हजार रुपये।
- शिक्षा प्रक्षेत्र– प्रारंभिक एवं माध्यमिक शिक्षा– 15 हजार 198 करोड़ 35 लाख 30 हजार रु., जबकि उच्च तकनीकि शिक्षा के लिए 2 हजार 409 करोड़ 20 लाख 96 हजार का उपबंध।
- गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग– 9 हजार 916 करोड़ रु।
- ऊर्जा विभाग– 9 हजार 894 करोड़ 35 लाख 53 हजार रु।

## अबुआ बजट के नाम से लोगों को गुमराह किया जा रहा है : चंपई



रांची। राज्य के पूर्व सीएम चंपई सोरेन कहा कि यह एक दिशाहीन बजट है, जिसमें राज्य के आदिवासियों, मूलवासियों, किसानों, मजदूरों एवं युवाओं के लिए कुछ भी नहीं है। कहने को तो इसमें कई बड़ी घोषणाएं की गई हैं, लेकिन पिछले कई वर्षों से हर बार वहीं कहानी कही जाती है, लेकिन परिणाम कुछ नहीं निकलता है। उन्होंने कहा कि कागज पर बड़ी-बड़ी योजनाएं घोषित कर रही इस सरकार को कोई याद दिलायें कि उन योजनाओं का क्रियान्वयन भी उनकी ही जिम्मेदारी है। पिछले बजटों की कितनी योजनाएं पूरी हुई? अबुआ बजट के नाम से लोगों को गुमराह किया जा रहा है। जब राज्य में ग्रीन कार्ड के लाभुकों को राशन और वृद्ध/ दिव्यांग/ विधवा लोगों को कई महीनों से पेंशन तक नहीं मिलती हो, तो क्या उम्मीद रखें? पेयजल, शिक्षा, चिकित्सा एवं रोजगार के क्षेत्र में सिर्फ हवा-हवाई घोषणाएं हो रही हैं। पेयजल की दर्जनों योजनाएं अधूरी हैं, जबकि लोग डोभे से पानी लेने को मजबूर हैं। अस्पतालों में दवाईयां नहीं है, खाट पर जा रहे मरीजों और अस्पतालों में अव्यवस्था की तस्वीरें आम हैं। कुल मिला कर, यह बजट नहीं, एक ढोल है, जो ऊपर से तो बहुत बड़ा दिख रहा है, लेकिन अंदर से खोखला है।

CCL सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड "एक मिनिरत्न कम्पनी" Fuelling Sustainable Growth (कोल इण्डिया लिमिटेड की एक सहायक कम्पनी)

**सूचना**

सामग्री, कार्यों एव सेवाओं के खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कंपनियो द्वारा जारी सभी निविदाएं कोल इण्डिया लिमिटेड की वेबसाइट www.coalindia.in/ संबंधित अनुषंगी कंपनी (सीसीएल, www.centralcoalfields.in) सीआईएल ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://coalindiatenders.nic.in एवं सेन्ट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eprocure.gov.in पर उपलब्ध हैं। इसके अतिरिक्त जीईएम पोर्टल https://gem.gov.in के माध्यम से भी खरीद की जाती है।

**ई-नीलामी**

**ई-नीलामी सूचना संख्या:** सी/आरएनसी/ई-नीलामी/2025 **दिनांक:** 03.03.2025। भारत के राष्ट्रपति की ओर से और उनके लिए, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, द.पू. रेलवे, रांची द्वारा रांची मंडल पर ई-नीलामी आमंत्रित की गई है। कैटलॉग आईआरईपीएस वेबसाइट पर पहले ही प्रकाशित की जा चुकी है। विवरण निम्नानुसार हैं: **श्रेणी:** पार्सल स्कैनर; **कैटलॉग संख्या:** आरएनसीपीएस12; **संपत्ति विवरण:** रांची मंडल के रांची और हटिया पार्सल कार्यालय में पार्सल स्कैनर की स्थापना और संचालन; **नीलामी प्रारंभ:** 07.03.2025 को 10:00 बजे; **नीलामी समापन तिथि:** 07.03.2025 को 10:40 बजे; **श्रेणी:** विज्ञापन; **कैटलॉग संख्या:** आरएनसीएडीबीटी35; **संपत्ति विवरण:** रांची मंडल पर वाणिज्यिक प्रचार अनुबंधों (आउट ऑफ होम 08 संख्या, स्टेशन के अंदर 03 संख्या, ट्रेन इंटीरियर-07, ट्रेन एक्सटीरियर-11) के लिए ई-नीलामी; **नीलामी प्रारंभ:** 18.03.2025 को 11:00 बजे; **नीलामी समापन तिथि:** 18.03.2025 को 16:10 बजे; **श्रेणी:** खानपान; **कैटलॉग संख्या:** आरएनसीसीसीटीजी 31; **संपत्ति विवरण:** रांची मंडल पर जीएमयू और एसएमयू श्रेणियों के अंतर्गत 50 खानपान इकाइयों के लिए ई-नीलामी; **नीलामी प्रारंभ:** 12.03.2025 को 10:30 बजे; **नीलामी समापन तिथि:** 13.03.2025 को 11:30 बजे; **श्रेणी:** एमपीएस; **कैटलॉग संख्या:** आरएनसीपीएस 21; संपत्ति विवरण: रांची मंडल पर 10 एमपीएस इकाइयों के लिए ई-नीलामी; **नीलामी प्रारंभ:** 11.03.2025 को 12:00 बजे; **नीलामी समापन तिथि:** 11.03.2025 को 14:00 बजे; **श्रेणी:** विविध स्थैतिक (चिकित्सा सुविधा); **कैटलॉग संख्या:** आरएनसीएमएफसी17; **संपत्ति विवरण:** रांची स्टेशन पर चिकित्सा सुविधा के लिए ई-नीलामी; **नीलामी प्रारंभ:** 21.03.2025 को 11:00 बजे; **नीलामी समापन तिथि:** 21.03.2025 को 11:30 बजे; **श्रेणी:** एवीएम; **कैटलॉग संख्या:** आरएनसीएवीएम24; **संपत्ति विवरण:** रांची स्टेशन पर एवीएम-3, डब्ल्यूवीएम-12 के लिए ई-नीलामी; **नीलामी प्रारंभ:** 11.03.2025 को 10:00 बजे; **नीलामी समापन तिथि:** 11.03.2025 को 12:20 बजे; **श्रेणी:** विविध स्थैतिक (बैटरी चालित कार्ट); **कैटलॉग संख्या:** आरएनसीबीओसी 12; **संपत्ति विवरण:** रांची मंडल के रांची और हटिया में बैटरी चालित कार्ट के संचालन और रखरखाव के लिए ई-नीलामी;**नीलामी प्रारंभ:** 18.03.2025 को 13:00 बजे; **नीलामी समापन तिथि:** 18.03.2025 को 13:40 बजे; **श्रेणी:** पार्किंग; **कैटलॉग संख्या:** आरएनसीपार्किंग35; **संपत्ति विवरण:** पिस्का, इटकी और सुईसा स्टेशन पर पार्किंग के प्रबंधन के लिए ई-नीलामी; **नीलामी प्रारंभ:** 19.03.2025 को 11:00 बजे; **नीलामी समापन तिथि:** 19.03.2025 को 11:30 बजे; **श्रेणी:** एटीएम; **कैटलॉग संख्या:** आरएनसीएटीएम 33; **संपत्ति विवरण:** रांची मंडल पर एटीएम के लिए 06 संपत्तियों के लिए ई-नीलामी; **नीलामी प्रारंभ:** 20.03.2025 को 11:00 बजे; **नीलामी समापन तिथि:** 20.03.2025 को 12:20 बजे; **नोट:-** संभावित बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे आईआरईपीएस वेबसाइट (www.ireps.gov.in) पर ई-नीलामी लीजिंग मॉड्यूल पर जाएं। उपरोक्त उल्लिखित कैटलॉग के तहत लॉट-वार विवरण उपलब्ध हैं।

(PR-1198) वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, रांची

दक्षिण पूर्व रेलवे

## रंगहीन और दिशाहीन बजट: रघुवर



रांची। पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने हाल ही में प्रस्तुत झारखंड सरकार के बजट की कड़ी आलोचना की है। उन्होंने इसे गंधहीन, रंगहीन और दिशाहीन बजट करार दिया है। रघुवर दास का मानना है कि यह बजट राज्य की अर्थव्यवस्था को गति देने में विफल रहेगा। उन्होंने यह भी कहा कि बजट में किसानों और ग्रामीणों की उपेक्षा की गई है, जो सबसे अधिक निराश है। बजट पर सवाल उठाते हुए कहा कि 2030 तक राज्य की अर्थव्यवस्था को 10 लाख करोड़ तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है, लेकिन सरकार ने यह नहीं बताया है कि यह लक्ष्य कैसे हासिल किया जाएगा, रघुवर दास ने यह भी पूछा है कि क्या झारखंड सरकार 15 प्रतिशत के दर से विकास दर प्राप्त करने में सफल होगी, इस बजट से किसान और ग्रामीण सबसे अधिक निराश हुए हैं, क्योंकि किसानों की ऋण माफी पर सरकार चुप है।

## आने वाले सालों में 20 हजार करोड़ रुपये का निवेश लाने का लक्ष्य

रांची। सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) को बढ़ावा देने के लिए अबुआ बजट में 486 करोड़, 31 लाख, 61 हजार रुपये का प्रस्ताव है। वहीं उद्योग विभाग से संबंधित योजनाओं को अमलीजामा पहनाने के लिए 450 करोड़ रुपये का प्रस्ताव रखा है। विभिन्न औद्योगिक नीतियों के तहत आने वाले सालों में 20 हजार करोड़ रुपये का निवेश लाने का लक्ष्य है।

**फैक्ट फाइल :** इससे राज्य के करीब 15,000 लोगों को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिलने की संभावना है। तसर रेशम के उत्पादन लक्ष्य को बढ़ाने के लिए प्रस्ताव है। झारखंड को तसर रेशम के उत्पादन में देशभर में अव्वल बनाने का लक्ष्य है।

सिंगल विंडो व्यवस्था के माध्यम से निवेशकों को सुविधा प्रदान करने के लिए प्रस्ताव है।

और एमएसएमई निदेशालय या एमएसएमई सेल का गठन प्रस्तावित है।

## विरोधाभासी लगता है यह बजट : सरयू राय

रांची। झारखंड के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर द्वार सोमवार को विधानसभा में पेश वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय ने कहा कि बीते पांच वर्षों में जिस तरीके का बजट पेश होता आया है, यह वैसा ही बजट है। इसे बेहद सामान्य बजट कह सकते हैं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने 450 रुपये में सिलेंडर देने का चुनावी वादा किया था, जिसका कोई जिक्र बजट में नहीं है। बजट का आकार कृत्रिम रूप से तो बढ़ा दिया गया है, लेकिन मुझे नहीं लगता कि साल भर में सरकार 75 से 80 प्रतिशत धन राशि भी खर्च कर पाएगी। 50 साल से ऊपर के जो लोग हैं, उनकी पेंशन की स्थिति क्या है, वह सर्वज्ञात है। मंईयां सम्मान योजना पर जोर दिया गया है।

## बजट में गांव, गरीब, किसान, नौजवान और महिला उत्थान पर जोर : शिल्पी नेहा

खबर मन्त्र ब्यूरो



रांची। झारखंड की कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने अबुआ बजट को गांव, गरीब, किसान, नौजवान और महिलाओं के उत्थान का बजट बताया है। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार के इस बजट में गांवों के आर्थिक विकास, आधारभूत संरचना, शिक्षा, स्वास्थ्य और पर्यटन को प्राथमिकता दी गई है। सरकार किसानों की समृद्धि, कृषि के आधुनिकीकरण और युवाओं को रोजगार देने के लिए प्रतिबद्ध है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में राज्य का आर्थिक विकास दर 7.5% रहने का अनुमान है।

### कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता के क्षेत्र में प्रमुख बजटीय प्रावधान

- बीज वितरण योजना : 3.83 लाख किसानों को लाभ, 95 करोड़ रु.।
- मृदा एवं जल संरक्षण : 1200 तालाबों के गहरीकरण हेतु 203.40 करोड़ रु. का प्रस्ताव।
- कृषि यंत्र वितरण : 8400 लाभुकों को मिनी ट्रैक्टर, पावर टीलर आदि, 140 करोड़ रु. का बजट।
- मिलेट मिशन : 1 लाख किसानों को अनुदान, 24.50 करोड़ रुपये का बजट।
- राज्य उद्यान विकास योजना : सब्जी, फूल खेती, मधुमक्खी पालन हेतु 304.85 करोड़ रुपये का बजट।
- मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना : 79 हजार लाभुकों को 255 करोड़ रुपये का बजटीय प्रावधान।
- दुग्ध उत्पादन : 38 लाख 1 हजार मीट्रिक टन का लक्ष्य, डेयरी विकास योजना लागू।
- बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना : 350 करोड़ रुपये का प्रावधान।
- सहकारी संस्थाओं का विस्तार : जिला स्तरीय सहकारी संघ के लिए 24 करोड़ रुपये का बजट।
- गोदाम निमार्ण : किसानों की उपज भंडारण के लिए 118 नए गोदाम, 259.52 करोड़ रुपये का बजटीय उपबंध।
- मत्स्य पालन प्रोत्साहन : 4.10 लाख मीट्रिक टन मछली उत्पादन का लक्ष्य।

## झारखंड में विकास के नये कीर्तिमान स्थापित किये जायेंगे : बन्ना

रांची। राज्य के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि राज्य की गठबंधन सरकार ने 1 लाख 45 हजार 400 करोड़ रुपये का दूरदर्शी एवं जनहित को ध्यान में रखते हुए बजट पेश किया है। यह बजट पिछले वित्तीय वर्ष से 13% अधिक है। यह दशार्ता है कि हेमंत सरकार पार्ट 2 का मकसद सिर्फ सरकार चलाना नहीं, अपितु जनता तक चल कर सरकारी सुविधा और लोक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। यह बजट एक तरफ झारखंड की सामाजिक कल्याण व्यवस्था को मजबूती देने के साथ-साथ युवाओं को रोजगार, किसानों को कृषि सहायता और मजदूरों के सशक्तिकरण का रोडमैप तैयार करेगा।

**Jharkhand State Higher Education Council**
**(Department of Higher and Technical Education)**
Room No. 327, Yojana Bhawan, Nepal House Campus, Doranda, Ranchi- 834002
email: jshecjharkhand@gmail.com: | website: https://jshec.jharkhand.gov.in

Advertisement No.: -121 Dated: - 28.02.2025

**Deputation Notice**

The Jharkhand State Higher Education Council (JSHEC), Department of Higher & Technical Education is looking for the service of suitable officers for the appointment of Deputy Director, State Project Directorate on a deputation for the implementation of Centrally Sponsored Scheme Pradhan Mantri Uchchatar Shiksha Abhiyan (PM-USHA) earlier known as Rashtriya Uchchatar Shiksha Abhiyan (RUSA) and providing support to the State Project Directorate of Jharkhand State Higher Education Council (JSHEC) in formulation and monitoring of different activities of the Government concerning to improve Quality, Access and Equity in Higher Education Institutions.

Applications are invited from eligible candidates in the prescribed format for rendering services to the positions as detailed and described below:-

| Sl. No. | Name of the Post | No. of Post | Mode of Service | Qualification & Experience |
|---|---|---|---|---|
| A | B | C | D | E |
| 1. | Deputy Director | 01 (One) | On Deputation for 3 years | Teacher of University/Officer of State Education Service having 07 years of Teaching/Administrative Experience and having knowledge of RUSA, NAAC Accreditation Process, AISHE with **PB-III 15600-39100 GP 6000** |

1. **Qualification and Experience:**
   - As per column- 'E' of the table indicated above.
2. **Mode of Recruitment:**
   - Based on the Interview.
3. **Terms of Engagement:**
   a) For the posts mentioned above the deputation period will be of 03 years from the date of appointment. However, deputation may be extended based on satisfactory performance.
   b) During the deputation period, salary etc. will be provided by the parent organisation.
4. **Mode of Application:**
   a) Interested candidates may apply in the prescribed application format (available on http://jshec.jharkhand.gov.in) along with all required certificates. The applications could be sent by email to jharkhandrusa@gmail.com or by Registered Post at the office address mentioned below no later than **17.03.2025**.

**Office Address:** - The Director, Higher Education-cum-State Project, 3rd Floor, Yojana Bhawan (Nepal House Campus), Doranda, Ranchi, Jharkhand- 834002

- All self-certified supporting documents in terms of qualifications, Work Experience etc. must be attached along with the application.
- The list of shortlisted candidates will be uploaded on the website https://jshec.jharkhand.gov.in.
- The shortlisted candidates would be called for personal interview in Ranchi. The date and time shall be separately communicated through email.
- No claim shall be admissible in the case of transport and logistics.
- The Department reserves the right to cancel or postpone the recruitment at any time.

Encl: Application Format

Sd/-
(Ramniwas Yadav)
Director, Higher Education-cum-State Project Directorate

PR 347647 Higher Education,Technical Education and Skill Development Department(24-25)#D

## इरफान का निशिकांत तंज, कैलिफोर्निया का सांसद बनने की सलाह

रांची। राज्य के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने बीजेपी सांसद निशिकांत दुबे के उस बयान पर आपत्ति जतायी है, जिसमें उन्होंने झारखंड को इस्लामिक राज्य घोषित करने की बात कही थी। इरफान अंसारी ने कहा कि निशिकांत दुबे विद्वान आदमी हैं, लेकिन उन्हें भारत नहीं बल्कि कैलिफोर्निया का सांसद बनना चाहिये।

**रमजान के दौरान विशेष अनुमति :** झारखंड सरकार ने रमजान के दौरान मुस्लिम कर्मचारियों को विशेष अनुमति प्रदान की है। हरेक दिन शाम 4 बजे से कार्यालय छोड़ने की अनुमति दी गयी है। साथ ही प्रत्येक शुक्रवार को नमाज के लिए दिन के 12 बजे से 2 बजे तक कार्यालय छोड़ने की विशेष अनुमति प्रदान की गयी है।

## युवा-किसानों के सपने को चकनाचूर करने वाला बजट : अमित मंडल




### भाजपा के पूर्व विधायक अमित मंडल ने अबुआ बजट की आलोचना की

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अमित मंडल ने कहा है कि अबुआ बजट में युवाओं-किसानों के लिये कुछ भी नहीं है। श्री मंडल सोमवार को पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने युवाओं-किसानों के सपने को चकनाचूर कर दिया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार को सीएजी द्वारा उठाये मामले में 19132 हजार करोड़ का जवाब देना चाहिये। उन्होंने कहा कि बकाये 1.36 लाख करोड़ का राज्य सरकार रोना बंद करे। उन्होंने कहा कि सच्चाई ये भी है कि झारखंड कोयला प्रोडक्शन में तीसरे स्थान पर है, बावजूद झारखंड को मिलने वाला राजस्व सर्वाधिक 22 प्रतिशत है। उन्होंने कहा कि झारखंड के जीडीपी में सेकेंडरी सेक्टर का योगदान सर्वाधिक है। केंद्र की योजनायें इसमें समाहित है। उन्होंने कहा कि सात गारंटी में कोई गारंटी सरकार पूरा नहीं कर पाई है। ना धान क्रय में 3200 रुपये एमएसपी मिला, ना 450 रुपये में सिलिंडर मिली, ना 7 किलो अनाज मिला और ना ही हर जिले में मेडिकल और इंजीनियरिंग कॉलेज खोलने की बात हुई। उन्होंने कहा कि राजस्व खर्च सरकार ने 20.1 प्रतिशत पिछले बजट की तुलना में बढ़ाया, वही पूंजीगत खर्च मात्रा 7.81 प्रतिशत ही बढ़ा। उन्होंने कहा कि सरकार भविष्य में इंफ्रास्ट्र^र का निर्माण नहीं कर पायेगी। राजस्व खर्च को पूरा करने के लिये और अधिक कर्ज लेगी, जो राज्य के अर्थव्यवस्था के हित में ठीक नहीं होगा। उन्होंने कहा कि सरकार बजट की राशि को खर्च करने के बजाये सरेंडर करवा रही है। इससे सरकार को योजनाओं को धरातल पर उतरने में रूचि नहीं दिख रही है। उन्होंने कहा कि मईयां सम्मान की राशि 13000 करोड़ भी कम है।

## खबर एक नजर में

### झारखंड सरकार का बजट जनता की आशाओं और सपनों के अनुरूप : केशव महतो कमलेश



रांची। झारखंड सरकार द्वारा 1,45,400 करोड रुपए का पेश बजट झारखंड के लोगों के आशाओं और सपनों के अनुरूप है। यह अबुआ बजट है,इसमें समाज के सभी वर्गों को शामिल करके सरकार ने अपने दूरदर्शी सोच को दशार्या है। इस अबुआ बजट को बनाने में झारखंड की जनता ने अपना विचार सरकार के समक्ष रखा था, यह जनता का बजट है। बजट पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में लगभग 13% अधिक का बजट निश्चित रूप से राज्य के विकास की गति को तेज रखेगा। बगैर कोई अतिरिक्त कर लगाए राज्य की आमदनी और खर्च का वित्तीय संतुलन बजट में साफ दिख रहा है। बजट में स्थापना एवं योजना व्यय का 37:63 का अनुपात ही साफ है कि विकास कार्यों को सरकार प्राथमिकता दे रही है।

### हर क्षेत्र एवं हर वर्ग के लिए संुलित बजट : राकेश

रांची। प्रदेश मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने कहा कि बजट में किसानों महिलाओं युवाओं छात्रों के भविष्य को आधार बनाया गया है। आने वाला समय झारखंड के सुनहरे भविष्य का है। वर्तमान में चल रही योजनाओं के आकार को बढ़ाने के साथ सरकार ने नई योजनाओं को प्रारंभ करने की घोषणा की है। बजट के विकासपरक योजनाओं के धरातल पर उतरने से निश्चित रूप से विकास की गति तेज होगी। बजट में हर क्षेत्र के विकास का आपसी संतुलन बनाया गया है ताकि कोई भी क्षेत्र विकास के कदमों से अछूता ना रहे।

### महिलाओं को आर्थिक रूप से सबल बनाने का बजट : सतीश पॉल मुजनी

रांची। मीडिया चेयरमैन सतीश पॉल मुजनी ने कहा कि झारखंड सरकार के बजट आकार के बराबर की राशि केंद्र के पास बकाया है। जब अबुआ बजट में सरकार अपने संसाधनों के आधार पर जनकल्याण इतनी योजनाएं ला सकती हैं तो केंद्रांश सही समय पर मिलने से झारखंड अन्य राज्यों की तुलना में तीव्रतर विकास दर हासिल करेगी। बजट में मईया सम्मान योजना के लिए 13000 करोड रुपए का प्रावधान किया जाना यह साबित करता है कि सरकार महिलाओं को आर्थिक रूप से सबल बनाने हेतु कितनी सजग है।

### जनता से संकल्पित वादों को पूरा करने का श्वेत पत्र है बजट : सोनाल शांति



रांची। झारखंड सरकार द्वारा पेश बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने कहा कि जनता से संकल्पित वादों को पूरा करने का श्वेत पत्र है यह बजट। आगामी एक वर्षों का सरकार का संकल्पित कैलेंडर पूर्ण कार्य योजना के साथ अबूआ बजट आया है। अबुआ बजट जनता की उम्मीदों,आकांक्षाओं और उनके उत्थान से जुड़ी हुई है।उन्होंने कहा है कि 5 वर्ष पूर्व महागठबंधन की सरकार ने जब कार्यकाल संभाला था उस वक्त आर्थिक विकास दर 1.1% प्रतिशत थी परंतु सरकार के विकास नीति और पूंजीगत व्यय में सुधार से आज विकास दर है 7.50 प्रतिशत है जिसका आगे भी स्थिर रहने का अनुमान बजट में है। बजट में पूर्व से चल रही योजनाओं के आकार और क्षेत्र में वृद्धि की गई है। लोक हित का लोकप्रिय बजट है।

### अपनी घोषणा भी भूली सरकार और गरीब गुरबों को भी : डॉ लम्बोदर महतो



रांची। आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव व पूर्व विधायक डॉ लंबोदर महतो ने हेमंत सोरेन की गठबंधन सरकार द्वारा वित्त वर्ष 2025-26 के लिए झारखंड विधानसभा में पेश किए गए बजट पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि बजट न तो झारखंड को आत्मनिर्भर बनाने वाला है और ना ही विकसित बनाने वाला है। यह बजट पूरी तरह से निरर्थक है। बजट में न तो सरकार की जन कल्याणकारी सोच दिखती है और न ही पलायन को रोकने के लिए रोजगार के अवसर। राजकोषीय घाटा बढ़ता जा रहा है, इसको लेकर बजट में थोड़ी भी चिंता व्यक्त नहीं की गई है। झारखंड जंगल झाड़ का क्षेत्र है मगर इसकी उपेक्षा की गयी है।

### हेमंत सरकार की बजट जनभावनाओं के अनुरूप : सुप्रीयो भट्टाचार्य



रांची। झामुमो के महासचिव सुप्रीयो भट्टाचार्य ने बजट को जनभावनाओं के अनुरूप बताया। उन्होंने सोमवार को प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि राज्य की जनता ने 2024 में मजबूत सरकार बनाया। हमने जो चुनाव में घोषणाएं की थी, उसे धरातल पर उतारने की कोशिश शुरू कर दी है। मईंया योजना के लिए एक बड़ी राशि का प्रावधान बजट में किया गया। हमारी सरकार की थ्री डी बजट है। मतलब हमारा राज्य खुशहाल झारखंड, विकसित झारखंड और समृद्ध झारखंड बनेगा। सरकार ने सामाजिक सुरक्षा, शिक्षा, रोजगार और स्वास्थ्य पर जोर दिया है। इसके अलावा कृषि, किसानों की भलाई में उनके फसल को मंडी देना, विपणन और बीज का समवर्द्धन तक का ध्यान रखा है। छोटे और लघु उद्योगों को बढ़ावा दिया गया है। एक लाख 24 हजार 400 करोड़ का बजट एक बड़ा आकार है। इसमें सभी जरूरतों को समयोजित किया गया है। बच्चों की पढ़ाई गुणवत्ता पूर्ण देने की है, ताकि राज्य के साथ साथ पूर्वोतर राज्यों के विद्यार्थी में भी यहां आयें। न सिर्फ शैक्षणिक बल्कि कौशल विकास पर भी जोर है।

### केंद्र पर 1.36 लाख करोड़ के बकाये को लेकर सदन गरमाया, विधानसभा में सरयू राय ने उठाया सवाल



रांची। जदयू विधायक सरयू राय ने अल्पसूचित प्रश्न के माध्मय से केंद्र सरकार पर राज्य सरकार का 1.36 लाख करोड़ रुपये बकाये का मामला उठाया। उन्होंने कहा कि सत्ता पक्ष की ओर से इस संबंध में लगातार बयान दिया जाता रहा है। इस पर प्रभारी मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार की ओर से बकाये की गणना के लिये कमेटी का गठन किया गया है। उन्होंने कहा कि सूद समेत केंद्र सरकार से बकाये का भुगतान करवाया जायेगा। इसी सवाल पर वित्तमंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि झारखंड अपने अधिकार को लेना जानता है। उन्होंने केंद्रीय कोयला मंत्री के साथ बातचीत का ब्यौरा भी दिया। मंत्री और विधायक सरयू राय के बीच कई मिनटों पर सवाल.जवाब का सिलसिला चलता रहा। ताकि बकाये के भुगतान को लेकर जरूरी कार्रवाई शुरू की जा सके।

### दूरदर्शिता का अभाव, मइंया योजना में सिमट गया बजट : जयप्रकाश जनता दल

रांची। जयप्रकाश जनता दल के राष्ट्रीय सचिव पंकज मिश्र ने कहा कि हेमंत सोरेन बेकार का बजट का नाम अबुआ बजट कह रहे हैं, दरअसल यह तो बबुआ बजट है। जैसे बच्चों को फुसलाकर के लिए हाथों में खिलौना थमा दिया जाता वैसे बजट के नाम पर बस खानापूर्ति की गयी है। समतामूलक समाज की स्थापना कैसे हो, इस बजट में ऐसा कुछ नजर नहीं आता। सरकार सिर्फ भाषणों में ही विकास की बात कहती है। जबकि वास्तविकता इत्र है।

### प्रारंभिक शिक्षा पर विशेष फोकस नहीं किया गया : नसीम

रांची। अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के मुख्य प्रवक्ता नसीम अहमद ने कहा कि आम बजट में प्रारंभिक शिक्षा पर विशेष फोकस नहीं किया गया है। जो पहले से चला आ रहा है, उसे आंकड़ों को मिलाकर प्रस्तुत किया गया है, क्योंकि प्राथमिक शिक्षा में शिक्षकों की घोर कमी सहित विद्यालय को संसाधन युक्त की घोर कमी है। विद्यालय में पानी शौचालय जैसी मूलभूत सुविधा आज भी कमी है। शिक्षा पर बजट की राशि को बढ़ाना चाहिये।

## झारखंड के बजट पर प्रतिक्रिया

### यह निराशाजनक बजट : सुदेश महतो



**रांची।** मुख्यमंत्री के वक्तव्य में जो बजट झलक रहा है, वह कहीं-कहीं गठबंधन सरकार की राजनीतिक मजबूरियों का प्रतीक लगता है। यह बजट राज्य की जनता की आकांक्षाओं के अनुरूप नहीं है। इस बजट में न तो नौकरियों का कोई ठोस प्रावधान दिखता है, न ही रोजगार सृजन की कोई योजना। झारखंड, जो लेबर सप्लाई के मामले में अग्रणी राज्य माना जाता है, उसकी इस पहचान मिटाने का कोई प्रतिबिंब इस बजट में नहीं दिखाई देता। वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर द्वारा आज पेश किए गए 1.45 लाख करोड़ रुपये के बजट (2025-26) में 'स्वाभिमान', 'स्वावलंबी विकास', 'नौकरी नीति' और 'युवा नियोजन' जैसे शब्दों का इस्तेमाल तो हुआ है, पर ये महज दिखावे या खानापूर्ति लगते हैं।

### बजट जन कल्याणकारी एवं लाभार्थी योजना से परिपूर्ण : कैलाश यादव



**रांची।** प्रदेश राजद महासचिव सह मीडिया प्रभारी कैलाश यादव ने वित्तमंत्री राधाकृष्ण किशोर द्वारा सदन में पेश 1,45,400 करोड़ रुपये का बजट राज्यहित में ऐतिहासिक कदम है। उन्होंने कहा है कि बजट में वित्तमंत्री ने विकास दर में बढ़ावा के लिए सभी विभागों को प्राथमिकता दिया है। कैलाश यादव ने कहा है कि बजट में मंईयां सम्मान योजना के अलावा ग्रामीण विकास, खेलकूद, सामान्य क्षेत्र, सामाजिक क्षेत्र एवं आर्थिक क्षेत्र में काफी जोर दिया गया है। निश्चित रूप से यह बजट जन कल्याणकरी व लाभार्थी योजनाओं से परिपूर्ण है। निसंदेह आगामी दिनों में राज्य का विकास दर तेजी से बढ़ेगा।

### सभी वर्गों के विकास वाला बजट : डॉ गुप्ता



**रांची।** झारखंड विधानसभा में वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर द्वारा पेश बजट को कांग्रेस नेता डॉ राजेश गुप्ता ने समाज के सभी वर्गों के विकास वाला बजट बताया है। उन्होंने कहा कि वित्त मंत्री ने 1 लाख 45 हजार 400 करोड़ का बजट पेश किया जबकि वित्तीय वर्ष 2024-25 में यह बजट 1,28,900 करोड़ था। उन्होंने कहा कि बजट में राज्य के सभी वर्गों का ख्याल रखा गया है। बजट में मंईयां सम्मान योजना के लिये 13 हजार 363 करोड़ 35 लाख रुपये का फंड और बच्चों से जुड़े करीब 42 योजनाओं के लिये 9411 करोड़ रुपये आवंटित किये गये हैं। इसके अलावा सामाजिक एवं आर्थिक क्षेत्र के लिए भी राशि का प्रावधान किया गया हैं। उन्होंने कहा है कि वित्त मंत्री द्वारा पेश बजट हेमंत सोरेन सरकार के झारखंड और राज्य के लोगों के तेजी से विकास के संकल्प को दर्शाता है।

## खबर एक नजर में

### ध्वनि प्रदूषण पर हाईकोर्ट में सुनवाई पांच को

**रांची।** रांची शहर में ध्वनि प्रदूषण पर रोक लगाने के लिए दायर याचिका पर हाईकोर्ट में पांच मार्च को सुनवाई होगी। सोमवार को इस मामले पर आंशिक सुनवाई के बाद अदालत ने विस्तृत सुनवाई के लिए पांच मार्च की तिथि निर्धारित की है। सिविल सोसाइटी की ओर से दायर इस जनहित याचिका में ध्वनि प्रदूषण के नियमों का पालन नहीं कराये जाने का आरोप लगाया गया है। प्रार्थी का कहना है कि देर रात तक तेज शोर में डीजे और ध्वनि विस्तारक यंत्रों का इस्तेमाल किया जाता है। पुलिस और संबंधित अधिकारियों से शिकायत करने पर कार्रवाई नहीं की जाती है।

### कोर्ट में बयान दर्ज कराने सुदेश महतो तलब

**रांची।** आचार संहिता उल्लंघन से जुड़े छह साल पुराने मामले में आरोपी आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो को अदालत ने बयान दर्ज करने के लिये सशरीर बुलाया है। इसके लिए अदालत ने पांच मार्च की तारीख निर्धारित की है। इससे पूर्व मामले में सोमवार को एमपी-एलएलए के विशेष न्यायाधीश सार्थक शर्मा की अदालत ने गवाही पूरी होने के बाद बयान दर्ज करने की तारीख निर्धारित की है। 7 मई 2018 को कोतवाली थाने में सुदेश महतो के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। सिल्ली उपचुनाव में नामांकन पत्र दाखिल करने में आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने का आरोप है।

### आरोपी की एबीपी खारिज

**रांची।** अपर न्यायायुक्त विशाल श्रीवास्तव की अदालत ने आपराधिक षडयंत्र कर विवेकानंद विद्या मंदिर का खाता अवैध रूप से खोलकर रुपये का गबन एवं जालसाजी मामले के आरोपी जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र निवासी अभय कुमार मिश्रा की अग्रिम जमानत याचिका सुनवाई पश्चात खारिज कर दी है। आरोप है कि रामकृष्ण सेवा संघ के सचिव पद से हटने के बावजूद स्वघोषित सचिव रहते हुए अवैध तरीके से बैंक में खाता खोलवाया और रुपए का गबन किया। इस मामले को लेकर तन्मय मुखर्जी ने चुटिया थाना में 7 जून 2022 को प्राथमिकी दर्ज कराई है। इसी मामले के एक आरोपी राजेश कुमार सिंह को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

### चार्जशीटेड दो आरोपियों की एबीपी खारिज

**रांची।** जेपीएससी प्रथम सिविल सेवा भर्ती घोटाले के चार्जशीटेड दो आरोपियों सुर्दशन मुर्मू एवं स्मृता कुमारी की अग्रिम जमानत याचिका अदालत ने खारिज कर दी है। अदालत ने पिछले दिनों सुनवाई पश्चात आदेश सुरक्षित रख लिया था। वहीं रांची के एसी राम नारायण सिंह, एडीएम विधि-व्यवस्था राजेश्वर नाथ आलोक समेत 11 आरोपियों की ओर से दाखिल अग्रिम जमानत याचिका पर सीबीआई के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में सुनवाई हुई। इसमें से पांच आरोपियों राजेश्वर नाथ आलोक, पूनम कच्छप, अनिल कुमार यादव, डॉ समृता कुमारी, डॉ सिकरादास तिर्की की याचिका पर सुनवाई पूरी होने के बाद आदेश सुरक्षित रख लिया। अदालत अपना सुरक्षित आदेश क्रमश- 5, 11 और 12 मार्च को सुनायेगी।

### नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी को 20 वर्ष कैद

**रांची।** पोक्सो मामले के विशेष न्यायाधीश आसिफ इकबाल की अदालत ने नाबालिग से दुष्कर्म करने के मामले में दोषी करार सिल्ली निवासी उत्तम कुमार महतो को 20 साल की कठोर कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही उस पर 20 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। अदालत ने दुष्कर्म और पोक्सो एक्ट की धारा में दोषी पाकर सजा सुनाई है। अदालत ने अभियुक्त को 21 फरवरी को दोषी करार दिया था। अभियुक्त घटना के बाद से ही जेल में है। घटना को लेकर 25 जुलाई 2021 को सिल्ली थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। अभियुक्त को पुलिस ने 27 जुलाई 2021 को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

### सुरेंद्र बंगाली की याचिका पर सुनवाई एक सप्ताह बाद

**रांची।** कुख्यात अपराधी सुरेंद्र सिंह रौतेला उर्फ सुरेंद्र बंगाली ने सजा माफी मामले में नए तथ्य पेश करने के लिए सोमवार को हाईकोर्ट से समय मांगा। हाईकोर्ट ने आग्रह स्वीकार करते हुए सुनवाई एक सप्ताह के लिए स्थगित कर दी। बंगाली ने राज्य सजा पुनरीक्षण बोर्ड से 2023 और 2024 में आवेदन को खारिज करने के खिलाफ याचिका दायर की है। शीर्ष कोर्ट के 2024 के जोसेफ बनाम स्टेट ऑफ केरल एवं अन्य का हवाला देते हुए कोर्ट से बंगाली के प्रीमेच्योर रिलीज का आग्रह किया गया है।

### आलमगीर और संजीव की बेल पर सुनवाई 7 मार्च को

**रांची।** टेंडर घोटाला के जरिये मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपी पूर्व मंत्री आलमगीर आलम और उनके ओएसडी संजीव लाल की जमानत याचिका पर अब हाईकोर्ट में 7 मार्च को सुनवाई होगी। दोनों आरोपियों की जमानत याचिका हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की कोर्ट में सुनवाई के लिए सूचीबद्ध है। बता दें कि आलमगीर आलम और संजीव लाल दोनों आरोपियों को रांची पीएमएलए की विशेष कोर्ट ने बेल देने से इनकार कर दिया था।

## झारखण्ड बजट पर फेड्रेशन ऑफ झारखण्ड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की राय

# सिंगल विंडो सिस्टम की समय-समय पर समीक्षा अच्छी सोच : चैंबर अध्यक्ष








**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड के लोगों के लिए सोमवार का दिन बेहद खास रहा। इस पर बजट पर झारखण्ड चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष परेश गट्टानी ने कहा कि सरकार ने उन छोटे-छोटे कारणों जिससे उद्योगों की स्थापना में दिक्कतें आ रही हैं उसे कुछ हद तक चिन्हित करने की कोशिश बजट के माध्यम से की है। सिंगल विंडो सिस्टम की समय समय पर समीक्षा, यह अच्छी सोच है क्योंकि वर्तमान में चल रहा सिंगल विंडो सिस्टम होना न होना बराबर है। सरकार ने बजट के माध्यम से आगामी वर्ष में 20 हजार करोड़ रूपये के निवेश की बात कही है, यह स्वागतयोग्य है। वित मंत्री ने राज्य के प्रमुख औद्योगिक क्षेत्रों में इंफ्रास्ट्रक्चर से संबंधित योजनाएं कार्यान्वित करने की प्रतिबद्धता दिखाई है। यह होना ही चाहिए क्योंकि वर्तमान में औद्योगिक क्षेत्र में आधारभूत संरचना को अभाव है। औद्योगिक क्षेत्रों को मॉडल क्षेत्र के रूप में विकसित करने की पहल होनी चाहिए ताकि नये निवेशक इससे संतुष्ट हो सकें। बजट में इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट, टूरिज्म डेवलपमेंट पर विशेष फोकस संतोषजनक है। झारखंड स्टूडेंट रिसर्च इनोवेशन पॉलिसी लागू करने का प्रस्ताव सराहनीय है। पॉलिसी प्रभावी होने से प्रदेश के युवाओं को शोध और नवाचार के क्षेत्र में अवसर मिलेंगे।

### राज्य की अर्थव्यवस्था को 10 लाख करोड़ तक ले जाने की सोच अच्छी: ज्योति कुमारी

झारखण्ड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की उपाध्यक्ष ज्योति कुमारी ने कहा कि कक्षा 8 से 12 तक की छात्राओं को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए 310 करोड़ आवंटित किए गए हैं। राज्य के 34,847 प्राथमिक विद्यालयों के विकास पर विशेष ध्यान दिया गया है। हेमंत सोरेन सरकार ने 2030 तक राज्य की अर्थव्यवस्था को 10 लाख करोड़ रुपये तक ले जाने का लक्ष्य रखा है। झारखंड में पर्यटन को बढ़ावा देने और कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए, सरकार हेली-शटल सेवाओं को लागू करने की योजना बना रही है। ये सिंगल विंडो सिस्टम की समय समय पर समीक्षा, यह अच्छी सोच है।

### सरकार ने बजट में इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट पर दिया है विशेष जोर : आदित्य मल्होत्रा

झारखण्ड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के महासचिव आदित्य मल्होत्रा ने कहा कि सर्वसमावेशी बजट है। सोशल सेक्टर में सबसे अधिक फंड का एलोकेट किया गया है। सरकार ने बजट में इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेन्ट पर जोर दिया है। राज्य में बिना कोई नया टैक्स लगाये राजस्व बढाने के उपायों पर सरकार का फोकस स्वागतयोग्य है। राज्य में स्टेट टेक्नोलॉजी पार्क, स्टेट रिसर्च पार्क, जे-हब की स्थापना, इनोवेषन का केंद्र बनेंगे। हमें खुशी है कि राज्य में पर्यटन की संभावनाओं को देखते हुए सरकार ने कई प्रमंडलों में टूरिस्ट सर्किट की योजना और सिंगल विंडो को कारगर बनाने की हमारी मांग को प्राथमिकता दी है। राज्य के श्रमिकों को राज्य में ही रोजगार उपलब्ध कराने की सरकार की योजना का हम स्वागत करते हैं। राज्य में 20 हजार करोड़ का निवेष लाने की बात सरकार ने कही है, हम इस पहल के लिए सरकार का अभिनंदन करते हैं।

### सोशल सिक्योरिटी के क्षेत्र में पर्याप्त बजटीय राशि का आवंटन स्वागतयोग्य : कुणाल अजमानी

झारखण्ड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के पूर्व अध्यक्ष कुणाल अजमानी ने कहा कि बजट के माध्यम से सरकार ने सोशल सिक्योरिटी के क्षेत्र में पर्याप्त बजटीय राशि का आवंटन किया है, यह स्वागतयोग्य है। उद्योगों के विकास हेतु लगभग 487 करोड का आवंटन पर्याप्त नहीं है, इसमें बढोत्तरी होनी चाहिए थी। सरकार ने औद्योगिक क्षेत्र में इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट की बात कही है किंतु आज जियाडा के पास न तो लैंड बैंक है न कोई नया डेवलपमेंट प्लान है। जियाडा द्वारा भूखंड आवंटित करने के बाद भी वर्षों तक उद्यमियों को पोजेशन नहीं मिल पाता। इन चीजों की समीक्षा करने की आवश्यकता है। ताकि राज्य में निवेश की संभावनाओं को गति मिल सके। झारखंड स्टूडेंट रिसर्च इनोवेशन पॉलिसी लागू करने का प्रस्ताव सराहनीय है। पॉलिसी प्रभावी होने से प्रदेश के युवाओं को शोध और नवाचार के क्षेत्र में अवसर मिलेंगे। टूरिज्म सेक्टर के क्षेत्र में बजटीय प्रावधान स्वागतयोग्य हैं। इससे रोजगार के नये अवसरों का सृजन होगा। स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में बजटीय उपबंध बढ़ाने की आवष्यकता थी। सरकार को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि बजट में प्रावधानित योजनाओं का क्रियान्वयन समयपूर्वक हो सके।

**स्वागत योग्य बजट : विनय अग्रवाल**

झारखण्ड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के पूर्व अध्यक्ष विनय अग्रवाल ने बजट का स्वागत करते हुए कहा कि पर्यटन की असीम संभावनाओं को देखते हुए बजटीय उपबंध से राज्य में टूरिज्म सेक्टर को बूस्ट मिलेगा। स्किल यूनिवर्सिटी और फिन-टेक यूनिवर्सिटी की स्थापना से राज्य में व्यवसायिक शिक्षा को बढावा मिलेगा। राज्य में व्यापार उद्योग आयोग का गठन हमारी पुरानी मांग थी, सरकार को इसपर पहल करनी चाहिए।

**श्रमिकों को राज्य में ही रोजगार मिले, इसकी चिंता सरकार ने की : अमित शर्मा**

झारखण्ड चैंबर के कार्यकारिणी सदस्य अमित शर्मा ने कहा कि राज्य में नए निवेश, रोजगार सृजन और ग्रामीण क्षेत्र के विकास हेतु वित्त मंत्री द्वारा प्रस्तावित बजटीय उपबंध स्वागतयोग्य है। राज्य के श्रमिकों को राज्य में ही रोजगार मिले, इसकी चिंता सरकार ने की है। यह अच्छी पहल है।

**जे-हब तथा स्टेट टेक्नोलॉजी पार्क की स्थापना स्वागतयोग्य : नवजोत अलंग**

झारखण्ड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के सह सचिव नवजोत अलंग ने कहा कि स्वागतयोग्य बजट है। बजट में शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, औद्योगिकीकरण का समावेश है। उद्यमियों के लिए एमएसएमई सेल, औद्योगिक क्षेत्रों का विकास, इनोवेशन को बढ़ावा देने के लिए जे-हब तथा स्टेट टेक्नोलॉजी पार्क की स्थापना स्वागतयोग्य है। पर्यटन स्थलों का टूरिस्ट सर्किट बनने और राज्य में 20 हजार करोड़ के निवेष की स्थापना से रोजगार के नये अवसरों का सृजन संभव होगा।

## बजट में किसानों के लिए खोला खजाना

### मिलेट मिशन योजना के तहत 1 लाख लोगों को मिलेगा अनुदान

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड सरकार मिलेट मिशन योजना के तहत 1 लाख किसानों को अनुदान देगी। राधा कृष्ण किशोर ने अपने बजट भाषण के दौरान सदन में ये बातें कही है। इसके साथ ही युवाओं को मछली पालन के जरिये स्वरोजगार से जोड़ने की तैयारी में है। बजट में किसानों के लिए खजाना खोल दिया है। कृषि विभाग के लिए हेमंत सोरेन सरकार ने 4 हजार 587 करोड़ 66 लाख 24 हजार रुपये प्रस्तावित किया है। सबसे बड़ी घोषणा झारखंड मिलेट मिशन पर हुई है। इसके तहत वित्तीय वर्ष 2025.26 में 1 लाख किसानों को अनुदान दिया जाएगा। साथ ही युवाओं को मछली पालन की



विधाओं में सहायता प्रदान कर स्वराजगार से जोड़ने की तैयारी में है। इसके लिए 4 लाख 10 हजार मीट्रिक टन मछली उत्पादन कराने की योजना है।

**लैंप्स और पैक्स के लिए 118 गोदामों का होगा निर्माण :** वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने सदन में बताया कि लैंप्स और पैक्स के लिए साल 2025.26 में 118 गोदोमों का निर्माण होगा। इसके लिए 259 करोड़ 52 लाख रुपये का बजट तैयार किया गया है।

**मुख्यमंत्री पशुधन योजना के लिए 255 करोड़ रुपये :** मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत 79 हजार लाभुकों के लिए 255 करोड़ रुपये का बजट तय किया गया है। इसके अलावा दूध उत्पादन के लिए इस वित्तीय वर्ष में 38 लाख 1 हजार मीट्रिक टन लक्ष्य रखा गया है। साथ ही झारखंड डेवलपमेंट प्लान के क्रियान्वयन का प्रस्ताव तैयार किया गया है। कृषि यंत्र वितरण योजना के अंतर्गत मिनी ट्रैक्टर, पावर टीलर, पंप सेट का वितरण के लिए 140 करोड़ रुपये का बजट प्रस्तावित किया गया है। 8400 लाभुकों को इसका लाभ दिया जाएगा। बिरसा बीज उत्पादन विनिमय वितरण और फसल विस्तार योजना के लिए 95 करोड़ रुपये खर्च करने का बजट तैयार किया है।

### शिक्षा को बढ़ावा देने वाला बजट: आलोक

**रांची।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता आलोक कुमार दूबे ने झारखंड सरकार द्वारा सदन में पेश बजट को दूरदर्शी और जनहितकारी बताया है। उन्होंने कहा कि यह बजट झारखंड में शिक्षा की आधारभूत संरचना में क्रांतिकारी बदलाव लाने वाला है। जमशेदपुर, गुमला और साहिबगंज में नए विश्वविद्यालयों की स्थापना के लिए विशेष धनराशि आवंटित की गई है, जिससे उच्च शिक्षा के क्षेत्र में झारखंड को नई पहचान मिलेगी। जमशेदपुर, पलामू, रांची, धनबाद और देवघर में व्यावसायिक शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए स्कूल ऑफ बिजनेस और मास कम्युनिकेशन संस्थानों की स्थापना की जाएगी। यह प्रावधान राज्य के युवाओं को आधुनिक शिक्षा प्रणाली से जोड़कर उन्हें राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाएगा।

## अपने विधानसभा क्षेत्र की भौगोलिक संरचना से करायें अवगतः मुख्यमंत्री

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** विधानसभा के बजट सत्र के पांचवें दिन संजय कुमार सिंह यादव ने हुसैनाबाद अनुमंडल के अधीन रामबांध को मोहम्मदगंज प्रखंड से हटाकर हैदर नगर प्रखंड में शामिल करने की मांग की। वहीं, देंवेंद्र कुंवर ने नोनीहाट को प्रखंड का दर्जा देने की मांग की। इस पर सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि प्रखंड व पंचायतों के प्रति राज्य सरकार गंभीर है। उन्होंने सभी सदस्यों से कहा कि चलते सत्र में ही अपने विधानसभा क्षेत्र की भौगोलिक संरचनाओं को ध्यान में रखते हुये अपने विषय से सरकार को अवगत करायें। इस पर निर्णय लिया जायेगा। इसके पहले अरूप चटर्जी ने धनबाद में हवलदार और आरक्षी नियुक्ति का मामला उठाया। इस पर मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने कहा कि इस रिक्त पदों को शीघ्र भरा जायेगा। प्रक्रिया चल रही है। वहीं, कांग्रेस विधायक रामचंद्र सिंह के सवाल पर मंत्री सुदिव्य सोनू ने कहा कि पलामू के इको सेंसेटिव जोन में पर्यावरण संरक्षण के लिये सरकार चिंतित है। वहीं, स्थानीय लोगों को रोजगार के लिए भारत सरकार से आग्रह किया जायेगा। वहां के स्थानीय लोगों को ही रोजगार दिया जायेगा। उन्होंने यह कहा कि भारत सरकार इको सेंसेटिव जोन की स्थापना करती है।

## छह मार्च को डीजीपी महिलाओं और बच्चों के साथ हो रहे अपराध की करेंगे समीक्षा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** डीजीपी अनुराग गुप्ता अब महिलाओं और बच्चों के साथ हो रहे अपराध की घटनाओं की समीक्षा करेंगे। यह समीक्षा बैठक 6 मार्च को होनी है। इसमें जोनल आईजी, रेंज डीआईजी, एसएसपी और जिले के एसपी शामिल होंगे। वहीं, दूसरी ओर यह भी समीक्षा होगी कि बीएनएस की 61 धाराओं के तहत अब तक महिलाओं और बच्चों के मामलों में क्या कार्रवाई थाना स्तर पर हुई है। इस मामले में लापरवाही बरतने वाले पदाधिकारी के खिलाफ कार्रवाई भी हो सकती है। हालांकि, इस बैठक का मुख्य उद्देशय राज्य में महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अपराधों को लेकर गंभीर कदम उठाना और सभी लंबित मामलों पर शीघ्र कार्रवाई सुनिश्चित करना है।

## आरोपियों के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक

**जेपीएससी नियुक्ति घोटाला**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** प्रथम जेपीएससी नियुक्ति घोटाला में चार्जशीटेड एक दर्जन से ज्यादा आरोपियों को हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। हाईकोर्ट ने रांची सीबीआई की विशेष कोर्ट द्वारा जारी समन पर फिलहाल रोक लगाते हुए हाईकोर्ट का रूख करने वाले आरोपियों के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर अगली सुनवाई तक रोक लगा दी है। इस मामले में अब 16 अप्रैल को सुनवाई होगी।

बता दें कि प्रथम जेपीएससी घोटाला मामले में 21 चार्जशीटेड आरोपियों के खिलाफ सीबीआई ने नन बेलेबल वारंट जारी करने का आग्रह कोर्ट से किया था। सीबीआई की विशेष अदालत से समन जारी होने के बाद खुद या अपने अधिवक्ता के माध्यम से कोर्ट में उपस्थित नहीं होने वाले चार्जशीटेड आरोपियों के खिलाफ वारंट जारी करने की मांग की थी। जिसके खिलाफ हाईकोर्ट की शरण ली गयी है। सीबीआई की विशेष अदालत से समन जारी होने के बाद खुद या अधिवक्ता के माध्यम से कोर्ट में उपस्थित नहीं होने वाले चार्जशीटेड आरोपियों के खिलाफ वारंट जारी करने का आग्रह किया गया था। जिसके खिलाफ हाईकोर्ट की शरण ली गयी है।

## सिरमटोली फ्लाईओवर में रैंप निर्माण के विरोध में आदिवासी संगठन 7 मार्च को करेंगे प्रदर्शन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** सिरम टोली सरना स्थल के सामने बनाए गए रैम्प को लेकर आदिवासी समाज में आक्रोश देखा जा रहा है। सोमवार को विभिन्न आदिवासी संगठनों ने मीडिया को संबोधित किया। इस दौरान, सरना प्रार्थना सभा से राहुल तिर्की ने कहा कि सिरम टोली सरना स्थल के सामने बने रैम्प को हटाने के लिए किसी भी राजनीतिक दल ने विस में आवाज नहीं उठाई, जबकि सिरमटोली सरना स्थल आदिवासियों के लिए एक पवित्र स्थल है। यहां पर वाहनों के आवागमन के लिए रैम्प बनाया गया है, जो पवित्र स्थल को नुकसान पहुंचाने का प्रयास है।

### हरमू रोड से लेकर विधानसभा तक होगा पैदल मार्च : निरंजना हेरेंज

जय आदिवासी केंद्रीय परिषद की अध्यक्ष निरंजना हेरेंज ने कहा कि सिरम टोली सरना स्थल के सामने बनाए गए रैम्प के विरोध में हजारों आदिवासी 7 मार्च को हरमू देशावली (पूजा स्थल) के सामने से विरोध मार्च निकालेंगे, जो विधानसभा तक जाएगा। इस पैदल मार्च में शामिल सभी आदिवासी समाज के लोग पारंपरिक वेशभूषा में होंगे। सामाजिक कार्यकर्ता राजेश लिंडा ने कहा कि रैम्प हटवाने के लिए मंत्री और विधायक केवल आश्वासन दे रहे हैं, जबकि यह धार्मिक स्थल सभी आदिवासी समाज के लिए एक पवित्र स्थल है। आज यहां फ्लाईओवर का काम तेजी से चल रहा है और जब यह रैम्प पूरी तरह से बनकर तैयार हो जाएगा, तो सरना स्थल में आने वाली सरहुल शोभायात्रा संकुचित हो जाएगी। यह पवित्र स्थल सरहुल पर्व के दौरान लाखों सरना धर्मावलंबियों के लिए एक महत्वपूर्ण स्थल है, जहां लोग माथा टेकने के लिए पहुंचते हैं।

### संवैधानिक तरीके से होगा विरोध

भारत आदिवासी पार्टी की महिला अध्यक्ष कुंदरसी मुंडा ने कहा कि फ्लाईओवर के नाम पर पहले ही 10 फीट भूमि अधिग्रहण की जा चुकी है, जिसके कारण यहां मार्ग संकरा हो गया है। 7 मार्च को यह विरोध संवैधानिक तरीके से पैदल मार्च के रूप में निकाला जाएगा।

**सिरम टोली सरना स्थल को खत्म करने के लिए डीपीआर तैयार किया गया : अजय**

सामाजिक कार्यकर्ता अजय टोप्पो ने कहा कि धार्मिक स्थलों के संरक्षण के लिए कानून बनते हैं, लेकिन आज सिरम टोली सरना स्थल की सुरक्षा के लिए बने कानून को नजरअंदाज किया जा रहा है। यहां सरहुल शोभायात्रा को खत्म करने के लिए डीपीआर तैयार किया गया है। सिरम टोली सरना स्थल, सरहुल शोभायात्रा में पांचवें स्थान पर आता है और यहां देश-विदेश से लोग हिस्सा लेने के लिए पहुंचते हैं।

## साहिबगंज जलापूर्ति योजना तीन महीने में हो जायेगी पूरी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** साहिबगंज जलापूर्ति योजना पर सरकार ने सोमवार को हाईकोर्ट में प्रगति रिपोर्ट पेश कर बताया कि पूर्व के ठेकेदार को हटा दिया गया है। शेष कार्य को पूरा करने के लिए नया टेंजर जारी किया गया है। तीन माह में शेष कार्य पूरे कर लिये जाएंगे। सरकार इसकी नियमित मॉनिटरिंग कर रही है। मॉनिटरिंग के लिए चीफ इंजीनियर, एग्जीक्यूटिव इंजीनियर आदि को मिलाकर एक कमेटी बनाई गई है, ताकि निर्धारित तीन माह में शेष कार्य पूरा हो सके। हाईकोर्ट ने राज्य सरकार के जवाब को देखते हुए मामले की अगली सुनवाई जून माह में निर्धारित की है। साहिबगंज में पाइपलाइन जलापूर्ति योजना के शीघ्र चालू करने को लेकर दायर सिद्धेश्वर मंडल ने जनहित याचिका दायर की है। पूर्व की सुनवाई में हाईकोर्ट की खंडपीठ ने साहिबगंज में पाइपलाइन जलापूर्ति योजना पूरी होने में देरी के लिए जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश राज्य सरकार को दिया था। खंडपीठ ने मौखिक कहा था कि चाहे एग्जीक्यूटिव इंजीनियर हों या चीफ इंजीनियर या इंजीनियर इनचीफ या फिर ठेकेदार हों, जिनके कारण साहिबगंज में जलापूर्ति योजना पूरी नहीं हो पाई है, उन पर कार्रवाई करें। कोर्ट ने मौखिक कहा था कि पानी लोगों की मूलभूत जरूरत होती है। इसके बिना सामाजिक दायित्व पूरा होना असंभव है। गुड गवर्नेंस के तहत सरकार को प्राथमिकता के आधार पर साहिबगंज हो या पाकुड़ हो या मेदनीनगर हो, यहां के लोगों को पेयजल उपलब्ध कराना होगा।

## आरटीइ के तहत नामांकन के लिए रांची जिला के 121 स्कूल पंजीकृत, उपायुक्त ने कहा

# नियमों का अनुपालन नहीं करनेवाले स्कूलों पर होगी कार्रवाई



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 (आरटीई) के तहत अब रांची जिला में ऑनलाइन आावेदन किया जा सकेगा। जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त, रांची मंजूनाथ भजंत्री ने सोमवार को आरटीइ पोर्टल का शुभारंभ किया। समाहरणालय स्थित एनआईसी सभागार में पोर्टल के ऑनलाइन शुभारंभ के दौरान उपविकास आयुक्त दिनेश कुमार यादव, जिला शिक्षा पदाधिकारी, रांची विनय कुमार, जिला शिक्षा अधीक्षक बादल राज, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रांची उर्वशी पांडेय एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

**04-31 मार्च 2025 तक ऑनलाइन आवेदन :** पोर्टल के लॉन्चिंग के दौरान जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने बताया कि आरटीई के तहत 04-31 मार्च 2025 तक ऑनलाइन आवेदन किया जा सकेगा। इस दौरान पोर्टल के माध्यम से रजिस्ट्रेशन कर डॉक्यूमेंट अपलोड किया जा सकेगा। 10.04.2025 को डॉक्यूमेंट का वेरिफिकेशन होगा एवं 15.04.2025 को ऑनलाइन लॉटरी की जायेगी। रांची जिला में आरटीई के तहत नामांकन के लिए 121 स्कूलों को पंजीकृत किया गया है।

**मान्यता रद्द करने की होगी अनुशंसा :** रांची जिला में आरटीई के तहत नामांकन के लिए नियमों का अनुपालन नहीं करनेवाले स्कूलों पर कार्रवाई की जायेगी। मंजूनाथ भजंत्री ने कहा शिकायत मिलने पर स्कूलों की मान्यता रद्द करने के लिए बोर्ड से अनुशंसा की जायेगी।

## उपायुक्त के जनता दरबार में डबल डीड, सीमांकन और सड़क निर्माण की समस्याएं आयीं

**रांची।** जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त रांची मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा सोमवार को समाहरणालय ब्लॉक-ए स्थित कार्यालय कक्ष में जनता दरबार में लोगों की समस्याओं से अवगत हुए। उन्होंने शहरी एवं सुदूर ग्रामीण क्षेत्र से आये मुलाकातियों की समस्याओं से अवगत होते हुए उनकी शिकायतों को सुना जिसमें डबल डीड, सीमांकन, भूमि सम्बंधित, सड़क निर्माण,आदि से संबंधित आवेदन पर त्वरित संज्ञान लेते हुए सम्बंधित अधिकारियों को जल्द निष्पादन कराने के निर्देश दिए गए। कुछ शिकायतों के समाधान के लिए उनके द्वारा संबंधित पदाधिकारियों को फोन पर ही आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

**कोई शिकायत/समस्या हो तो अबुआ साथी 9430328080 पर दें जानकारी**

जनता दरबार में आनेवाले लोगों को जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा अबुआ साथी की जानकारी दी गयी। उन्होंने सभी को बताया कि जिला प्रशासन द्वारा जन शिकायत के लिए व्हाट्सएप नंबर 9430328080 जारी किया गया। जिस पर आम जन शिकायत कर सकते हैं, अबुआ साथी की चौबीस घंट सतत निगरानी की जाती है। मंजूनाथ भजन्त्री ने कहा कि स्कूल में शिक्षक नहीं आते, प्रखण्ड-अंचल कार्यालय से संबंधित कार्य में किसी तरह की परेशानी है, अंचल कार्यालय में दलालों की जानकारी अबुआ साथी पर दें, जिला प्रशासन द्वारा प्राप्त शिकायतों पर उचित कार्रवाई की जायेगी।

## कोल इंडिया : सालाना लक्ष्य तक पहुंचना हुआ मुश्किल

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** वित्तीय वर्ष को खत्म होने में एक माह शेष रह गए हैं। इधर, कोल इंडिया (सीआईएल) प्रबंधन कोयला उत्पाद के लक्ष्य तक पहुंचने की जद्दोजहद कर रहा है। अप्रेल 2024 से फरवरी 2025 तक कंपनी ने 697.99 मिलियन टन उत्पादन दर्ज किया है। जबकि टारगेट 838 मिलियन टन का है। सीआईएल को सालाना लक्ष्य तक पहुंचने के लिए 140.01 मिलियन टन कोयला उत्पादन करना होगा, लेकिन इस लक्ष्य तक पहुंचना मुश्किल दिख रहा है। माना जा रहा है कि कंपनी 775 मिलियन टन तक के आंकड़े तक ही पहुंच सकती है। सीआईएल प्रबंधन का पूरा जोर अनुषांगिक कंपनियों के उत्पादन में तेजी लाने की ओर रहेगा। सीआईएल का कोल डिस्पैच अप्रेल 2024 से फरवरी 2025 तक की स्थिति में 690.4 मिलियन टन तक पहुंचा है। कोल डिस्पैच के टारगेट 838 मिलियन टन तक पहुंचना मुश्किल दिख रहा है।

**अनुषांगिक कंपनीवार कोयला उत्पादन (अप्रेल 2024 से फरवरी 2025 तक) :**

बीसीसीएल : 36.3 एमटी
सीसीएल : 76.21 एमटी
ईसीएल : 45.19 एमटी
एमसीएल : 2023.74 एमटी
एनसीएल : 128.49 एमटी
एसईसीएल : 147.23 एमटी
डब्ल्यूसीएल : 60.63 एमटी

## शोधकर्ताओं को ग्रासरूट लेबल पर जाना होगा : डॉ नेत्रा

- आरयू के टीआरएल में शोध विषय पर संगोष्ठी आयोजित

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** रांची विश्वविद्यालय के जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा संकाय के नागपुरी विभाग में सोमवार को शोध विषय पर संगोष्ठी का आयोजन हुआ। विषय शोध : समस्या एवं समाधान पर मुख्य वक्ता जर्मनी कील यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर डॉ नेत्रा पी पौडयाल एवं डोरंडा कालेज के प्राचार्य प्रो डॉ राजकुमार शर्मा शामिल हुए। नागपुरी विभागाध्यक्ष डॉ उमेश नन्द तिवारी ने अध्यक्षता किया। इस मौके पर प्रो नेत्रा ने कहा कि अलग-अलग भाषा के अन्दर फैक्टर हैं, जो उन्हें अलग करते हैं। भाषा के डिफरेंस को जानने के लिए शोधकताओं को ग्रासरूट लेबल पर जाना होगा।

**भाषाओं में अन्तर और समानता को ढूंढने की जरूरत :** नेत्रा ने कहा कि भाषाओं में अन्तर और समानता को ढूंढने की आवश्यकता है। इसके वास्तविकता पर फोकस करना होगा। विद्यार्थियो को रूचि के साथ शोध करना चाहिए। मुख्य अतिथि रांची विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो अजीत कुमार सिन्हा ने कहा कि शोधार्थियों को कट, कॉपी और पेस्ट से बचना चाहिए। छात्रों को हरसंभव मदद करने की आवश्यकता है। भाषा का विकास कैसे हो, इस दिशा में मंथन चिंतन करने की आवश्यकता है। सिर्फ कोरम पूरा करना, कट पेस्ट कर आप अपने साथ साथ आने वाली पीढ़ी को बेजुबान बनाने करने की दिशा में लगे हैं। ऐसी शोध करने से हमें बचना है।

**शोधार्थियों को ईमानदारीपूर्वक शोध करना चाहिए : डॉ राजकुमार**

प्राचार्य डॉ राजकुमार शर्मा ने शोध की गुणवत्ता पर बल देते हुए कहा कि शोधार्थियों को ईमानदारी पूर्वक शोध करना चाहिए। टीआरएल संकाय में हो रहे शोध पर चिंता व्यक्त किया और कहा कि भाषा विभाग होने के बावजूद 90 फीसदी शोध साहित्य पर हो रहा है। भाषा पर शोध करने की आवश्यकता है। तभी पूरी दुनिया में अपनी बातों को पहुंच सकते हैं। भाषा ही एक ऐसा माध्यम है जिसे पूरा विश्व को समझ सकते हैं।

**भाषा पर केन्द्रित होना चाहिये शोधार्थियों का उद्देश्य :** शोधार्थियों का उद्देश्य भाषा पर केन्द्रित होना चाहिये। भाषा विज्ञान पर अपने को केन्द्रित करना होगा। छात्रों को भाषा विज्ञान पर काम करने की आवश्यकता है। मौलिक शोध से विद्यार्थियों का भविष्य बचा रहेगा और भाषाओं की पहचान वैश्विक स्तर पर होगी। मानविकी व टीआरएल संकाय के संकायाध्यक्ष प्रो डॉ अर्चना कुमारी दुबे ने कहा कि शोध समाज के लिए अमूल्य धरोहर है। गहन अध्ययन के बल पर पूरी दुनिया में अपनी पहचान बना सकते हैं। इस मौके पर जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा संकाय के नौ विभाग के शिक्षक एवं शोधार्थी शामिल थे।

## झारखंड में पथ निर्माण विभाग बनायेगा 1200 किमी रोड और 10 आरओबी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

रांची। पथ निर्माण विभाग ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 5 हजार 900 करोड़ 89 लाख का बजट बनाया है। इसके तहत अगामी वित्तीय वर्ष में राज्य में 1200 किमी रोड का उन्नयन किया जायेगा। साथ ही 10 आरओबी का निर्माण करने सहित उच्चस्तरीय पुल निर्माण की योजना बनायी गयी है। पुराने, क्षतिग्रस्त पुलों के स्थान पर नये पुल बनाये जायेंगे। ब्लैक स्पॉट को भी कम किया जायेगा। राज्य गठन के समय झारखंड में पथों की लंबाई 5 हजार 400 किलोमीटर थी जो बढ़कर 14 हजार 879 किमी तक हो गयी है। पथों का घनत्व 188.89 किमी से बढ़कर 1000 वर्ग किलोमीटर तक हो गया है। ग्रामीण कार्य विभाग ने 2025-26 का बजट 4 हजार 576 करोड़ 30 लाख 73 हजार का रखा है। इसके तहत विभाग ने पीएमजीएसवाई से इस साल 2500 किमी रोड एवं 200 पुलों के निर्माण का लक्ष्य रखा है। इसके विरूद्ध 715 किमी लंबाई तक रोड बन गया है, शेष रोड बनाया जायेगा। मुख्यमंत्री ग्राम सेतू योजना से 482 पुलों का निर्माण कार्य चल रहा है। मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना से 249 योजनाओं में से 734 किमी रोड का काम पूरा हो चुका है। 935 स्वीकृत योजनाओं पर काम चल रहा है।

नगर विकास विभाग ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में 3 हजार 577 करोड़ 68 लाख 91 हजार रुपये का बजट प्रस्तावित है। इस बार विभाग ने रांची स्मार्ट सिटी क्षेत्र में ग्रीन फिल्ड ओपेन स्पेश एवं पार्क का विकास करने की योजना बनायी है। इसके अलावा पीएम आवास और नमामी गंगे सहित अन्य कार्य होंगे।

## खबर एक नजर में

### बजट में उच्च शिक्षा को बढ़ावा के साथ युवाओं को रोजगार मिलेगा : जेसीएम

**रांची।** जेसीएम आरयू के अजीत विश्वकर्मा ने कहा कि बजट में झारखंड छात्र अनुसंधान एवं नवाचार नीति, व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विश्वविद्यालय, तीन जिलों में तकनीकी विश्वविधालय, सात जिलों में मेडिकल कॉलेज को खोलने से विद्यार्थियों के लिए सराहनीय पहल है। उच्च स्तरीय शिक्षा के क्षेत्र में गुणवत्ता के साथ रिसर्च के संभावनाएं से भी जुड़ने का अत्यंत अवसर मिलेगा। साथ ही साथ झारखंड के युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान किए जाएंगे। झारखंड सरकार का अबुआ बजट युवाओं, नौजवानों के लिए खुशी की लहर ले कर आई है।

### नये विजन, मिशन और नयी ऊर्जा के साथ अबुआ सरकार आगे बढ़ रही है : अमन अहमद

**रांची।** एनएसयूआइ प्रदेश उपाध्यक्ष अमन अहमद ने कहा कि बजट स्वागत योग्य है। इंडिया गठबंधन की सरकार में हर वर्ष विकसित झारखंड की ओर बजट का आकार बढ़ रहा है। झारखंड की हेमंत सरकार आगामी वित्त वर्ष 2025-26 बजट पेश की, बजट करीब डेढ़ लाख करोड़ का है। अबुआ बजट में शिक्षा, स्वास्थ्य, औद्योगिक विकास और कल्याण पर जोर दिया गया है। मंईयां सम्मान के साथ ही खाद्य सुरक्षा, रोजगार, शिक्षा, किसान कल्याण की दिशा में बजट है। बजट के माध्यम से राज्य में रोजगार सृजन को बढ़ावा देने के प्रावधानों को विशेष रूप से ध्यान दिया गया है। रोजगार के साथ स्वरोजगार उपलब्ध कराने के लिए व्यापक प्रबंध बजट में है। हेमंत सरकार स्कीम और स्थापना, स्कीम यानी की योजनाओं पर अधिक खर्च करेगी, ताकि राज्य का उज्ज्वल निर्माण हो और यहां के लोग बाहर पलायन न करें।

### राज्य कर्मियों के लिए निराशाजनक बजट : आदिल

**रांची।** झारखंड राज्य कर्मचारी महासंघ के राज्य अध्यक्ष आदिल जहीर ने कहा की राज्य सरकार द्वारा पेश किए गये 2025-26 के बजट में राज्य कर्मियों और सरकारी कर्मचारियों को कोई बड़ी राहत और बड़ी सौगात या लाभ नहीं दी गई है। सरकारी सेवकों के लिए यह पूरी तरह से आशा के विपरीत और मायूसी भरा निराशाजनक बजट है।

### विधायक से मिला बीआरपी-सीआरपी एसएस संघ का डेलिगेशन, विस में सवाल पूछले का आग्रह

**रांची।** बीआरपी सीआरपी एसएस संघ का प्रतिनिधि मंडल सोमवार को विधायक निरसा अरूप चटर्जी से मिलकर अपनी लंबित समस्या के समाधान के लिए वर्तमान विधानसभा सत्र में प्रश्न करने का अनुरोध किया। विधायक ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि आपकी समस्या की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट करते हुए सभी को लाभान्वित करने का प्रयास करूंगा। प्रतिनिधिमंडल द्वारा जिन बातों को उनके समक्ष रखा गया, उनमें प्रमुख रूप से है अवर शिक्षा सेवा में आरक्षण, अप्रशिक्षित सीआरपी बीआरपी हेतु प्रशिक्षण, परियोजना में कार्यरत अन्य कर्मियों की तरह बुनियादी सुविधा, ईपीएफ कटौती के लिए 2015 से करना, सेवा आयु 62 वर्ष करना एवं संविदा नियमावली की तहत मानदेय विसंगति को दूर करना शामिल है। प्रतिनिधि मंडल में केंद्रीय अध्यक्ष कृष्ण प्रसाद के साथ केंद्रीय महासचिव नितिन कुमार, मीडिया प्रभारी रविंद्र कुमार ठाकुर, कुमार रोहित कुमार सिकंदर, कमलकांत मेहता के साथ अन्य साथी उपस्थित थे।

### एवरकेयर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पीटल की वर्षगांठ मनी



**रांची।** रविवार को एवरकेयर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पीटल का वार्षिक वर्षगांठ समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि विधायक सी.पी. सिंह ने स्वास्थ्य के क्षेत्र में हॉस्पीटल के द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यों की सराहना की। अस्पताल प्रबंधक डॉ एस. एन. मंडल द्वारा सभी कर्मचारियों के मेहनत की सराहना की। उन्होंने बताया कि विगत तीन वर्षों में एवरकेयर हॉस्पीटल में सात हजार से अधिक मरीजों का सफलतापूर्वक ईलाज किया जा चुका है एवं लगभग 200 से अधिक मरीजों का सफलतापूर्वक ऑपरेशन भी किया जा चुका है। समारोह में हॉस्पीटल के मेडिकल सुपरिटेन्डेन्ट डॉ यू.पी. सिंह, डॉक्टर आदित्य नारायण सिंह, डॉ आयुष पाण्डेय, डॉ० प्रकाश कुमार, डॉ अजीत सिंह, डॉ अनीता, डॉ अब्दुल तथा अस्पताल के एडमिनिस्ट्रेटिव एवं नर्सिंग स्टॉफ मौजूद थे।

## 'गांधी शिल्प बाजार' का भव्य उद्घाटन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** पुराना विधान सभा मैदान एच.ई.सी. में छोटनागपुर क्राफ्ट डेवलपमेंट सोसाइटी एवं हस्तशिल्प सेवा केंद्र द्वारा संयुक्त रूप से 'गांधी शिल्प बाजार' का भव्य उदघाटन मुख्य अतिथि गौतम कुमार सिंह, महाप्रबंधक नाबार्ड क्षेत्रीय कार्यालय, एवं विशिष्ठ अतिथि आकाश श्रीवास्तव, सहायक निदेशक, वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार, पूर्वी क्षेत्रीय कार्यालय, कोलकाता के द्वारा फीता काटकर किया गया।संस्था के सचिव वि. चौधरी एवं अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

सचिव ने छोटानागपुर क्राफ्ट डेवलपमेंट सोसाइटी की हस्तशिल्प के विकास हेतु किए गए कार्यों की व्याख्या की । सहायक निदेशक पुष्प राजन ने सभी शिल्पियों के लिए विकास आयुक्त (हस्तशिल्प) द्वारा किए जा रहे कार्यक्रम का विस्तार पूर्वक वर्णन किया एवं सभी ह्हस्तशिल्पियोंह्न को अपना-अपना उत्पाद की गुणवत्ता को बढाने हेतु प्रोत्साहित किया ताकि इनके उत्पादों का विक्रय हो सके ।विशिष्ठ अतिथि द्वारा हस्तशिल्पियों के उत्थान तथा अधिक आय हेतु किए जा रहे प्रयास पर प्रकाश डाला । मुख्य अतिथि महाप्रबंधक झ्र गौतम सिंह ने आए हुए हस्तशिल्पियों को प्रोत्साहित करते हुए विभिन्न योजनाओं से अवगत कराया। इस अवसर पर हस्तशिल्प सेवा केंद्र के सहायक निदेशक पुष्प राजन, वीर भरत मरांडी एवं भवानी प्रसाद, संस्था के अब्दुल मसिर अंसारी, प्रशांत हेर्लेकर, विकास कुमार पासवान, सगीर, फिरोज अहमद, लखन, कुन्दन तथा कई क्रेता भी उपस्थित थे। मेले मे आगंतुकों द्वारा अच्छी खरीददारी देखी गई।

## बाबा साहेब की परिकल्पना को साकार करने में महत्वपूर्ण होगा अबुआ बजट : वेदांत कौस्तव

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** सिविल इंजीनियर और युवा समाजसेवी वेदांत कौस्ताव ने कहा है कि हेमंत सोरेन सरकार का अबुआ बजट बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की परिकल्पना को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगा। राज्य सरकार ने बजट में ससबेस ज्यादा महिला, बाल कल्याण और सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्र में 22 हजार 33 करोड़, 33 लाख रुपये का प्रावधान किया है। बाबा साहब महिलाओं के प्रति समर्पित थे और महिला सशक्तिकरण को लेकर उनके विचार आज भी प्रासंगिक है। उनका मानना था कि किसी भी समाज की प्रगति महिलाओं की प्रगति से मापी जाती है अबुआ सरकार का अबुआ बजट में भी महिला सशक्तिकरण की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। मुख्यमंत्री मईंया सम्मान योजना के लिए सरकार ने 13363 करोड़ का प्रावधान कर सरकार ने अपना ठोस इरादा जाहिर कर दिया है।

इसके अलावा शिक्षा, चिकित्सा कृषि तथा आधारभूतं सरंचना के निर्माण और विकास के लिए सरकार ने विषेश जोर दिया है। राज्य में विकास का दर लगातार बढ़ रहा है तथा स्थापना और व्यय के अनुपात को 37:63 के अनुपात में लाने से भी विकास की गति तेज होगी। तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में विकास के लिए बजट में णहम कदम उठाये गए हैं। व्यावसायिक शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से दो नए विश्वविद्यालय, कौशल विश्वविद्यालय और फिन-टेक विश्वविद्यालय की स्थापना का प्रस्ताव भी महत्वपूर्ण है।

इस साल का बजट शिक्षा क्षेत्र के लिए भी खास है क्योंकि वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने राज्य में व्यावसायिक शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से दो नए विश्वविद्यालय, कौशल विश्वविद्यालय और फिन-टेक विश्वविद्यालय की स्थापना का प्रस्ताव दिया है. इसके साथ ही जमशेदपुर, पलामू, रांची, धनबाद, हजारीबाग और देवघर में स्कूल ऑफ बिजनेस एंड मास कम्युनिकेशन की भी स्थापना की जाएगी। इस साल का बजट शिक्षा क्षेत्र के लिए भी खास है। शिक्षा के क्षेत्र में 17,607 करोड़ रुपये से अधिक का प्रावधान किया गया है। कौशल विकास के लिए 585 करोड़ का प्रावधान करने से हुनर को सामने लाने और रोजगार के अवसर सृजित करने के रास्ते खुलेंगे। इनके अलावा, हजारीबाग, रांची, धनबाद, दुमका और पलामू में पांच नये विधि महाविद्यालय की स्थापना का प्रस्ताव भी युवाओं के लिए महत्वपूर्ण है।

## विकसित भारत युवा संसद का होगा आयोजन, पंजीयन की अंतिम तिथि 09 मार्च

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा विकसित भारत युवा संसद कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। विकसित भारत युवा संसद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा व्यक्त किए गए दृष्टिकोण का प्रतीक है। इस वर्ष विकसित भारत युवा संसद के सभी राउंड भौतिक रूप से आयोजित किए जाएंगे, जिससे अधिक गहन और प्रभावशाली अनुभव सुनिश्चित होगा । जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर फैली बहु-स्तरीय संरचना के साथ, इस आयोजन का उद्देश्य युवा आवाजों को महत्वपूर्ण राष्ट्रीय मुद्दों पर विचार-विमर्श करने, नीति निमार्ताओं के साथ बातचीत करने और भारत की विकास यात्रा में सार्थक योगदान देने के लिए एक औपचारिक मंच प्रदान करना है। युवा संसद के आयोजन के लिए पूरे भारत वर्ष के सभी जिले को सम्मिलित करते हुए 300 नोडल जिले बनाए गए है। इसी क्रम में रांची और खूंटी जिला को भी नोडल जिला बनाया गया है, रांची नोडल जिला अंतर्गत गुमला और लोहरदगा एवं खूंटी नोडल जिला अंतर्गत सिमडेगा जिला को सम्मिलित किया गया है । इच्छुक युवा, जिनकी आयु दिनांक 24 फरवरी को 18-25 वर्ष हो, अपना पंजीयन पोर्टल पर करवा सकते है। पंजीयन की अंतिम तिथि दिनांक 09 मार्च है। पोर्टल पर अपलोड वीडियो का स्क्रीनिंग के पश्चात एक नोडल जिला से कुल 150 युवाओं का चयन जिला स्तरीय विकसित भारत युवा संसद के लिए किया जायेगा।

# राजनेताओं, नौकरशाहों और थैलीशाहों ने लोकतंत्र को लूटतंत्र, गिरोहतंत्र में तब्दील कर दिया है : कौशलेंद्र

- स्वाभिमान पार्टी के राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष ने प्रेस कांफ्रेस में राजनैतिक पार्टियों पर किया प्रहार

**खबर मन्त्र ब्यूरो**




**रांची।** स्वाभिमान पार्टी के राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष कौशलेन्द्र नारायण ने कहा कि आज देश भीषण परिस्थितियों से घिरता जा रहा है। राजनैतिक पार्टियों, राजनेताओं, नौकरशाहों और थैलीशाहों ने लोकतंत्र को लुटतंत्र, गिरोहतंत्र में तब्दील कर दिया है। भष्टाचार ने सारी सीमाएं लांघ दी है। यह बातें उन्होंने प्रेस कांफ्रेस में कही। उन्होंने कहा कि राजनीति केवल सत्ता हथियाने का साधन बन गई है। पार्टियों के अध्यक्ष की कार्यशैली भी मैनेजिंग डायरेक्टर की तरह हो चुकी है जो अपने कार्यकताओं को अपना कर्मचारी समझते हैं। स्वाभिमान पार्टी ने क्राइम, करप्शन, कमीशन पर कठोर प्रहार करते हुए वैकल्पिक राजनीति करने का बीड़ा उठाया है।

**मूकदर्शक बने रहना अपराध होगा :** कौशलेंद्र नारायण ने तमाम नौजवानों, छात्रों, बुद्धिजीवियों, किसानों, महिलाओं, श्रमिकों, ईमानदार राजनैतिक एवं सामाजिक कार्यकताओं से निवेदन करते हुए कहा है की बाजारवाद ने पुरे तरीके से देश की राजनीती को अपने लपेटे में ले लिया है। ऐसे समय मे मूकदर्शक बने रहना अपराध होगा। आज समय की मांग है कि हम सभी मिलजुल कर वैकल्पिक राजनीति की दिशा पर विचार करें और पहल करें। इसका आधार प्रकृति केंद्रित विकास होगा पार्टी के राष्ट्रीय मंत्री हरी नारायण ने कहा कि राजनीति की लोकसंस्कृति मर चुकी है। आज रिश्वतखोरी, लूट, गबन, घोटाले, डाका, हत्या अपहरण जैसे जघन्य अपराधों में लिप्त महापुरुष आज विधानसभा और लोकसभा की गरिमा बढ़ा रहे हैं, जबकि स्वच्छ छवि और ईमानदार लोगो को लोकसभा और विधानसभा में होना चाहिए।

स्वाभिमान पार्टी की बैकल्पिक राजनीति इसी दिशा की ओर एक कदम है, जिससे जनसेवा की भावना रखनेवाले लोग जनप्रतिनिधि बन सके, ताकि प्रदेश और देश का सही मायने में विकास हो सके। वहीं, झारखंड प्रदेश के अध्यक्ष हरी प्रसाद महतो ने कहा जल जंगल जमीन जानवर व जन का पारस्परिक विकास ही प्रकृति केंद्रित विकास कि अवधारणा है। आज बाजारवाद से मुकाबला के लिए सबसे उपर्युक्त हाथियार यही है। श्री महतो ने कहा कि वैकल्पिक राजनीति के अभियान में राज्य स्तर तथा सभी जिलों प्रखंड, पंचायतो में लोगों को जोड़ा जाएगा और पार्टी के उद्देश्यों को पहुंचाया जाएगा। प्रेस वार्ता में पार्टी के पदाधिकारी अरुण डे, प्रभात महाराज, नेमचन्द महतो मिनीमा गोंडर और रोबिनी गोराय आदि मौजूद थे।

## एसबीआइ के प्रबंध निदेशक ने झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक प्रधान कार्यालय का दौरा किया

- झारखंडी नृत्य-गान के साथ महिला मंडल की दीदियों ने किया स्वागत

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** सोमवार को भारतीय स्टेट बैंक के प्रबंध निदेशक अश्विनी कुमार तिवारी ने अपने झारखंड प्रवास के दौरान झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक के रांची स्थित प्रधान कार्यालय का दौरा किया। झारखंडी नृत्य-गान के साथ बैंक से सहबद्ध महिला मंडल की दीदियों ने पारंपरिक परिधान और ढोल/मांदर की थाप पर उनका स्वागत किया।

इस अवसर पर बैंक के अध्यक्ष मदन मोहन बरियार ने प्रबंध निदेशक के समक्ष वित्तीय वर्ष 2024-2025 के दौरान बैंक द्वारा विभिन्न व्यावसायिक क्षेत्रों में हासिल की गई उपलब्धियों की प्रस्तुति दी। प्रबंध निदेशक ने अधिकारियों और अन्य स्टाफ सदस्यों को संबोधित करते हुए इस वित्तीय वर्ष में बैंक द्वारा किए गए कार्यों के लिए सभी की प्रशंसा की और साथ ही आह्वान किया कि झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक को राज्य सरकार का बैंक घोषित करवाने हेतु प्रयास करना चाहिए।

इस अवसर पर भारतीय स्टेट बैंक पटना मंडल के मुख्य महाप्रबंधक, झारखण्ड के महाप्रबंधक एवं रांची आंचलिक कार्यालय के उप महाप्रबंधक भी उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में बैंक के अध्यक्ष ने अल्प सूचना पर प्रबंध निदेशक द्वारा बैंक भ्रमण के प्रस्ताव को स्वीकार करने एवं उनके मागदर्शन के लिए आभार व्यक्त किया तथा उन्हें आश्वस्त किया कि उनका यह भ्रमण बैंक के लिए एक मील का पत्थर साबित होगा और बैंक आने वाले समय में झारखंड में अपनी प्रभावशाली उपस्थिति दर्ज कराएगा।

# रेलदुर्घटना के समय राहत एवं बचाव कार्य का संयुक्त अभ्यास

खबर मन्त्र संवाददाता





**मांडर।** रांची मण्डल के टाँगरबंसली यार्ड में सोमवार को रेल दुर्घटना बचाव कार्य का रेलवे और एनडीआरएफ की टीम के साथ संयुक्त अभ्यास किया गया। इसमें रांची मण्डल के मण्डल रेल प्रबन्धक जसमीत सिंह बिंद्रा के मार्गदर्शन में अपर मण्डल रेल प्रबन्धक हेमराज मीना एवं सभी विभागों के प्रमुख ने हिस्सा लिया। इस संयुक्त अभ्यास का मुख्य उदेश्य दुर्घटना में प्रभावित यात्रियों को यथाशीघ्र सभी प्रकार की सहायता करना, किसी दुर्घटना के वक़्त सभी विभागों में समन्वयएवं सजगता की जांच करना। यदि उनमें कोई कमी है तो उसकी पहचान कर उसे ठीक करना। तथा सुनिश्चित समय में तत्परता से कार्य किए गए या नहीं, यह देखना था।

स्थानीय निकायों व दक्षिण पूर्व रेलवे के मुख्यालय को इसकी सूचना दी गई थी। दुर्घटना की सूचना मिलते ही राहत एवं बचाव कार्य के लिए रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों की टीम के साथ चिकत्सकों का दल, दुर्घटना राहत यान एवं दुर्घटना राहत चिकित्सा यान दुर्घटना स्थल के लिए रवाना हो गई। राष्ट्रीय आपदा प्रबन्धक की टीम, अग्निशमन, डॉक्टर, एंबुलेंस, रेल सुरक्षा बल, आदि सभी विभागों के कर्मचारी अपने-अपने उपकरणों के साथ हूटर बजते ही दुर्घटना स्थल की ओर रवाना हुए।

रेल दुर्घटना बचाव कार्य में विशेष रूप से राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन टीम, राज्य सरकार की आपदा प्रबंधन टीम, पुलिस विभाग, अग्निशमन विभाग, विभिन्न अस्पतालों के एंबुलेंस, विशेष रूप से राहत कार्य किया जिससे रेल प्रशासन को अपना कार्य सुचारू रूप से जल्द से जल्द करने में सहायता हुई। प्रतीकात्मक रूप से ट्रेन संख्या 00011 पिस्का-बड़कीचांपी होलीडे स्पेशल ट्रेन के डिब्बे घटनास्थल पर गिराए गए थे। कई लोग नकली रूप से हताहत हुए और घायल हुए। इन घायलों को अविलंब उपस्थित डॉक्टरों ने मुआयना कर प्राथमिक चिकित्सा की, गंभीर घायलों को अस्पताल भिजवाया गया। अनेक यात्री डमी बनाए गए थे। जो डिब्बो के बीच फंसे हुए थे उन्हें दुर्घटना के वक़्त डिब्बे के बीच से निकालने के लिए कटर की व्यवस्था की गई थी। घटनास्थल पर विभिन्न अस्पतालों के एंबुलेंस तथा चिकित्सकों का दल यात्रियों का प्राथमिक उपचार एवं सहायता के लिए मौजूद थी।

राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन टीम का नेतृत्व, डिप्टी कमांडेंट अश्विनी कुमार, कमांडेंट (मेडिकल) एस के राय, इंस्पेक्टर एन डी आर एफ श्री अशोक कुमार तथा अग्निशमन विभाग का नेतृत्व अग्नि शमन अधिकारी पिस्का किशोर तिर्की ने किया।

## हिंडालको सी एस आर विभाग ने किया निशुल्क चशमा वितरण

खबर मन्त्र संवाददाता




**मुरी।** हिंडालको इंडस्ट्रीज लिमिटेड के सी एस आर विभाग की ओर से ग्रामीणों को निशुल्क चश्मा का वितरण किया गया। बताते चले की पूर्व में 1 फरवरी को बिसरिया पंचायत में तथा 2 फरवरी को खेलगांव लगाम में निशुल्क नेत्र जांच का आयोजन शंकर नेत्रालय के चिकित्सकों द्वारा किया गया था जिसमें दृष्टि दोष पाए गए लोगों को हिंडाल्को के द्वारा विसरिया पंचायत में 191 लोगों को और खेलगांव लगाम में 187 लोगों को निशुल्क चश्मा का वितरण भरत सिंह के नेतृत्व में किया गया। हिंडालको के एचआर हेड अरुण राय ने बताया कि हिंडालको हमेशा समाज के प्रति जन कल्याणकारी कार्य करने के लिए प्रतिबद्ध है एवं समाज का उत्थान के लिए हमेशा कटिबद्ध है और भविष्य में भी समाज के प्रति हमेशा मदद करती रहेगी। वहीं सीएसआर हेड अनिल सिंह ने कहा कि समाज कल्याण हेतु हिंडालको समय-समय पर लोगों की समस्याओं का निराकरण हेतु हमेशा प्रयास करती रही है।

## रिंग रोड हेसल टॉल प्लाज के प्रंबक को आजसू पार्टी के नेताओं ने मांग पत्र सौंपा

खबर मन्त्र संवाददाता



**अनगड़ा।** आजसू पार्टी के केन्द्रीय सदस्य जलनाथ चौधरी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल सोमवार को हेसल टॉल प्लाजा के प्रबंधन से मिल कर विभिन्न मांगों के सर्मथन में एक मांग पत्र प्रबंधक संतोष पाठक को सौंपा गया । मांग पत्र में टॉल पलाजा में कार्यरत सभी कर्मचारियों को सरकारी दर पर मजदूरी का भूगतान करने, कार्यरत कर्मचारियों को सप्ताह में एक दिन छुट्टी देने ।,75 प्रतिशत स्थानीय लोगो को काम पर रखने, सभी कर्मचारियों को सुरक्षा कीट और ड्रेसकोड उपलब्ध कराने, बिना कारण किसी भी कर्मचारी को काम से नहीं हटाया जाने, टॉल प्लाजा के अन्तर्गत आने वाले क्षेत्र में लाईट की ववस्था करने, हेसल खोपी सरना विद्यालय के पास सड्क पर स्पीड ब्रेकर बनाने, टॉल प्लाजा के 20 कि० मी० के दायरे में रहने वाले लोगों के चौपहिया वा हनो को आधार कार्ड देख कर बिना टैक्स लिए आने जाने देने स्थानीय क्षेत्र के शादी विवाह में आने वाले वाहनो से टैक्स न वसूली किए जाने संबंधी मांग शामिल है। प्रतिनिधिमंडल में संजय महतो, बबलू महतो, जलनाथ चौधरी, रोशन मुंडा, राजकिशोर महतो, हरिचरण महतो इत्यादि शामिल थे।

## खलारी सीओ ने परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया

खलारी। झारखण्ड एकेडमी काउंसिल बोर्ड का परीक्षा एसीसी उच्च विद्यालय खलारी परीक्षा केंद्र शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। बोर्ड परीक्षा में 271 विद्यार्थियों का सोमवार के दिन गणित की आखरी परीक्षा हुई। वही परीक्षा केंद्र का खलारी अंचलाधिकारी प्रणव अम्बष्ठ परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किये। मौके पर विद्यालय के केंद्राधीक्षक संजय दास, विद्यालय के प्रशासक जामवंत सिंह एवं प्रधानाध्यापक एस एन तिवारी उपस्थित थे।

## खूंटी पुलिस ने फल कारोबारी को किया गिरफ्तार

रातू। खूंटी पुलिस ने शक्रवार को मारंगहदा थाना क्षेत्र के कुजराम चुकरु मार्ग किनारे से युवक के सिर कटी लाश बरामद होने के बाद अपराधियों की तलाश में जुट गयी है। डॉग स्कायड और एफएसएल की मदद से अलकमर कॉलोनी में रहने वाला तबारक अंसारी नामक युवक को गिरफ्तार कर लिया है। वह च त रा जिले का रहने वाला है। फिलहाल वह कॉलोनी के रोड नंबर-4 स्थित एक मकान में बतौर किरायेदार परिवार के साथ रह फल का कारोबार करता है। इधर, तबारक अंसारी की गिरफ्तारी के बाद मुहल्ले में हत्याकांड को लेकर चचाओं का बाजार गर्म है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।

## शिक्षक संघ ने किया आर्थिक मदद


राशि सौंपते संघ के सदस्य।

सोनाहातू। राजकीयकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय बाजार टांड़ के सहायक अध्यापक (पारा शिक्षक) स्व पुष्कर सिंह मुंडा की विधवा पत्नी शांति देवी को सोमवार को अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ और सहायक अध्यापक (पारा शिक्षक) संघ के द्वारा संयुक्त रुप से सहायता के तौर पर दोनों संगठनों ने संयुक्त रूप में 60 हजार रुपये सौंपें। मौके पर अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष इंद्रजीत बैठा, सहायक अध्यापक संघ के अध्यक्ष पुरन महली, सचिव अनिल कुमार महतो, रविंद्र कुमार, विद्यासागर महतो, कमला देवी, शिक्षक राजेंद्र बेदिया, प्रदीप सिंह मुंडा, हरेकृष्ण महतो, मनोज सिंह मुंडा, योगेंद्र महतो आदि मौजूद थे। ज्ञात हो कि सहायक अध्यापक (पारा शिक्षक) पुष्कर सिंह मुंडा का 24 फरवरी को आकस्मिक निधन हो गया था।

## रातू : सड़क हादसे में कृषक घायल

रातू। थाना क्षेत्र के बेलांगी मोड़ के पास सड़क दुर्घटना में बाजपुर निवासी 45 वर्षीय बिरजू गोप घायल हो गया। जानकारी के मुताबिक, वह अपनी पैशन प्रो मोटर साइकिल में सब्जी बेचने साप्ताहिक मखमंद्रो बाजार आया था। लौटने के दौरान से बाईक अनियंत्रित होकर लोहे के डिवाइडर से टकरा गयी। स्थानीय लोगों ने उसे इलाज के लिये समीप के मादी मेमोरियल ट्रस्ट हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर में भर्ती कराया, जहां उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। चिकित्सकों ने बताया कि श्री महतो का हाथ टूट गया है। शरीर के अन्य हिस्से में भी चोटें आई है।

## विधायक के सौजन्य से दशक्रम हेतु सूखा राशन उपलब्ध कराया गया

खबर मन्त्र संवाददाता



**अनगड़ा।** गेतलसूद पंचायत के बजरंग चौक निवासी विचारी मुण्डा के दसकर्म हेतू खिजरी विधायक राजेश कच्छप जी के सौजन्य से श्रद्धा सरना समिति गेतलसूद के सक्रिय सदस्यों के द्वारा सूखा राशन उपलब्ध कराया गया समिति के सदस्यों ने मृतक के परिजनों को सांत्वना देते हुए हर संभव मदद का आश्वासन दिया। मौके पर प्रमुख प्रतिनिधी प्रेम उरांव ग्राम प्रधान जितेन्द्र उरांव श्रद्धा सरना समिति गेतलसूद के अध्यक्ष अजय उरांव सक्रिय सदस्य बिट्टू उरांव, नीरज उरांव, संदिप, मोहन इत्यादी।

## सरहुल पूजा समिति का गठन किया गया

इटकी। स्थानीय सरना स्थल में सोमवार को 12 पड़हा समिति इटकी की एक बैठक आयोजित कर सरहुल पूजा समिति का गठन किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से बीरा उरांव समिति का अध्यक्ष और सूरज उरांव सचिव बनाया गया। जबकि मांगा उरांव उपाध्यक्षक,अजय उरांव कोषाध्यक्षक तथा श्रीनाथ उरांव को कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया। उक्त जानकारी पड़हा समिति द्वारा विज्ञाप्ति जारी कर दी गई।

## नवोदय विद्यालय में विज्ञान प्रदर्शनी का अयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय बीआईटी मेसरा में सोमवार को विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। विज्ञान प्रदर्शनी में छात्र-छात्राओं द्वारा पर्यावरण सुरक्षा, जल प्रबंधन, विद्युत संरचना, रोबोटिक, आर्टिफीशियल इंटेलीजेंस (एआई) व सौर ऊर्जा से संबंधित विभिन्न मॉडल प्रस्तुत कर अपनी विज्ञानी सोंच का प्रदर्शन किया। छात्र-छात्राओं की प्रदर्शनी व उनकी विज्ञानी सोंच की शिक्षकों ने भी सरहाना किया। कार्यक्रम का उद्घाटन वरिष्ठ शिक्षक मुकेश कुमार व मनोज कुमार ने किया। उन्होने विज्ञान प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए छात्रों से मॉडल के संबंध में जानाकारी ली, और कहा आज का समय विज्ञान का है, विज्ञान के प्रति रुचि व विज्ञानी सोच का होना काफी महत्वपूर्ण है। संयोजक सह शिक्षक रंजन कुमार ने बताया भारत के महान विज्ञानी डा. सीवी रमन के सम्मान में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के रूप में मनाया जाता है। विज्ञान प्रदर्शनी विद्यार्थियों के विज्ञान प्रतिभा को उभरने व विज्ञानी सोंच को आदान-प्रदान करने का अवसर प्रदान करती है।

## रातू : सड़क हादसे में डीएवी का छात्र घायल

**रातू।** थाना क्षेत्र के सिमलिया हाजी चौक स्थित रिंग रोड में बुलेट मोटर साइकिल और स्कूटी में टक्कर हो जाने से एक स्कूली छात्र घायल हो गया। वह पिर्रा के आस्थापुरम निवासी सीसीएलकर्मी हरिवंश महतो का पुत्र उमंग कुमार महतो है। उमंग, डीएवी हेहल की कक्षा 11वीं का छात्र है। सोमवार की दोपहर स्कूटी से अपने घर लौट रहा था, तभी रिंग रोड में अज्ञात बुलेट सवार ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया है। उसका इलाज एक निजी अस्पताल में चल रहा है।

# आशा लकड़ा ने बारीडीह आवासीय स्कूल का किया औचक निरीक्षण


औचक निरीक्षण करतीं आयोग के सदस्य।


क्लास रूम में बच्चों से मिलती आशा लकड़ा।

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेड़ो।** राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के सदस्य आशा लकड़ा ने सोमवार को बेड़ो प्रखंड स्थित राजकीय अनुसूचित जनजाति आवासीय विद्यालय बारीडीह का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि इस विद्यालय की स्थिति गौशाला से भी बदतर है। कक्षा तीन में एक भी बच्चे नहीं हैं। जो बेहद चिंताजनक है। यहां सभी सिस्टम फेल है। सुदूरवर्ती इलाकों से आकर मन में उच्च शिक्षा अर्जित करने की मंशा रखने वाले विद्यार्थियों को यहां समुचित शिक्षा और सुविधा नहीं मिल रही है। बच्चे डरे सहमे हैं। विद्यार्थियों के लिए शिक्षा और सुविधा का प्रतीक यह विद्यालय अपनी बदहाली पर स्वयं आंसू बहाने को विवश है। विद्यालय भवन की नारकीय स्थिति बच्चों को अंदर ही अंदर कचोट रही है। चरमराती शिक्षण व्यवस्था, बदहाली किचन व दुर्गंधयुक्त वातावरण को देखकर वे भड़क गईं। उन्होंने कड़ी नाराजगी जताते हुए शिक्षकों को इसकी समुचित व्यवस्था करने की निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि मैं इस संदर्भ में राज्य सरकार को एक पत्र लिखूंगी। साथ ही सरकार से इसे किराया का मकान लेकर दूसरे जगह संचालित करने की मांग करूंगी। जिससे बच्चों को समुचित शिक्षा व सुविधा मिल सके।

## पुलिस ने डीजे के खिलाफ की कार्रवायी तेज ध्वनि में बजा रहे डीजे जब्त


ओरमांझी थाना में जब्त डीजे लदा वाहन।

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** पुलिस द्वारा तेज धून में डीजे बजाने वालों पर कार्रवायी की गई है। थाना क्षेत्र के ओरमांझी में बारात में आए लोग रविवार की रात्रि 12:30 बजे के करीब तेज ध्वनि में डीजे बजाकर गाने की धून में डांस कर रहे थें। जब बाराती डांस कर रहे थें। तभी ओरमांझी थाना की पेट्रोलिंग पुलिस पहुंची, पहले डीजे बंद कराया, और डीजे साउंड लदे वाहन को जब्त कर लिया। वहीं डीजे मालिक व वाहन चालक सहित दो लोगों के खिलाफ मामला भी दर्ज कर लिया गया। पुलिस के इस कार्रवायी से तेज ध्वनि में डीजे बजाने व किराए में डीजे देने वाले व्यवसाईयों में हडकंप मच गया है। थाना प्रभारी अनिल कुमार तिवारी ने बताया रात दस बजे के बाद डीजे (तेज ध्वनि में) बजाने पर रोक हैं। उच्च न्यायलय के निदेर्शानुसार पुलिस द्वारा यह कार्रवयी की जा रही है। आगे भी रात्रि दस बजे के बाद डीजे बजाने वालों पर सख्त कानूनी कार्रवायी की जाएगी।


**MINISTRY OF ROAD TRANSPORT AND HIGHWAYS**
**NOTIFICATION**
New Delhi, the 22nd November, 2024

S.O. 5026(E)— In exercise of powers conferred by sub-section (1) of section 3A of the National Highways Act, 1956 (48 of 1956) (hereinafter referred to as the said Act), the Central Government, after being satisfied that for the public purpose, the land, the brief description of which is given in the Schedule below, is required for building **Widening / Re-construction to Two Lane with paved Shoulder of NH-143AG from Km 37.400 (Design chainage) to Km 85.560 (Design Chainage) Bero - Khunti Section (in Ranchi district from Km 33.25 to Km 58.05) in the state of Jharkhand**, maintenance, management and operation of NH143AG in the stretch of land from Km. 37.400 to Km. 85.560 (DLAO RANCHI) in the district of RANCHI in the state of JHARKHAND, hereby declares its intention to acquire such land.

Any person interested in the said land may, within twenty-one days from the date of publication of this notification in the Official Gazette, object to the use of such land for the aforesaid purpose under sub-section(1) of section 3C of the said Act.

Every such objection shall be made to the Competent Authority, namely, District Land Acquisition Officer Ranchi in writing and shall set out the grounds thereof and the Competent Authority shall give the objector an opportunity of being heard, either in person or by a legal practitioner, and may, after hearing all such objections and after making such further enquiry, if any, as the Competent Authority thinks necessary, by order, either allow or disallow the objections.

Any order made by the Competent Authority under sub-section (2) of section 3C of the said Act shall be final.

The land plans and other details of the land to be acquired under their notification are available and can be inspected by the interested person at the aforesaid office of the Competent Authority.

**SCHEDULE**

Brief Description of the land to be acquired with or without structures falling NH143AG in the stretch of land from Km. 37.400 to Km. 85.560 **(in Ranchi district from Km 33.25 to Km 58.05)** (DLAO RANCHI) in the district of RANCHI in the state of JHARKHAND

| State: JHARKHAND | | | District: RANCHI | | |
|---|---|---|---|---|---|
| Sl. No. | Survey/Plot Number | Type of Land | Nature of Land | Area (in Local Unit) | Area (in Hectares) |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| **Taluk: Bero** | | | | | |
| **Village: Bero** | | | | | |
| 496 | 1568 | Government (GM KHAS) | NADI | 0.188 (Acre ) | 0.0760826 |
| 497 | 1569 | Private (RAIYATI) | PARTEE ADEEM | 0.8081 (Acre ) | 0.3270336 |
| 498 | 1570 | Private (RAIYATI) | DON III | 0.1912 (Acre ) | 0.0773776 |
| 499 | 1571 | Government (GM KHAS) | PARTEE ADEEM | 0.3055 (Acre ) | 0.1236342 |
| 500 | 1633 | Government (GM KHAS) | JHADI JUNGLE | 0.4298 (Acre ) | 0.1739377 |
| 501 | 1656 | Government (GM KHAS) | JHADI JUNGLE | 2.967 (Acre ) | 1.200728 |
| **Village: Baridih** | | | | | |
| 502 | 10 | Private (RAIYATI) | DON II | 0.4488 (Acre ) | 0.1816269 |
| 503 | 112 | Private (RAIYATI) | DON II | 0.0059 (Acre ) | 0.0023877 |
| 504 | 119 | Private (RAIYATI) | DON III | 0.39 (Acre ) | 0.1578308 |
| 505 | 120 | Private (RAIYATI) | DON II | 0.8697 (Acre ) | 0.3519628 |
| 506 | 121 | Private (RAIYATI) | DON II | 0.4338 (Acre ) | 0.1755565 |
| 507 | 122 | Private (RAIYATI) | DON II | 0.3364 (Acre ) | 0.1361392 |
| 508 | 123 | Private (RAIYATI) | DON II | 0.1123 (Acre ) | 0.0454472 |
| 509 | 150 | Private (RAIYATI) | DON III | 0.3642 (Acre ) | 0.1473897 |
| 510 | 154 | Private (RAIYATI) | DON III | 0.6899 (Acre ) | 0.2791987 |
| 511 | 155 | Private (RAIYATI) | DON III | 0.0778 (Acre ) | 0.0314852 |
| 512 | 314 | Private (RAIYATI) | DON III | 0.4363 (Acre ) | 0.1765682 |
| 513 | 315 | Private (RAIYATI) | TAND II | 0.6045 (Acre ) | 0.2446378 |
| 514 | 316 | Private (RAIYATI) | TAND II | 0.3944 (Acre ) | 0.1596115 |
| 515 | 323 | Private (RAIYATI) | DON III | 0.4951 (Acre ) | 0.2003642 |
| 516 | 324 | Private (RAIYATI) | DON III | 0.2078 (Acre ) | 0.0840955 |
| 517 | 325 | Private (RAIYATI) | TAND II | 0.3262 (Acre ) | 0.1320113 |
| 518 | 341 | Private (RAIYATI) | PARTEE ADEEM | 0.0612 (Acre ) | 0.0247673 |
| 519 | 342 | Private (RAIYATI) | PARTEE ADEEM | 1.2436 (Acre ) | 0.503278 |
| 520 | 343 | Private (RAIYATI) | DON III | 0.0203 (Acre ) | 0.0082153 |
| 521 | 350 | Government (GM KHAS) | NADI | 0.1518 (Acre ) | 0.0614326 |
| 522 | 418 | Private (RAIYATI) | PARTEEKADEEM | 0.008 (Acre ) | 0.0032376 |
| 523 | 431 | Private (RAIYATI) | TAND II | 0.3795 (Acre ) | 0.1535815 |
| 524 | 5 | Private (RAIYATI) | DON III | 0.0209 (Acre ) | 0.0084581 |
| 525 | 56 | Private (RAIYATI) | DON III | 0.0161 (Acre ) | 0.0065156 |
| 526 | 57 | Private (RAIYATI) | DON III | 0.0555 (Acre ) | 0.0224605 |
| 527 | 58 | Private (RAIYATI) | DON III | 0.1313 (Acre ) | 0.0531364 |
| 528 | 6 | Private (RAIYATI) | DON III | 0.314 (Acre ) | 0.1270741 |
| 529 | 61 | Private (RAIYATI) | DON II | 0.4565 (Acre ) | 0.184743 |
| 530 | 62 | Private (RAIYATI) | DON II | 0.7124 (Acre ) | 0.2883043 |
| 531 | 63 | Private (RAIYATI) | DON II | 0.2496 (Acre ) | 0.1010117 |
| 532 | 64 | Private (RAIYATI) | DON II | 0.7122 (Acre ) | 0.2882234 |
| 533 | 65 | Private (RAIYATI) | DON II | 0.6299 (Acre ) | 0.254917 |
| 534 | 66 | Private (RAIYATI) | DON II | 0.2309 (Acre ) | 0.093444 |
| 535 | 67 | Private (RAIYATI) | DON II | 0.5583 (Acre ) | 0.2259409 |
| 536 | 68 | Private (RAIYATI) | DON II | 0.0885 (Acre ) | 0.0358155 |
| 537 | 69 | Private (RAIYATI) | DON II | 0.0067 (Acre ) | 0.0027115 |
| 538 | 7 | Private (RAIYATI) | DON III | 0.4536 (Acre ) | 0.1835694 |
| 539 | 8 | Private (RAIYATI) | DON III | 0.0013 (Acre ) | 0.0005261 |
| 540 | 9 | Private (RAIYATI) | DON II | 0.5094 (Acre ) | 0.2061514 |
| **Village: Taber** | | | | | |
| 541 | 169 | Private (RAIYATI) | TAND II | 0.0368 (Acre ) | 0.0148928 |
| 542 | 290 | Government (GM AAM) | RAASTA | 0.0352 (Acre ) | 0.0142452 |
| 543 | 292 | Private (RAIYATI) | TAND II | 0.126 (Acre ) | 0.0509915 |
| 544 | 294 | Private (RAIYATI) | TAND II | 0.0463 (Acre ) | 0.0187374 |
| 545 | 307 | Private (RAIYATI) | TAND II | 0.3746 (Acre ) | 0.1515985 |
| 546 | 308 | Private (RAIYATI) | TAND II | 0.1062 (Acre ) | 0.0429786 |
| 547 | 318 | Private (RAIYATI) | TAND II | 0.1489 (Acre ) | 0.060259 |
| 548 | 320 | Private (RAIYATI) | TAND II | 0.1677001 (Acre ) | 0.0678673 |
| 549 | 381 | Government (GM KHAS) | MANJHOLA JUNGLE | 3.0184 (Acre ) | 1.22153 |
| **Taluk: Lapung** | | | | | |
| **Village: Nawatoli** | | | | | |
| 550 | 11 | Private (RAIYATI) | TAND II | 0.0061 (Acre ) | 0.0024686 |
| 551 | 113 | Private (BAKAAST BHUIHARI) | DON II | 0.059 (Acre ) | 0.023877 |
| 552 | 114 | Private (RAIYATI) | PARTEE KADEEM | 0.01 (Acre ) | 0.0040469 |
| 553 | 116 | Private (BAKAST) | DON II | 0.0768 (Acre ) | 0.0310805 |
| 554 | 117 | Private (RAIYATI) | DON II | 0.0944 (Acre ) | 0.0382032 |
| 555 | 118 | Private (RAIYATI) | DON II | 0.083 (Acre ) | 0.0335896 |
| 556 | 12 | Private (RAIYATI) | TAND II | 0.0025 (Acre ) | 0.0010117 |
| 557 | 127 | Private (RAIYATI) | DON II | 0.0945 (Acre ) | 0.0382436 |
| 558 | 128 | Private (RAIYATI) | DON II | 0.0695 (Acre ) | 0.0281263 |
| 559 | 129 | Private (RAIYATI) | DON II | 0.1343 (Acre ) | 0.0543505 |
| 560 | 13 | Private (RAIYATI) | TAND II | 0.3413 (Acre ) | 0.1381222 |
| 561 | 134 | Private (RAIYATI) | DON I | 0.1334 (Acre ) | 0.0539862 |
| 562 | 135 | Private (raiyati) | DON I | 0.0761001 (Acre ) | 0.0307973 |
| 563 | 136 | Private (RAIYATI) | DON I | 0.1369 (Acre ) | 0.0554027 |
| 564 | 139 | Private (RAIYATI) | DON I | 0.1124 (Acre ) | 0.0454877 |
| 565 | 14 | Private (RAIYATI) | TAND II | 0.4446 (Acre ) | 0.1799272 |
| 566 | 140 | Private (RAIYATI) | DON I | 0.189 (Acre ) | 0.0764873 |
| 567 | 141 | Private (RAIYATI) | DON I | 0.006 (Acre ) | 0.0024282 |
| 568 | 142 | Private (RAIYATI) | DON I | 0.0259 (Acre ) | 0.0104816 |
| 569 | 143 | Private (RAIYATI) | DON I | 0.12 (Acre ) | 0.0485633 |
| 570 | 144 | Private (RAIYATI) | DON I | 0.12 (Acre ) | 0.0485633 |
| 571 | 145 | Private (raiyati) | DON I | 0.1517 (Acre ) | 0.0613922 |
| 572 | 146 | Private (RAIYATI) | DON II | 0.219 (Acre ) | 0.0886281 |
| 573 | 147 | Private (RAIYATI) | DON I | 0.1836 (Acre ) | 0.0743019 |
| 574 | 148 | Private (RAIYATI) | DON I | 0.178 (Acre ) | 0.0720356 |
| 575 | 15 | Private (RAIYATI) | TAND II | 0.2235 (Acre ) | 0.0904492 |
| 576 | 150 | Private (RAIYATI) | DON I | 0.2949 (Acre ) | 0.1193444 |
| 577 | 151 | Private (RAIYATI) | DON I | 0.1977 (Acre ) | 0.0800081 |
| 578 | 153 | Private (RAIYATI) | DON I | 0.3346 (Acre ) | 0.1354108 |
| 579 | 154 | Private (RAIYATI) | DON I | 0.0658 (Acre ) | 0.0266289 |
| 580 | 155 | Private (RAIYATI) | DON I | 0.049 (Acre ) | 0.01983 |
| 581 | 156 | Private (RAIYATI) | DON I | 0.0025 (Acre ) | 0.0010117 |
| 582 | 157 | Private (RAIYATI) | DON I | 0.247 (Acre ) | 0.0999595 |
| 583 | 158 | Private (RAIYATI) | DON I | 0.1925 (Acre ) | 0.0779037 |
| 584 | 166 | Private (RAIYATI) | DON II | 0.1000001 (Acre ) | 0.0404695 |
| 585 | 167 | Private (RAIYATI) | DON II | 0.1661 (Acre ) | 0.0672198 |
| 586 | 172 | Private (BAKAST) | TAND II | 0.1027 (Acre ) | 0.0415621 |
| 587 | 173 | Private (BAKAAST) | TAND II | 0.0786 (Acre ) | 0.031809 |
| 588 | 174 | Private (BAKAST) | TAND II | 0.0166 (Acre ) | 0.0067179 |
| 589 | 176 | Private (RAIYATI) | TAND II | 0.13 (Acre ) | 0.0526103 |
| 590 | 177 | Private (RAIYATI) | TAND II | 0.0164 (Acre ) | 0.006637 |
| 591 | 178 | Private (RAIYATI) | TAND II | 0.3438 (Acre ) | 0.139134 |
| 592 | 179 | Private (RAIYATI) | DON II | 0.1111 (Acre ) | 0.0449616 |
| 593 | 18 | Private (RAIYATI) | TAND II | 0.0365 (Acre ) | 0.0147714 |
| 594 | 180 | Private (RAIYATI) | TAND II | 0.096 (Acre ) | 0.0388507 |
| 595 | 181 | Private (RAIYATI) | TAND II | 0.1303 (Acre ) | 0.0527317 |
| 596 | 202 | Private (RAIYATI) | BAG AAM | 0.417 (Acre ) | 0.1687576 |
| 597 | 203 | Private (RAIYATI) | TAND II | 0.3025 (Acre ) | 0.1224201 |
| 598 | 205 | Private (RAIYATI) | TAND II | 0.0411 (Acre ) | 0.0166329 |
| 599 | 255 | Government (GM AAM) | SADAK | 0.0657 (Acre ) | 0.0265884 |
| 600 | 447 | Private (RAIYATI) | DON II | 0.0079 (Acre ) | 0.0031971 |
| 601 | 448 | Private (RAIYATI) | DON II | 0.0287 (Acre ) | 0.0116147 |
| 602 | 449 | Private (RAIYATI) | DON II | 0.0399 (Acre ) | 0.0161473 |
| 603 | 450 | Private (RAIYATI) | DON II | 0.024 (Acre ) | 0.0097127 |
| 604 | 451 | Private (RAIYATI) | DON II | 0.0603 (Acre ) | 0.0244031 |
| 605 | 452 | Private (RAIYATI) | DON II | 0.0576 (Acre ) | 0.0233104 |
| 606 | 453 | Private (RAIYATI) | DON II | 0.0716 (Acre ) | 0.0289761 |
| 607 | 454 | Private (BAKAST ) | DON II | 0.0724 (Acre ) | 0.0292999 |
| 608 | 455 | Private (RAIYATI) | DON II | 0.0517 (Acre ) | 0.0209227 |
| 609 | 456 | Private (BAKAST BHUIHARI) | DON II | 0.0627 (Acre ) | 0.0253743 |
| | | | | Total | 11.9227037 |

[F. No.RW/Ranchi/LA/NH-143AG/JHR/3A]
ABHAY JAIN, Director

PR 347654 Land Reforms(24-25D)

खबर मन्त्र
रांची. मंगलवार 04 मार्च 2025
अभिव्यक्ति
epaper.khabarmantra.net

# आरंभ है प्रचंड

हेमंत सरकार दो ने अपना पहला बजट प्रस्तुत किया। हेमंत सरकार ने एक जबरदस्त बजट पेश कर राज्य को नयी दिशा देने का सार्थक प्रयास किया है। इस आज बजट का सार्थक अबुआ बजट बनाने की दिशा में ठोस प्रयास भी कह सकते हैं। वित्त वर्ष 2025-26 के लिए सरकार ने स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा और परिवार कल्याण के लिए कुल 7 हजार 407 करोड़ 50 लाख 86 हजार रुपए पारित किया है। इस दौरान सरकार की तरफ से स्वास्थ्य और मेडिकल के क्षेत्र में कई बड़ी योजनाओं की भी घोषणा की गई, जो कि सरकार के घोषणा पत्र में भी शामिल थे। वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने इस अवसर पर कहा कि आंरभ है प्रचंड। सरकार राज्यवासियों के लिए सस्ती और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने की लगातार कोशिश कर रही है। इसके लिए सरकार ने तीन श्रेणी (प्राथमिक, माध्यमिक और तृतीयक) स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में कई महत्वपूर्ण कदम उठा रही है। सरकार ने राज्य की राजधानी में नए मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के निर्माण पर प्रशासनिक स्वीकृति दे दी है। इसके अलावा, पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप मॉडल पर राज्य के कुल 6 जिलों में मेडिकल कॉलेज के निर्माण का प्रस्ताव पारित किया है। जिसमें खूंटी, गिरीडीह, जमशेदपुर, धनबाद, देवघर और जामताड़ा जिला शामिल है। स्वास्थ्य बीमा का लाभ मुख्यमंत्री अबुआ स्वास्थ्य सुरक्षा योजना की मंजूरी दी है। मईयां योजना के लिये राशि का आबंटन निश्चित उम्मीद पैदा करता है। राजकोषिय घाटा और देनदारी पूरी तरह नियंत्रण में होना, पर्यटन और शिक्षा के साथ आधारभूत सरंचना पर खर्च से राज्य की समृद्धि में तेज विकास की संभावना है। बजट में राज्य विकास दर भी उम्मीद से अधिक तेज होना सुखद संदेश है। बजट दमदार और राज्य हित में हैं।

## कार्टून वर्ल्ड






**मेष : खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। आगे से रुपये पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बनें। शुभांक-3-6-9**

**वृष : प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच मांगलिक कार्य सम्पन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ रहेगा। शुभांक-3-5-7**

**मिथुन : कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचे तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। दिमाग में निर्मूल तर्क-कुतर्क पैदा होंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। संतान की उन्नति के योग हैं। शुभांक-4-6-7**

**कर्क : आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। शुभांक-2-5-6**

**सिंह : शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। दैनिक सुख-सुविधा में वृद्धि होगी। शुभांक-2-5-7**

**कन्या : सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यो की चेष्टाएं प्रबल होंगी। सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य के लिए भाग-दौड़ रहेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। शुभांक-3-6-7**

**तुला : शुभ कार्यो का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों से समागम होगा। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। शुभांक-5-7-9**

**वृश्चिक : समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। शुभांक-3-6-7**

**धनु : नवीन जिम्मेदारी बढ के आसार रहेंगे। सुविधाओं में शनैः-शनैः बाधा आएगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। शुभांक-3-5-6**

**मकर : सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। परिवार में अशांति रहेगी। शुभांक-1-4-5**

**कुंभ : समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास सफल होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। शुभांक-2-5-7**

**मीन : यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। व्यापार में वृद्धि होगी। शुभांक-2-4-6**

# महाकुंभ: एक प्रशासनिक दक्षता और आस्था का अनूठा संगम

महाकुंभ का एतिहासिक धार्मिक सफल आयोजन का श्रेय सन्याशी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को दिया जा रहा है और दिया भी जाना चाहिए। आज जापान के उस प्रधानमंत्री की सलाह मूर्तरुप ले रही है जिन्होंने 1960 के दशक में तत्कालिन प्रधानमंत्री नेहरू से कहा था कि आपका देश पर्यटनऔर खेती के सहारे ही विश्व शक्ति बन सकता है। आज महाकुंभ ने देश के सबसे बीमारू राज्य उत्तर प्रदेश की अर्थ व्यवस्था में जान फूंक दी। एक अनुमान है कि सिर्फ टीका लगाने वालों ने 150 करोड़ रुपये की कमायी की।


इस मेले की आलोचना करनेवालों को भी दबाव झेलना पड़ा। अखिलेश यादव चुपचाप रात की बेला में कुंभ नहा आये। योगी आदित्यनाथ ने बहुत ही कड़ें शब्दों का उपयोग किया। सूअर और गिद्ध का उदाहरण देकर उन्होंने कहा कि जिसे जो चीज थी वह दिखी।

इस महाकुंभ में 66 करोड़ से अधिक तीर्थयात्रियों ने गंगा-यमुना व अदृश्य सरस्वती के संगम पर महाकुंभ के दौरान डुबकी लगायी। एक भगदड़ की घटना में कुछ श्रद्धालुओं का असमय काल-कवलित होना दुखद ही था। कुछ अग्निकांड भी हुए। लेकिन यदि बात करोड़ों श्रद्धालुओं के संगम में स्नान व उनके आने-जाने व रहने की व्यवस्था की हो तो योगी सरकार अपनी पीठ थपथपा सकती है। रूस-अमेरिका जैसी महाशक्तियों की आबादी से अधिक जनसंख्या का प्रबंधन निश्चय ही एक बड़ी चुनौती थी। ऐसे दौर में जब उपभोक्ता संस्कृति सिर चढ़कर बोल रही है, तब सनातन संस्कृति का ऐसा उफान चौंकाता है। जिसमें लोग तमाम कष्ट सहकर संगम में डुबकी लगाने को आतुर दिखे।

त्याग-संयम से परिचित कराना कुंभ संस्कृति का उद्देश्य भी रहा है। इस तरह हमने अपने पुरखों की गौरवशाली विरासत का सम्मान किया। जिसमें सदियों से करोड़ों लोग बिना चिट्ठी-पत्री के स्वतःस्फूर्त भाव से कुंभ के मेले में जुटते रहे हैं। भारतीय संस्कृति में ऐसी क्या खासियत है? महाकुंभ जैसे इतने बड़े आयोजन कैसे सफलतापूर्वक होते हैं? यह देखने पूरी दुनिया के जिज्ञासु, विभिन्न धर्मों के अनुयायी, फोटोग्राफर



और पत्रकार सदियों से महाकुंभ में जुटते रहे हैं। महाकुंभ के सफल आयोजन के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि महाकुंभ ने पूरी दुनिया को युग-परिवर्तन की आहट और विशाल आयोजन की क्षमता से रूबरू कराया है। महत्वपूर्ण यह है कि तीर्थयात्रियों ने जिस तरह दिल खोल कर खर्च किया, वो निश्चय ही उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था का तारणहार बनेगा। बताते हैं कि इससे प्रदेश की जीडीपी में करीब साढ़े चार लाख करोड़ रुपये का इजाफा होगा। जो देश की तमाम देशी-विदेशी इनवेस्ट समिटों से कहीं ज्यादा ठोस आय का स्रोत बना है। कई गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड इस महाकुंभ के नाम हुए। गुरुवार को तीन वर्ल्ड रिकॉर्ड प्रमाणपत्र मुख्यमंत्री योगी को सौंपे गए। विपक्ष, खासकर सपा व कांग्रेस कुंभ आयोजन को लेकर हमलावर रहे हैं। वहीं शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद ने महाकुंभ के समापन पर कहा कि ये सरकारी महाकुंभ है। असली कुंभ तो माघ पूर्णिमा को ही संपन्न हो चुका था।



**- एनके मुरलीधर**

> इस बार के महाकुंभ को टेक्नोलॉजी के महाकुंभ के रूप में भी याद किया जाएगा। महाकुंभ में विशेष एल्गोरिदम के जरिये इस्तेमाल पांच सौ एआई कैमरे क्राउड डेंसिटी व फैशियल रिकग्निशन के लिये इस्तेमाल किए गए। जिसके जरिये करोड़ों श्रद्धालुओं की गिनती संभव हुई। वहीं बिछुड़ों को परिजनों से मिलाने, आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने में इनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

इस बार के महाकुंभ को टेक्नोलॉजी के महाकुंभ के रूप में भी याद किया जाएगा। महाकुंभ में विशेष एल्गोरिदम के जरिये इस्तेमाल पांच सौ एआई कैमरे क्राउड डेंसिटी व फैशियल रिकग्निशन के लिये इस्तेमाल किए गए। जिसके जरिये करोड़ों श्रद्धालुओं की गिनती संभव हुई। वहीं बिछुड़ों को परिजनों से मिलाने, आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने में इनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। निस्संदेह, इतने बड़े जनसैलाब को संभालना किसी भी सरकार के लिये बड़ी चुनौती होती है। लेकिन भविष्य में महाकुंभ के आयोजन के लिये प्रयागराज महाकुंभ के अनुभवों से सबक लेने की जरूरत है। इस बात का वैज्ञानिक अध्ययन होना चाहिए कि भगदड़ को कैसे टाला जाए। आखिर क्यों दो सौ- तीन सौ किलोमीटर के जाम लगते रहे हैं। कैसे ट्रेनों का संचालन बिना किसी व्यवधान के किया जाए। हालांकि, 16 नई ट्रेनें चलाने की बात कही गई, लेकिन तमाम स्टेशनों पर ट्रेन में चढ़ने के लिये मारामारी होती रही है। दिल्ली रेलवे स्टेशन का हादसा इसका ज्वलंत उदाहरण है। महाकुंभ के सफल आयोजन ने बताया है कि देश में धार्मिक पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। देश में महाकाल कोरिडोर व काशी कोरिडोर की तर्ज पर चारों कुंभ स्थलों पर संरचना निर्माण की दिशा में सोचा जाना चाहिए। प्रयागराज महाकुंभ से प्रेरित होकर महाराष्ट्र सरकार ने नासिक में 2027 में होने वाले सिंहस्थ कुंभ की तैयारियों की शुरूआत कर दी है। बहरहाल, महाकुंभ को सामाजिक समरसता के उत्सव के रूप में भी याद किया जाएगा, जहां जाति, धर्म, क्षेत्र व भाषा की वर्जनाएं टूटती नजर आई। महत्वपूर्ण यह भी कि तीर्थयात्री तमाम कष्टों को सहते हुए सनातन संस्कृति में अटूट आस्था दिखाते रहे। महाकुंभ के समापन पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का झाड़ू लेकर सफाई में जुटना और सफाईकर्मियों के बीच अपने मंत्रिमंडल के सहयोगियों के साथ भोजन करना एक प्रशंसनीय प्रयास हैं। वहीं कुंभ आयोजन की रीढ़ रहे पुलिसकर्मियों, सुरक्षाकर्मियों, स्वास्थ्यकर्मियों, रोडवेज कर्मियों, सफाईकर्मियों को बोनस, छुट्टी और स्मृतिचिन्ह व प्रशस्ति-पत्र देना एक अनुकरणीय पहल है। इससे ऐसे आयोजनों के लिये नई ऊर्जा मिलेगी।

सनातन के शुद्ध विशुद्ध नियम तर्कों से चिंतन और त्याग के साथ तपस्या से जाने और समझें जाते हैं। इसके लिये मनोहारी हंस बनाना होगा। विश्व से आगे ब्रम्हाण्ड की चिंता का कुंभ महाकुंभ से घोशित हुआ। नदियों को मां और जीव से शिव के मिलन का संत-सन्याशी और गहस्थों को एक जगह स्थापित करना कुंभ का पुण्य घड़ा निश्चित ही एक जल स्नान नहीं है यह स्नान है त्याग, मोझ, मुक्ति के चिंतन का। महाकुंभ का विश्वघोष बहुत कुछ गया समझने वालों के लिये।

## लेटर टू एडिटर

### आशातीत सफलता

**प्रयागराज** महाकुंभ के आशातीत सफल समापन पर विचार प्रकट करने वाला था। महाकुंभ में संगम में लगभग 66 करोड़ देश-विदेश के श्रद्धालुओं ने सनातनी परंपरा को जीवंत कर दिया। श्रद्धालुओं का कुंभ पर्व पर एकत्रित होना सामाजिक, आध्यात्मिक एकता समरसता का प्रतीक है। उत्तर प्रदेश सरकार की कुशल शासन प्रशासन व्यवस्था से महाकुंभ को सफल बनाया उल्लेखनीय है।

**-अनिल कौशिक,रांची**

### जेनेरिक दवाइयां को बढ़ावा

**ब्रांडेड** दवाइयां महंगी होती हैं, जिससे हर साल लाखों लोग गरीबी रेखा के नीचे चले जाते हैं। जेनेरिक दवाएं, जो उसी साल्ट से बनती हैं, 10 से 20 गुना सस्ती होती हैं और इन्हें सरकारी योजनाओं में बढ़ावा दिया जा रहा है। डॉक्टरों को जेनेरिक दवाइयों का प्रयोग के लिए बढ़ावा देना चाहिए। जिससे गरीबों को राहत मिले।

**– श्यामलाल सिंह, गढ़वा**

### X ट्वीट

**ये** भारत जैसा देश है जहां विश्व का सबसे बड़ा मानव समागम बिना किसी व्यवधान के पूरा होता है। इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पूरी टीम के मैनेजमेंट को जितनी बधाई दी जाए वे कम है। 66 करोड़ से अधिक लोग प्रयागराज जैसे छोटे शहर में आए और आस्था और विश्वास की डुबकी लगाकर वापस अपने स्थान पर पहुंच गए। इससे साफ जाहिर होता है कि किस तरीके के प्रबंध महाकुंभ किए गए होंगे। हमारा ये कथन भी सत्य हुआ कि जहां आस्था है वहां अर्थव्यवस्था है।

**– प्रवीण खंडेलवाल**
**भाजपा सांसद**

# कैंसर रोधी वैक्सीन कितनी कारगर, अभी बहुत कुछ शोध होना शेष

## चिकित्सा

राकेश दुबेरूस ने घोषणा की है कि उसने कैंसर की रोकथाम के लिए एक नई एमआरएनए-आधारित वैक्सीन विकसित की है जो जल्द ही रोगियों को मुफ्त उपलब्ध करायी जाएगी। गमालेया नेशनल रिसर्च सेंटर फॉर एपिडेमोलोजी एंड माइक्रोबायोलॉजी के निदेशक एलेक्जेंडर गिंट्सबर्ग के मुतसबिक, इस वैक्सीन के क्लिनिकल ट्रायल्स से मालूम हुआ है कि यह रसौली को बढ़ने से रोकती है और उसके आशंकित रूप-परिवर्तन को भी। एमआरएनए या मैसेंजर आरएनए वैक्सीन वह जेनेटिक सूचना उपलब्ध कराती है, जो शरीर की कोशिकाओं को एंटीजन (प्रोटीन या अन्य पदार्थ जो प्रतिरोधात्मक प्रतिक्रिया आरंभ करता है) उत्पादन करना सिखाती है। जब यह एंटीजन कैंसर कोशिकाओं पर पहचान लिए जाते हैं तो इम्यून सिस्टम उनके खिलाफ हमला शुरू कर देता है।प्रश्न यह है कि यह वैक्सीन किस तरह से काम करती है? दरअसल, एमआरएनए कैंसर वैक्सीन इम्यूनोथेरेपी का एक रूप है। कैंसर कोशिकाएं अक्सर ऐसा तरीका विकसित कर लेती हैं कि वह पहचान में आने से बच जायें फलस्वरूप प्रतिरोधात्मक क्षमता उन्हें नष्ट नहीं कर पाती। इस बचाव के तरीके को अब समझ लिया गया है और इम्यूनोथेरेपी का विचार यह है कि शरीर की प्रतिरोधात्मक क्षमता को इस प्रकार मजबूत कर दिया जाये कि वह कैंसर कोशिकाओं को तलाश करके उन्हें नष्ट कर दे तथा फैलने से रोके। इस उपचार में कीमोथेरेपी के विपरीत केवल कैंसर कोशिकाओं को ही नष्ट किया जाता है, नतीजतन साइड-इफेक्ट्स कम हो जाते हैं।वैक्सीन के अतिरिक्त भी इम्यूनोथेरेपी के अन्य अनेक तरीके हैं जैसे कार टी सेल थेरेपी, इम्यून चेकपॉइंट इन्हिबिटर्स आदि। अन्य वैक्सीनों की तरह एमआरएनए कैंसर वैक्सीन रोग को रोकने के लिए स्वस्थ व्यक्तियों के लिए नहीं है कि टीकाकरण करा लिया और रोग होगा ही नहीं। इन्हें उन रोगियों पर इस्तेमाल किया जाता है, जिन्हें पहले से ही कैंसर है ताकि रसौली को निशाना बनाकर उसका उपचार किया जा सके। यह उपचार विधि इस तरह से तैयार की गई है कि हर रोगी की रसौली में जो विशिष्ट एंटीजन होते हैं, उन्हें निशाना बनाया जाये, जिससे यह वैक्सीन व्यक्तिगत हो जाती है और अधिक प्रभावी भी। कैंसर एमआरएनए वैक्सीन को इस तरह से भी डिजाइन किया जा सकता है कि अनेक प्रकार के एंटीजन को निशाना बनाया जा सके।कैंसर की वैक्सीन का शोध केवल रूस में ही नहीं हुआ है। पिछले साल इंग्लैंड की नेशनल हेल्थ सर्विस ने कैंसर वैक्सीन लांच पैड स्थापित किया, जो एक ट्रायल कार्यक्रम है ताकि एमआरएनए व्यक्तिगत कैंसर वैक्सीन क्लिनिकल ट्रायल्स में उन लोगों के लिए तेजी लायी जा सके, जिनको कैंसर होने की पुष्टि हो चुकी है और साथ ही कैंसर का उपचार करने के लिए कैंसर वैक्सीन के विकास को गति प्रदान की जा सके। अमेरिका में ग्लोबल बायोफर्मास्यूटिकल कंपनी क्योरवैक ने पिछले सितम्बर में घोषणा की कि सीवीजीबीएम कैंसर वैक्सीन ने ग्लिओबलस्टोमा (ब्रेन कैंसर) रोगियों पर पहले चरण के अध्ययन में उत्सावर्धक प्रतिरोधात्मक (इम्यून) प्रतिक्रियाएं प्रदर्शित की हैं।

वर्तमान में कैंसर वैक्सीन को लेकर संसार के विभिन्न हिस्सों में 120 से अधिक क्लिनिकल ट्रायल्स चल रहे हैं। हालांकि डॉक्टरों का कहना है कि कैंसर की रोकथाम के लिए वैक्सीन शब्द का प्रयोग भ्रामक है।जहां तक कैंसर के रोकथाम की बात है तो ह्यूमन पपीलोमा वायरस (एचपीवी) वैक्सीन से सर्वाइकल कैंसर को होने से रोका जा सकता है, क्योंकि इस सिलसिले में 90 प्रतिशत से अधिक केस इस वायरस के कारण होते हैं। इसके अतिरिक्त हेपेटाइटिस बी वैक्सीन जो हेपेटाइटिस बी वायरल संक्रमण को रोकने के लिए दी जाती है, उसकी भी जिगर के कैंसर को रोकने में सुरक्षात्मक भूमिका हो सकती है। डॉक्टर इस बात पर बल देते हैं, " इम्यूनोथेरेपी उपचार से कैंसर को होने से नहीं रोका जा सकता। यह रोग होने के बाद का इलाज है।" कोई भी नई ड्रग क्लिनिकल ट्रायल्स के अनेक चरणों से गुजरती है। इस प्रक्रिया में सालों लग जाते हैं। जब तक यह सब डाटा सार्वजनिक तौरपर उपलब्ध नहीं होता है, तब तक यह कहना कठिन है कि रूस की उपचार विधि किस स्तर पर है और वह कितनी सुरक्षित व प्रभावी है।

(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

# परिसीमन एक सामान्य प्रकिया इस पर राजनीति गलत

**डॉ. सत्यवान सौरभ**

## राजनीति

देश में इस समय परिसीमन के मुद्दे पर सियासत में भूचाल आया हुआ है। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने पांच मार्च को इस मुद्दे पर सर्वदलीय बैठक आहूत की है। उन्हें आशंका है कि परिसीमन के बाद तमिलनाडु की संसदीय सीटों की संख्या कम हो सकती है। स्टालिन का समर्थन दक्षिणी राज्यों के अन्य मुख्यमंत्रियों ने भी किया है। अभी यह तय नहीं है कि परिसीमन की प्रक्रिया कब शुरू होगी। यह माना जा रहा है कि 2025-26 में होने वाली जनगणना के बाद परिसीमन हो सकता है। इस प्रक्रिया के 2028 तक पूरी होने की संभावना है। परिसीमन एक संवैधानिक प्रक्रिया है, इसलिए स्टालिन का हल्ला मचाना कहीं से भी ठीक नहीं लग रहा। पहले भी देश में परिसीमन हुए हैं।

राज्यसभा के समान एक मॉडल प्रगतिशील राज्यों को नुकसान पहुंचाए बिना एक संतुलित दृष्टिकोण प्रदान कर सकता है। सीटों का पुनर्वितरण करते समय, हमें आर्थिक योगदान, विकास मीट्रिक और शासन प्रभावशीलता को ध्यान में रखना चाहिए। सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) को प्राप्त करने वाले राज्यों को विशेष राजनीतिक प्रतिनिधित्व दिया जा सकता है, जो अच्छे शासन को पुरस्कृत करता है। क्षेत्रीय संतुलन बनाए रखने और तेजी से बढ़ते राज्यों के प्रभुत्व को रोकने के लिए कानूनी उपाय किए जाने चाहिए।

माना जा रहा है कि 2031 की जनगणना के बाद एक क्रमिक दृष्टिकोण हितधारकों के साथ चर्चा और एक सहज संक्रमण की अनुमति देगा। किसी भी परिसीमन से पहले, एक राष्ट्रीय आयोग को संभावित प्रभावों का आकलन करना चाहिए और आवश्यक सुरक्षा उपाय सुझाने चाहिए। राज्य सरकारों के लिए स्थापित चैनलों के माध्यम से परिसीमन वार्ता में सक्रिय रूप से भाग लेना महत्वपूर्ण है। सहकारी संघवाद को प्रोत्साहित करने के लिए किसी भी सीट पुनर्वितरण को अंतिम रूप देने से पहले अंतर-राज्य परिषद के साथ अनिवार्य परामर्श होना चाहिए। लोकसभा सीटों की संख्या बढ़ने से नागरिकों को बेहतर प्रतिनिधित्व मिलेगा। निर्वाचन क्षेत्रों का आकार छोटा होगा तो शासन में सुधार होगा। बिहार का प्रतिनिधित्व अभी भी 1971 के आंकड़ों पर आधारित है। बावजूद इसके कि इसकी जनसंख्या में काफी वृद्धि हुई है। नवीनतम जनगणना आंकड़ों के अनुसार निर्वाचन क्षेत्रों को संशोधित करने से लोकतांत्रिक समानता को बढ़ावा मिलेगा और चुनावी प्रतिनिधित्व में जनसंख्या असमानताओं को रोका जा सकेगा। झारखंड, जिसे 2000 में बिहार से अलग कर दिया गया था, अभी भी पुरानी निर्वाचन संरचना का पालन कर रहा है, जो राजनीतिक स्पष्टता को कम करता है। मध्य प्रदेश और राजस्थान जैसे राज्यों के लिए अधिक संख्या में सांसदों से बेहतर बुनियादी ढांचा नियोजन और निवेश का बेहतर आवंटन हो सकता है।

प्रगतिशील राज्यों की घटती भूमिका संघवाद और निष्पक्ष राजनीतिक प्रतिनिधित्व को नुकसान पहुंचाती है। प्रभावी शासन वाले दक्षिणी राज्यों का प्रभाव कम हो सकता है, जिससे ठोस नीति प्रबंधन के लिए प्रेरणा कम हो सकती है। केरल की उच्च साक्षरता दर से प्रेरित विकास पर्याप्त सीट आवंटन में तब्दील नहीं हो सकता है, जिससे अन्य राज्य समान रणनीति अपनाने से हतोत्साहित हो सकते हैं। अधिक आबादी वाले राज्यों के लिए अधिक प्रतिनिधित्व केंद्रीकृत नीति निर्माण की ओर रुझान को जन्म दे सकता है, जो क्षेत्रीय शासन स्वायत्तता को प्रतिबंधित कर सकता है। कृषि राज्यों के पक्ष में विधायी समायोजन औद्योगिक क्षेत्रों की जरूरतों की उपेक्षा कर सकते हैं, जिससे आर्थिक संतुलन बाधित हो सकता है।

तमिलनाडु और महाराष्ट्र कम प्रतिनिधित्व के कारण अपने राजकोषीय हितों की रक्षा करने के लिए संघर्ष कर सकते हैं। केवल जनसंख्या के आधार पर प्रतिनिधित्व में वृद्धि उत्तर और दक्षिण के बीच विभाजन को बढ़ा सकती है।इससे क्षेत्रीय तनाव पैदा हो सकता है। तमिलनाडु में राजनीतिक दल परिसीमन के खिलाफ हैं।आम आदमी जानना चाहता है कि परिसीमन क्या होता है? इसमें लोकसभा सीटों की संख्या कैसे घट और बढ़ जाती है? तो पहली बात यह कि देश में हर जनगणना के बाद परिसीमन होता है। यह एक संवैधानिक प्रक्रिया है।वैसे ऐसा जरूरी भी नहीं है कि हर जनगणना के बाद परिसीमन हो। यह एक ऐसी प्रक्रिया है, जिसके तहत लोकसभा व विधानसभा क्षेत्रों का निर्धारण किया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य जनसंख्या में बदलाव के अनुसार सभी नागरिकों के समान प्रतिनिधित्व को सुनिश्चित करना होता है। देश की आजादी के बाद हर 10 साल में जनगणना कराई जाती रही है। हालांकि, 2011 के बाद जनगणना नहीं हुई है।

संविधान के 81(2) में जिक्र है कि किसी राज्य की जनसंख्या और उस राज्य के संसद सदस्यों की संख्या के बीच का अनुपात सभी राज्यों के लिए समान होना चाहिए। इस हिसाब से अधिक जनसंख्या वाले राज्यों में सांसदों की संख्या ज्यादा है और कम जनसंख्या वाले राज्यों में कम सांसद हैं। संभवतः दक्षिणी राज्यों को इसी बात का डर है। कई दक्षिणी राज्यों में जनसंख्या तेजी से घटी है। ऐसे में अगर परिसीमन होता है तो इन राज्यों की लोकसभा सीटों में भी आबादी के अनुसार बदलाव हो सकता है। देश में अब तक चार बार 1952, 1963, 1973 और 2022 में परिसीमन आयोग का गठन किया जा चुका है। पहली बार 1952 में परिसीमन प्रक्रिया के समय देश में 489 लोकसभा सीटें थीं। इसके बाद 1963 में परिसीमन हुआ तो लोकसभा सीटों की संख्या 522 हो गई। 1973 में परिसीमन के तहत लोकसभा सीटों की संख्या 543 हो गई। 1967 में इंदिरा गांधी ने 42वें संविधान संशोधन के जरिए परिसीमन पर 25 साल के लिए रोक लगा दी थी। इसके बाद 2001 में जनगणना हुई और 2002 में परिसीमन आयोग का गठन किया गया। मगर तत्कालीन केंद्र सरकार ने 84वें संविधान संशोधन के तहत इस पर एक बार फिर 25 साल की रोक लगा दी थी। इस संविधान संशोधन के अनुसार, देश में लोकसभा

# झारखंड बजट 2025-26: विकास या छलावा?

## सियासी घमासान तेज

खबर मन्त्र संवाददाता



**हजारीबाग।** झारखंड सरकार द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए पेश किए गए 1,45,400 करोड़ के बजट को लेकर सियासी घमासान तेज हो गया है। जहां सत्ताधारी गठबंधन इसे जनहितैषी और समावेशी बता रहा है, वहीं विपक्ष इसे दिशाहीन और छलावा करार दे रहा है।हजारीबाग लोकसभा सांसद मनीष जायसवाल ने बजट को 'अबुआ सरकार का बबुआ बजट' करार दिया। उन्होंने कहा, 'गठबंधन सरकार ने 10 लाख युवाओं को नौकरी देने का वादा किया था, लेकिन इस बजट में बेरोजगारी दूर करने का कोई ठोस प्रावधान नहीं है। सरकार की रोजगार योजनाएं सिर्फ कागजों तक सीमित हैं, जिससे झारखंड के युवा खुद को ठगा महसूस कर रहे हैं।' वहीं, हजारीबाग लोकसभा सांसद के मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी ने कहा, यह दिशाहीन और आधारहीन बजट है, जिसमें सिर्फ जुमलेबाजी की गई है। महिलाओं, किसानों, युवाओं और मध्यम वर्ग को इससे कोई राहत नहीं मिलेगी। सरकार ने चुनावी वादों को पूरी तरह भुला दिया है।₹भाजपा विधायक प्रदीप प्रसाद ने भी बजट को विफल करार देते हुए कहा, 'यह बजट जनता को भ्रमित करने और खोखले वादों से गुमराह करने वाला है। सरकार ने महिला सुरक्षा, बेरोजगारी और कानून-व्यवस्था जैसे अहम मुद्दों पर कोई ध्यान नहीं दिया।' उन्होंने आगे कहा, 'राज्य में अपराध बढ़ रहे हैं, लेकिन सरकार ने कानून-व्यवस्था सुधारने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया। महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण के नाम पर केवल योजनाएं घोषित की जाती हैं, लेकिन उनका जमीनी असर नहीं दिखता।' बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी ने झारखंड के बजट को पूरी तरह फ्लॉप बताते हुए इसे 'अबुआ नहीं, ठगुवा बजट' कहा। उन्होंने आरोप लगाया कि बजट में आदिवासी, मूलवासी, युवा और किसान वर्ग की उपेक्षा की गई है। जनता को उम्मीद थी, लेकिन सरकार ने उन्हें पूरी तरह निराश किया।

### बजट का सार: जनता को कितना मिलेगा लाभ?

इस बजट में सरकार ने शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि और बुनियादी ढांचे पर जोर दिया है, लेकिन विपक्ष इसे सिर्फ आंकड़ों की बाजीगरी बता रहा है। अब सवाल उठता है कि यह बजट वास्तव में झारखंड की जनता के लिए कितना फायदेमंद साबित होगा? क्या यह बजट राज्य की आर्थिक और सामाजिक स्थिति को सुधार पाएगा, या फिर यह भी महज चुनावी घोषणा बनकर रह जाएगा? इसका जवाब आने वाले समय में ही मिलेगा।

**सत्ता पक्ष का बचाव:** बजट झारखंड के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक कदम

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मुन्ना सिंह ने बजट की सराहना करते हुए इसे झारखंड के विकास को गति देने वाला बताया। उन्होंने कहा, 'यह बजट गरीबों, किसानों, युवाओं और महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। सरकार ने शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि और बुनियादी ढांचे को प्राथमिकता दी है, जिससे झारखंड के आम नागरिकों को सीधा लाभ मिलेगा।' झारखंड कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष निसार खान ने भी बजट को 'समावेशी और सर्वस्पर्शी' बताया। उन्होंने कहा, 'इस बार का बजट पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में 13% अधिक है, जो यह दर्शाता है कि सरकार जनकल्याणकारी योजनाओं को लागू करने के लिए कितनी प्रतिबद्ध है। बजट में झारखंड की बेटियों, किसानों, उद्यमियों और विद्यार्थियों का विशेष ध्यान रखा गया है।' ओबीसी कांग्रेस जिला अध्यक्ष दीपक गुप्ता ने अबुआ बजट को विकासपरक बताते हुए कहा कि इसमें कृषि, ग्रामीण विकास, शिक्षा, सड़क निर्माण और पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए व्यापक प्रावधान किए गए हैं। यह बजट झारखंड में नई विकास क्रांति लाएगा और राज्य की खुशहाली सुनिश्चित करेगा।

## झारखंड सरकार का बजट निराशाजनक और दिशाहीन: मनोज यादव



**बरही।** विधायक मनोज कुमार यादव ने झारखंड सरकार द्वारा पेश किए गए बजट को निराशाजनक और जनअपेक्षाओं के विपरीत बताया है। उन्होंने कहा कि यह बजट पूरी तरह से खोखला साबित हुआ है, जिसमें रोजगार, कृषि, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों की अनदेखी की गई है।विधायक ने कहा कि किसानों को इस बजट से बड़ी उम्मीदें थीं, लेकिन सरकार ने उनकी आय बढ़ाने और कृषि क्षेत्र को मजबूत करने के लिए कोई ठोस प्रावधान नहीं किया, जिससे वे निराश हैं। इसी तरह, युवाओं को रोजगार के नए अवसर मिलने की आशा थी, मगर बजट में इस दिशा में भी कोई ठोस योजना नहीं दिखती। स्वास्थ्य क्षेत्र को लेकर भी सरकार ने कोई विशेष पहल नहीं की, जिससे आम जनता को निराशा हुई है। चुनाव के दौरान किए गए वादों को पूरा करने के बजाय, सरकार ने उन्हें दरकिनार कर दिया है।

# पकरी बारवाडीह खदान ने रचा इतिहास

### 67वें वार्षिक सुरक्षा सप्ताह में जीते सर्वाधिक 9 पुरस्कार



पुरस्कृत होने वाली टीम

खबर मन्त्र संवाददाता

**बड़कागांव।** पकरी बारवाडीह कोयला खनन परियोजना ने 67वें वार्षिक सुरक्षा सप्ताह 2024 में ऐतिहासिक सफलता प्राप्त करते हुए कुल 9 पुरस्कार जीते, जिससे इसने केंद्रीय कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) क्षेत्र में किसी भी एक खदान द्वारा सर्वाधिक पुरस्कार जीतने का नया कीर्तिमान स्थापित किया। यह सुरक्षा सप्ताह कार्यक्रम खान सुरक्षा महानिदेशालय (डीजीएमएस) के तत्वावधान में आयोजित किया गया, जिसमें पकरी बारवाडीह को सुरक्षा मानकों और संचालन में उत्कृष्टता के लिए सम्मानित किया गया।67वें वार्षिक सुरक्षा सप्ताह 2024 का पुरस्कार वितरण एवं समापन समारोह मगध संघमित्रा क्षेत्र में संपन्न हुआ।

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में खान सुरक्षा महानिदेशक (सीआईएम) उज्जवल ताह उपस्थित रहे, जिनके साथ डीजीएमएस के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे। इसके अतिरिक्त, सीसीएल के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक, निदेशकगण, राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम (एनटीपीसी) के कोयला खनन विभाग के क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक, दामोदर घाटी निगम (डीवीसी) के कोयला खनन विभाग के कार्यकारी निदेशक, तथा हिंडाल्को एवं टाटा इस्पात खदानों के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

## एक नजर में

### भाजपा का बूथ कमेटी गठन और मंडल अध्यक्ष चुनाव को लेकर अहम बैठक सम्पन्न

**बड़कागांव।** भाजपा संगठन महापर्व को लेकर बड़कागांव, उरीमारी और केरेडारी मंडलों की संयुक्त बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता बड़कागांव मंडल अध्यक्ष आदित्य साहू सोनी ने की, जबकि संचालन केरेडारी मंडल अध्यक्ष कर्मचारी साव द्वारा किया गया। इस महत्वपूर्ण बैठक में जिला सदस्यता प्रभारी विनोद सिंह, हजारीबाग जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह और पूर्व जिला अध्यक्ष व जिला सदस्यता सह प्रभारी टुनु गोप विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में बूथ कमेटी गठन और मंडल अध्यक्ष चुनाव को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। निर्देश दिया गया कि 5 मार्च तक बूथ कमेटी का गठन अनिवार्य रूप से पूरा कर लिया जाए, जबकि 7 मार्च से 12 मार्च के बीच मंडल अध्यक्षों का चुनाव संपन्न किया जाएगा। मुख्य अतिथि विनोद सिंह ने कार्यकताओं से प्राथमिक सदस्यता, सक्रिय सदस्यता और बूथ कमेटियों के गठन को लेकर फीडबैक लिया और संगठन को और मजबूत करने पर जोर दिया।

### हजारीबाग में ऐतिहासिक फाल्गुन निशान यात्रा का भव्य आयोजन

**हजारीबाग।** हजारीबाग में अग्रवाल युवा मंच द्वारा आयोजित श्री श्याम रंगीलो फाल्गुन निशान यात्रा सोमवार को भव्य और दिव्य वातावरण में संपन्न हुई। पूरे नगर में भक्तिमय उल्लास और श्रद्धा का अद्भुत संगम देखने को मिला। यह पावन यात्रा राणी सती मंदिर प्रांगण से प्रारंभ होकर शहर के विभिन्न चौक-चौराहों से होते हुए पुनः मंदिर परिसर में समाप्त हुई। जय श्री श्याम के जयकारों, भजन-कीर्तन और पुष्पवर्षा के बीच पूरा शहर भक्तिमय माहौल में डूब गया। श्रद्धालुओं ने बाबा श्याम की महिमा गाते हुए नृत्य, कीर्तन और भजनों का आनंद लिया।

### बेकाबू ट्रैक्टर ने बाइक सवार छात्र को कुचला, एक की मौत, दूसरा गंभीर

**बरकट्ठा।** थाना क्षेत्र के ढोढ़िया नदी पुल (पंदना मोड़) के पास सोमवार सुबह 8:30 बजे एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने बाइक सवार दो छात्रों को टक्कर मार दी। हादसे में एक छात्र की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। दोनों चचेरे भाई थे और मैट्रिक की परीक्षा देने बरकट्ठा प्लस टू हाई स्कूल जा रहे थे। मृतक की पहचान रोहित कुमार (18) पिता अर्जुन महतो, ग्राम सिमरिया, चुगलामो के रूप में हुई, जबकि घायल नीतीश कुमार (18) पिता मंटू महतो, ग्राम बनपुरा, चुगलामो निवासी है। घायल को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए धनबाद रेफर कर दिया गया। हादसे के बाद ग्रामीणों ने सड़क जाम कर दिया और अवैध बालू परिवहन बंद करने व मुआवजा देने की मांग की। पुलिस के हस्तक्षेप और मुआवजा तय होने के बाद करीब सात घंटे बाद शव उठाया गया। ग्रामीणों ने डीएसपी अजित कुमार विमल से शिकायत की कि बरकंनगांगों एवं बराकर नदी घाट से अवैध रूप से सैकड़ों ट्रैक्टर बालू ढोते हैं, जिन पर प्रशासन कोई कार्रवाई नहीं करता। हादसे के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। जिप सदस्य कुमकुम देवी ने परिजनों को सांत्वना दी और अभिभावकों से अपील की कि परीक्षा के दौरान बच्चों को खुद परीक्षा केंद्र तक पहुंचाएं।

### सेवानिवृत्त एसआई जहांगीर हुसैन को दी गई सम्मानजनक विदाई

**बरही।** थाना में कार्यरत एसआई जहांगीर हुसैन के सेवानिवृत्त होने पर रविवार देर शाम थाना प्रांगण में एक विदाई सह सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस मौके पर पुलिस पदाधिकारियों, जवानों और कार्यालय कर्मियों ने उन्हें भावभीनी विदाई दी। समारोह के दौरान एसआई जहांगीर हुसैन को पुष्पमाला पहनाकर, अंग वस्त्र और उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। उपस्थित पुलिसकर्मियों ने उनके समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा की सराहना की। विदाई समारोह में एसडीपीओ अजित कुमार विमल, थाना प्रभारी इंस्पेक्टर आभास कुमार, एसआई सुमित साव समेत कई पुलिसकर्मी मौजूद रहे। अपने संबोधन में सेवानिवृत्त एसआई जहांगीर हुसैन ने सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त किया और पुलिस सेवा के दौरान मिले स्नेह व समर्थन के लिए साधुवाद दिया।

### लसकरी गांव में गहराया जल संकट, पेयजल के लिए परेशान लोग

**बरही।** प्रखंड मुख्यालय से महज तीन किलोमीटर दूर स्थित लसकरी गांव में पानी की गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई है। गर्मी की शुरूआत होते ही जलस्तर तेजी से गिरने लगा है, जिससे अधिकांश चापाकल सूख गए हैं। जो एक-दो चापाकल अभी भी काम कर रहे हैं, वहां पानी भरने के लिए भारी भीड़ उमड़ रही है। गांव के लोग पानी की इस किल्लत को लेकर चिंतित हैं। उनका कहना है कि गर्मी अभी शुरू ही हुई है, ऐसे में आने वाले दिनों में स्थिति और भी भयावह हो सकती है। जब भी कोई जनप्रतिनिधि या अधिकारी गांव का दौरा करता है, तो ग्रामीण सबसे पहले पानी की मांग रखते हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकला है। लसकरी गांव में लगभग 150 घरों में एक हजार से अधिक लोग निवास करते हैं, जो पानी की समस्या से जूझ रहे हैं।

## पीड़ित परिवार से मिली पूर्व प्राचार्या उर्मिला सिंह, बंढ़ाया ढ़ाढ़स



पीड़ित परिवार से मिलकर ढ़ाढ़स बंधाती पूर्व प्राचार्या उर्मिला सिंह

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** डीएवी बरकाकाना की पूर्व प्राचार्या उर्मिला सिंह सोमवार को जवाहरनगर में मृतक सौरभ कुमार के परिजनो से मिलकर ढांढस बंधाया। मौके पर उर्मिला सिंह ने कहा कि सौरभ स्कूल का बहुत ही होनहार और मेधावी छात्र था। सड़क दुर्घटना में उसकी मौत की खबर से मैं मर्माहत हूं। उन्होंने दिवंगत छात्र की आत्मा की शांति के लिये ईश्वर से प्रार्थना की।

## घोर निराशाजनक बजट, चुनावी वादे पर नहीं किया कोई अमल: मनीष

**रामगढ़।** सोमवार को झारखण्ड सरकार द्वारा वर्ष 2025-26 का एक लाख 45 हजार 400 करोड़ रुपए का बजट हुआ पेश। बजट झारखंड के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने पेश किया। इस बजट को घोर निराशाजनक बजट बताते हुए हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि यह बजट अबुआ सरकार का राग अलापने वाली गठबंधन सरकार का झारखंड कि जनता को बबुआ बनाने वाला बजट है।

## नईसराय में डायलिसिस की व्यवस्था को लेकर आरसीएमयू क्षेत्रीय सचिव ने सीसीएल प्रबंध निदेशक को दिया आवेदन

खबर मन्त्र संवाददाता



आरसीएमएयू क्षेत्रीय सचिव राजकुमार ठाकुर

**कुजू।** राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन के कुजू क्षेत्रीय सचिव राजकुमार ठाकुर ने सीसीएल अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक को केंद्रीय अस्पताल नईसराय रामगढ़ में गांधी नगर अस्पताल जैसा डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध कराने को लेकर आवेदन दिया है। जिसमें उन्होंने कहा है कि सीसीएल की आधी आबादी (कुजू, हजारीबाग, माइंस रेस्कयू रामगढ़, रजरप्पा, धोरी, कथारा, बोकारो, करगली, अरगड्डा, बरका सयाल एरिया एवं केंद्रीय कार्यशाला बरकाकाना) का केंद्रीय एवं नजदीकी अस्पताल रामगढ़ है। साथ ही इन क्षेत्रों में कार्यरत मजदूरों एवं उनके परिवार के इलाज को लेकर पुणतः केंद्रीय अस्पताल रामगढ़ पर ही आश्रित है। इन क्षेत्रों में किडनी के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। लेकिन डायलिसिस की व्यवस्था केंद्रीय अस्पताल रामगढ़ में नहीं रहने के के कारण मजदूर एवं उनके आश्रितों को डायलिसिस के लिए रांची जाना पड़ता है।

कुछ मजदूर तो ऐसे भी है जो सुदूरवर्ती क्षेत्रों में कार्यरत है, और उनके परिवार उपरोक्त क्षेत्रों में निवास करते है। उन मरीजों का डायलिसिस औसतन दो से तीन बार प्रति सप्ताह होता है।

## श्री श्री राम नाम प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ को लेकर निकाली गई कलश यात्रा

**कुजू।** श्री श्री राम नाम प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ को लेकर राम जानकी मंदिर समिति मनमोहन नगर साण्डी द्वारा सोमवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें भगवा वस्त्र धारण किए 551 महिला पुरुष श्रद्धालु गाजे बाजे के साथ मंडप परिसर से देवी देवताओं के जयघोष के साथ प्राचीन शिव मंदिर टूटी झरना के लिए प्रस्थान किए। इसके बाद कलशधारी अपने अपने कलश में जल को भरा। साथ ही नगर भ्रमण के साथ यज्ञ मंडप पहुंचे। बाद में पंडितो ने विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों के बीच मंडप प्रवेश कराया।

# सयाल डी परियोजना के अस्पताल को पुनः हॉस्पिटल का दर्जा दिया जाए : त्रिलोकी नाथ

### सयाल डी पीओ को सौंपा 21 सूत्री मांग-पत्र





धरना में शामिल यूनियन के लोग, 21 सूत्री मांग-पत्र सौंपते यूनियन के लोग

खबर मन्त्र संवाददाता

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** 21 सूत्री मांगों को लेकर दि झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन द्वारा सोमवार को सयाल डी परियोजना कार्यालय के समझ एक दिवसीय धरना सह आमसभा का आयोजन किया। इसकी अध्यक्षता दिझाकोयू के शाखा अध्यक्ष युसूफ खान एवं संचालन शाखा सचिव त्रिलोकी नाथ सिन्हा ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि यूनियन के सीसीएल उपाध्यक्ष बीपी लाल, यूनियन के सहसचिव अवधेश कुमार, विशिष्ट अतिथि यूनियन के बरका-सयाल क्षेत्रीय सचिव अनिल कुमार सिंह उपस्थित थे। आमसभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि मजदूरों एवं विस्थापितों के समस्याओं को लेकर सीसीएल प्रबंधन गंभीर नहीं है। मजदूरों एवं विस्थापितों के साथ भेद-भाव एवं उपेक्षा पुर्ण-निति के कारण मजदूरों एवं विस्थापितों में भारी आक्रोष का माहौल है। जो भविष्य में ओद्योगिक अशांति का कारण बन सकता है। आमसभा के बाद सयाल शाखा की ओर से सयाल डी परियोजना पदाधिकारी को 21 सूत्री मांग पत्र सौंपा गया। मांग-पत्र में परियोजना के आवागमन रास्ते पर धुल-प्रदूषण से बचाव को ले तीनों समय पानी का छिड़काव करने, सभी माईनस क्वाटरों में लैट्रीन चेम्बर के टुटे पाईप को लैटरिंग चेम्बर तक बदलने एवं मरम्मत करने, ट्रांस्पोर्टिंग रोड भानू कॉलोनी पुल से लेकर पोड़ागेट एवं टिपला तक जगह-जगह पर स्पीड ब्रेकर का निर्माण करने, परियोजना के सभी कॉलोनियों में सड़े-गले सप्लाई पाईप को बदलने व समुचित पेयजल की व्यवस्था करने, परियोजना के कॉलोनियों के जर्जर सड़कों की मरम्मत कराने, सयाल डी परियोजना में कभी आदर्श क्षेत्रिय चिकित्सालय हुआ करती थी। जिसे आज सिर्फ डिस्पेन्सरी की रुप दी गई है उसे दुरूस्त कर फस्ट ऐड किट, दवा एवं ड्रेसिंग की समुचित व्यवस्था करने सहित 21 मांगे शामिल हैं। पत्र के अंत में कहा गया है कि प्रबंधन 15 दिनों के अन्दर वार्ता कर समस्याओं का निदान करें अन्यथा हमारी यूनियन चरणवद्ध आन्दोलन करने को बाध्य होगी। जिसकी सारी जवाबदेही प्रबंधन की होगी। मौके पर राजेंद्र प्रसाद, नीरज कुमार, विद्यासागर पासवान, राजेंद्र यादव, प्रमोद राय, राज वर्मा, काजल कौर, नीलम चौहान, सुजीत चौहान, अनिल कुमार, प्रयाग महतो, ईश्वरी महतो, छोटू गोस्वामी, रामवृक्ष भुंइया, अमन कुमार, ओम सिंह, बंटी सिंह, नीरज कुमार आदि उपस्थित थे।

# छठा वार्षिकोत्सव एवं पांच दिवसीय महायज्ञ 8 मार्च से

### सांसद व विधायक हुए शामिल

खबर मन्त्र संवाददाता



मौके पर उपस्थित लोग

**चौपारण।** चौपारण के बिगहा स्थित हनुमंत मंदिर परिसर में एक वृहद बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें सर्वसम्मति से छठे वार्षिक महोत्सव और पांच दिवसीय महायज्ञ के आयोजन का निर्णय लिया गया। इस धार्मिक आयोजन की तैयारियों को लेकर बैठक में हनुमत सेवा संस्थान के सदस्यों सहित क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित रहे। बैठक में विशेष रूप से सांसद मनीष जायसवाल और विधायक मनोज कुमार यादव भी पहुंचे, जिन्होंने संस्थान के सदस्यों का उत्साहवर्धन किया। सांसद मनीष जायसवाल ने अपने संबोधन में कहा कि सनातन परंपरा को आगे बढ़ाने के लिए ऐसे धार्मिक आयोजनों को निरंतर प्रोत्साहित किया जाना चाहिए।


## कार्यालय: जिला परिषद, लातेहार

**विभिन्न सैरातों की बन्दोबस्ती वर्ष 2025–26**

**सूचना**

| क्र | सैरात का नाम | थाना | बन्दोबस्ती का तिथि | समय | बन्दोबस्ती की राशि | जमानत की राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हरैया पशु मेला, श्रावणी मेला एवं शुक्रवारीय हाट बाजार चन्दवा (दिनांक 15.03.2025 से होली 2026 तक) | चन्दवा | 10/03/2025 | 11:00 AM | 33,70,650 | 3,38,000 |
| 2 | बस पड़ाव चन्दवा। (दिनांक 01.04.2025 से 31.03.2026 तक) | चन्दवा | 10/03/2025 | 11:30 AM | 28,19,225 | 2,82,000 |
| 3 | सुलभ शौचालय, चन्दवा। (दिनांक 01.04.2025 से 31.03.2026 तक) | चन्दवा | 10/03/2025 | 12:00 PM | 8,165 | 1,000 |
| 4 | बस पड़ाव बालूमाथ। (दिनांक 01.04.2025 से 31.03.2026 तक) | बालूमाथ | 10/03/2025 | 12:30 PM | 17,85,231 | 1,79,000 |
| 5 | बस पड़ाव बालूमाथ में सुलभ शौचालय। (दिनांक 01.04.2025 से 31.03.2026 तक) | बालुमाथ | 10/03/2025 | 11:00 AM | 4715.00 | 5,00 |
| 6 | कार्तिक पूर्णिमा पशु मेला बालुमाथ। | बालुमाथ | 10/03/2025 | 11:30 AM | 17,94,000 | 1,80,000 |
| 7 | अषाढ़ी पशु मेला बालुमाथ | बालुमाथ | 10/03/2025 | 12:00 PM | 5,37,912 | 55,000 |

नोट :–
1. उक्त तिथि को डाक सम्पन्न नहीं होने पर दिनांक 11/03/2025 को पूर्वाहन 11:00 बजे तथा यदि इस तिथि को भी डाक सम्पन्न नहीं हुआ तो पुनः दिनांक 12/03/2025 को पूर्वाहन् 11:00 बजे बन्दोबस्ती की जाएगी।
2. निलामी की नियम एवं शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट पर कार्यालय अवधि में देखी जा सकती है तथा NIC Latehar के वेबसाईट पर भी उपलब्ध है।
3. निलामी में भाग लेने वाले व्यक्तियों के लिए स्थानीय प्रमाण पत्र/पहचान पत्र/आधार कार्ड की छायाप्रति (कोई एक) जमा करना अनिवार्य होगा। आवश्यकतानुसार मांगे जाने पर मूल प्रति प्रस्तुत करना होगा।

उप विकास आयुक्त–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, लातेहार

PR 347563 Rural Development (24-25)_D



## कार्यालय: असैनिक शल्य चिकित्सक-सह-मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, राँची

(जिला कार्यक्रम प्रबंधन इकाई, राँची) Phone/Fax No:0651-2215618
Email ID:- csofficeranchi@yahoo.com


राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन झारखण्ड के तहत् जिला स्वास्थ्य समिति रांची द्वारा संविदा के आधार पर (बैकलॉग सहित) ए0एन0एम0 स्टाफ नर्स/लैब टेक्निशियन/काउन्सेलर/फार्मासिस्ट एंव अन्य निम्नांकित पदो हेतु वांछित योग्यता एंव अर्हता रखने वाले अभ्यार्थियों से आवेदन आमंत्रित किया जाता है। आवेदन समर्पित करने की अंतिम तिथि दिनांक– 02.04.2025 है। आवेदन पत्र www.ranchi.nic.in or www.sadar hospital.com के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन कर सकते है। उक्त तिथि के पश्चात् प्राप्त होने वाले आवेदनों पर विचार नही किया जायेगा।

| SL. NO. | Name of Program | Name Of The Post | Categories Wise Vacancy Details(NHM) | | | | | | Vacant |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अनारक्षित | अ0पि0व0 | अन0ज0जा0 | अनु0जा0 | अ0पि0व0 | पि0वर्ग0 | |
| 1 | RCH | ANMS | 36 | 9 | 19 | 0 | 9 | 8 | 72 |
| 2 | RCH | GNM/STAFF NURSE | 10 | 2 | 4 | 1 | 0 | 0 | 17 |
| 3 | RCH | BDM | 1 | 0 | 3 | 0 | 0 | 0 | 4 |
| 4 | DIST NCD CLINIC | GNM | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 2 |
| 5 | CHC NCD CLINIC | GNM | 1 | 1 | 0 | 1 | 1 | 0 | 4 |
| 6 | DIST CHC CLINIC | Lab Technician | 6 | 1 | 5 | 1 | 1 | 0 | 14 |
| 7 | NCD CHC | Counsellor | 5 | 1 | 4 | 1 | 0 | 0 | 11 |
| 8 | NPHCE | Rehabilitation worker | 3 | 1 | 3 | 1 | 0 | 0 | 8 |
| 9 | NPHCE | GNM/STAFF NURSE | 3 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 4 |
| 10 | RMNCH+ A | Counsellor | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 2 |
| 11 | AYUSH | pharmacist | 1 | 0 | 1 | | | | 2 |
| 12 | MTC | Nutrition Counsellor | 2 | 0 | 2 | 0 | 0 | 0 | 4 |
| 13 | MTC | ANMS | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 2 |
| 14 | SNCU | GNM/STAFF NURSE | 8 | 1 | 6 | 1 | 2 | 0 | 18 |
| 15 | NBSU | GNM/STAFF NURSE | 4 | 0 | 3 | 0 | 1 | 0 | 8 |
| 16 | RBSK | ANMS | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 2 |
| 17 | RBSK | pharmacist | 11 | 2 | 9 | 1 | 2 | 0 | 25 |
| 18 | RBSK | Ophthalmic Asst. | 2 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 3 |
| 19 | NUHM | ANMS-UPHC | 11 | 2 | 9 | 2 | 1 | 1 | 26 |
| 20 | NUHM | STAFF NURSE-UPHC | 4 | 1 | 4 | 1 | 1 | 0 | 11 |
| 21 | NUHM | pharmacist-UPHC | 2 | 1 | 3 | 0 | 0 | 0 | 6 |
| 22 | NUHM | LT-UPHC | 2 | 1 | 3 | 0 | 0 | 0 | 6 |
| 23 | NUHM | pharmacist-UCHC | 2 | 0 | 2 | 0 | 0 | 0 | 4 |
| 24 | NUHM | Staff Nurse-UPHC | 4 | 0 | 3 | 0 | 1 | 0 | 8 |
| 25 | NUHM | LT-UCHC | 2 | 0 | 2 | 0 | 0 | 0 | 4 |
| 26 | DIST NCD CLINIC | Counsellor | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 27 | NMHP | Clinical psychologist | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 28 | NMHP | Psychiatri social worker | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 29 | RBSK DEIC | GNM/STAFF NURSE | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 30 | RBSK DEIC | Lab Technician | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 31 | RBSK DEIC | Dental Technician | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| | Total | | 130 | 23 | 90 | 10 | 20 | 9 | 273 |

उपरोक्त सभी पदो हेतु संविदा की शर्ते, आवेदन शुल्क, आवेदन की प्रक्रिया, चयन की प्रक्रिया आदि समुचित जानकारी www.ranchi.nic.in or www.sadar hospital.com पर देखा जा सकता है एवं सूचनाएं प्राप्त की जा सकती है।

असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, रांची | PR 347579 Health Med Edu and Family Welfare (24-25)_D | उप विकास आयुक्त रांची

# सोमवार का व्रत करने से पूरी होती है हर मनोकामना, प्राप्त होता है शिवजी का आशीर्वाद



अनन्या मिश्रा

सोमवार के दिन शिवजी की विशेष पूजा-अर्चना की जाती है। सोमवार का व्रत रखने से भगवान शिव की कृपा प्राप्त होती है। ऐसे में आज हम आपको सोमवार का व्रत कथा के बारे में बताने जा रहे हैं।

हिंदू धर्म में सोमवार का दिन भगवान शंकर को समर्पित होता है। इस दिन भगवान शिव की विशेष रूप से पूजा-अर्चना की जाती है। जो भी जातक श्रद्धापूर्वक करने से मानसिक क्लेशों से छुटकारा मिलता है और व्यक्ति की सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। वहीं सावन के महीने में सोमवार का व्रत करना अधिक फलदाई माना जाता है। वैसे तो सोमवार व्रत चैत्र, श्रावण और कार्तिक महीने में किया जाता है। सोमवार का व्रत रखने से भगवान भोलेनाथ के साथ मां पार्वती की भी पूजा करनी चाहिए। वहीं व्रत वाले दिन एक बार भोजन ग्रहण करना चाहिए। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको सोमवार का व्रत कथा के बारे में बताने जा रहे हैं।

## सोमवार व्रत की पावन कथा

एक साहूकार भगवान शिव का परम भक्त था और उसके पास धन-दौलत की कोई कमी नहीं थी। लेकिन साहूकार की कोई संतान नहीं थी और वह संतान की कामना को लेकर रोजाना भोलेनाथ के मंदिर में जाकर दीपक जलाता था। यह भक्तिभाव देखकर मां पार्वती ने शिवजी से कहा कि स्वामी यह साहूकार आपका अनन्य भक्त है। अगर इसको किसी बात का कष्ट है, तो आपको उसे दूर करना चाहिए। तब शिवजी बोले हे पार्वती साहूकार के पास संतान नहीं है, जिस कारण वह दुखी रहता है। तो मां पार्वती ने कहा कि आप इसको कृपा करके पुत्र का वरदान दे दीजिए।

तब भोलेनाथ ने कहा कि इसके भाग्य में पुत्रयोग नहीं हैं। ऐसे में अगर इसको पुत्र मिल भी गया, तो वह सिर्फ 12 साल की उम्र तक ही जीवित रहेगा। यह सुनने के बाद भी मां पार्वती ने कहा कि आपको साहूकार को पुत्र का वरदान देना ही होता, वरना अन्य भक्त सेवा और पूजा क्यों करेंगे। मां के बार-बार कहने पर भोलेनाथ ने साहूकार को पुत्र का वरदान दे दिया। लेकिन शिवजी ने कहा कि यह बालक 12 वर्षों तक ही जीवित रहेगा। वहीं साहूकार भी यह सारी बातें सुन रहा था, इसलिए वह न तो खुश हुआ और न दुखी। वह पहले की तरह ही भोलेनाथ की पूजा-अर्चना करता रहा। उधर शिवजी के आशीर्वाद से सेठानी गर्भवती हो गई और 9वें महीने उसको पुत्र रत्न की प्राप्ति हुई। परिवार में खूब हर्षोल्लास मनाया गया, लेकिन साहूकार पहले की तरह रहा और उसने बालक के 12 साल तक जीवित रहने की बात किसी से नहीं कही।

## बालक को भेजा काशी

जब बालक की उम्र 11 साल की हो गई, तो वह एक दिन साहूकार की सेठानी ने बालक की शादी के लिए कहा। तब साहूकार ने कहा कि वह बालक को पढ़ने के लिए काशी भेजेगा। जिसके बाद उसने बालक मामा को बुलाया और काशी पढ़ने के लिए भेज दिया। साथ ही यह भी कहा कि जिस भी स्थान पर दोनों रुकना वह यज्ञ करते हुए और ब्राह्मणों को भोजन कराते हुए आगे बढ़ना। इस तरह से जब मामा-भांजे जा रहे थे, तो रास्ते में एक राजकुमारी का विवाह था। लेकिन जिससे राजकुमारी का विवाह होना था, वह एक आंख से काना था। तब उसके पिता ने जब अति सुंदर साहूकार के बेटे को देखा, तो उसके मन में आया कि क्यों न साहूकार के बेटे को बिठाकर शादी के सारे कार्यक्रम संपन्न करा लिया जाए। इस बारे में उन्होंने मामा से बात की और कहा कि इस कार्य को करने के बदले वह अथाह धन देंगे, जिस पर लड़के के मामा राजी हो गए।

## साहूकार के बेटे का विवाह

साहूकार के बेटा विवाह की वेदी पर बैठा और जब विवाह कार्य संपन्न हो गए। लेकिन जाने से पहले उसने राजकुमारी की चुनरी पर लिखा कि तेरा विवाह तो मेरे साथ हुआ, लेकिन जिस राजकुमार के साथ तुमको भेजा जाएगा, वह एक आंख से काना है। फिर वह अपने मामा के साथ काशी चला गया। वहीं जब राजकुमारी ने चुनरी पर यह लिखा देखा तो उसने राजकुमार के साथ जाने से मना कर दिया। तब राजा ने भी अपनी पुत्री को बारात के साथ विदा नहीं किया। इस तरह से बारात वापस लौट गई और उधर मामा-भांजे भी काशी पहुंच गए।

## निकल गए भांजे के प्राण

एक दिन मामा ने यज्ञ रखा था, तो भांजा बहुत देर तक नहीं आया। जब मामा ने अंदर जाकर देखा तो भांजे के प्राण निकल चुके थे। वह बहुत परेशान हुए और सोचा कि अगर वह अभी रोना पीटना मचाया तो ब्राह्मण चले जाएंगे। वहीं यज्ञ का कार्य अधूरा रह जाएगा। जब यज्ञ संपन्न हुआ तो मामा ने रोना-पीटना शुरूकर दिया। उसी दौरान शिव-पार्वती उधर से जा रहे थे, तो मां पार्वती ने शिवजी से पूछा कि प्रभु ये कौन रो रहा है। तभी उनको पता चला कि यह साहूकार का पुत्र है, जो भोलेनाथ के आशीर्वाद से जन्मा था।


## शिवजी ने दिया जीवनदान

तब मां पार्वती शिवजी से कहती हैं कि हे स्वामी इसको जीवित कर दें, अन्यथा इसके माता-पिता के रो-रोकर प्राण निकल जाएंगे। तब शिव जी ने कहा कि मां पार्वती की इसकी आयु इतनी थी, तो वह अपना भोग चुका। लेकिन मां पार्वती के बार-बार आग्रह करने पर भोलेनाथ ने उसको जीवित कर दिया। फिर लड़का ऊँ नमः शिवाय का जाप करते हुए उठा और मामा-भांजे दोनों ने ईश्वर को धन्यवाद दिया और नगरी वापस लौट गए। रास्ते में फिर वही नगर पड़ा और राजकुमारी ने उनको पहचान लिया। तब राजा ने राजकुमारी को साहूकार के बेटे को बहुत से धन-धान्य से विदा किया।

## शिवशंभू की कृपा हुई

वहीं साहूकार और उसकी पत्नी छत पर बैठे हुए थे और उन्होंने यह प्रण किया था कि अगर उनका पुत्र सकुशल न वापस लौटा तो वह छत से कूदकर अपने प्राण त्याग देंगे। तभी लड़के के मामा ने बेटे और बहू के आने का समाचार साहूकार को सुनाया। लेकिन वह नहीं मानें तो मामा ने शपथ पूर्वक कहा तो दोनों को विश्वास हो गया। साहूकार और उसकी पत्नी ने बेटे-बहू का स्वागत किया। उसी रात साहूकार को शिवजी ने स्वप्न दिया और कहा कि मैं तुम्हारी पूजा से प्रसन्न हुआ। इस तरह से जो भी कथा पढ़ेगा या सुनेगा तो उसके सभी दुख दूर हो जाएंगे। वहीं जातक की मनोवांछित इच्छाओं की भी पूर्ति होगी।

# भगवान शिव से जुड़ा है नाम रुद्र प्रयाग



उत्तराखंड में स्थित रुद्रप्रयाग अलंकनंदा नदी के पांच प्रयाग में से एक है। अलकनंदा और मंदाकिनी नदी यहां मिलती हैं। पवित्र स्थल केदारनाथ की यहां से दूरी महज 86 किलोमीटर है। हरिद्वार और ऋषिकेश रेलवे स्टेशन से रुद्रप्रयाग पहुंचा जा सकता है।

कहा जाता है कि इसी जगह पर भगवान शिव ने नारद को आशीर्वाद दिया था और रुद्र अवतार में प्रकट हुए थे। हिमालय के नजदीक होने की वजह से यह जगह काफी खूबसूरत दिखाई पड़ती है और पर्यटक भी यहां आते रहते हैं। रुद्रप्रयाग में कई पवित्र मंदिर भी है जिसे देखने के लिए सालों भर भक्त पहुंचते हैं।

इनमें जगदंबा और शिव मंदिर प्रमुख हैं। इसके साथ-साथ अलकनंदा नदी के पास स्थित कोटेश्वर मंदिर भी श्रद्धालुओं के बीच काफी प्रसिद्ध है। दिल्ली के रुद्रप्रयाग की दूरी करीब 357 किलोमीटर है।

केदारनाथ के अलावा बद्रीनाथ जाने के लिए भी रुद्रप्रयाग से रास्ता है। इसलिए यहां काफी संख्या में लोग आते रहते हैं। 2013 में उत्तरखंड में आई बाढ.की वजह से रुद्रप्रयाग को काफी क्षति हुई थी। कई मकान और पुल ढह गए थे।

दुनिया के बेहतरीन स्थलों में हिमालय के इस संगम स्थल का शुमार है जिसके कारण पूरी दुनिया से लोग यहां घूमने आते हैं। निश्चित तौर पर देश दुनिया के लोग के लिए यह स्थल विशेषकर गर्मियों में एक बड़ा भ्रमण का स्थल है।


# योगदा मठ : अध्यात्म को विज्ञान की वेदी पर प्रतिष्ठा

अलकेश त्यागी

**सिद्धपुरुष** मानवता को कुछ शाश्वत सत्य दिए बिना संसार से नहीं जाते। प्रत्येक मुक्तात्मा ईश्वर-प्राप्ति का कुछ न कुछ प्रकाश व प्रभाव दूसरों पर छोड़कर जाती है। इसी दायित्व को योगी कथामृत के लेखक, भारत में योगदा सत्संग सोसायटी (वाईएसएस) तथा अमेरिका में सेल्फ-रियलाइजेशन फैलोशिप (एसआरएफ) जैसी संस्थाओं के संस्थापक, श्री श्री परमहंस योगानंदजी ने बड़ी खूबसूरती से निभाया है। उन्होंने गीता की अद्भुत व्याख्या कर आधुनिक विश्व को एक नई दृष्टि दी है।

परमहंस योगानंद जी कृत गॉड टॉक्स विद अर्जुन द भागवत गीता पहली बार 1995 में अंग्रेजी में प्रकाशित हुई लेकिन अल्पकाल में ही इसे 20वीं सदी का सर्वाधिक महत्वपूर्ण आध्यात्मिक ग्रंथ माना गया। इसका हिंदी संस्करण ह्यकृष्ण-अर्जुन संवाद भगवद् गीता नाम से उपलब्ध है।

योगानंद जी ने गीता की इस टीका पर 1932 में ही काम शुरू कर दिया था, जो 1952 तक पूर्ण हुआ। बोलकर गीता पर टीका लिखवाते समय योगानंद जी की अवस्था के बारे में उनके शिष्य ने लिखा है ह्यवह कुछ समय के लिए अहाते में आए। उनकी आंखों में अपरिमित एकाकीपन था और उन्होंने मुझसे कहा; ह्यतीनों लोक मुझमें बुलबुले की तरह तैर रहे हैं।






अपने लेखन कार्यों की अंतिम परिणति के लिए योगानंद जी अमेरिकी शिष्या तारामाता पर निर्भर करते थे। उन्हें उस समय की सर्वोत्तम संपादक बताते हुए कहते ह्यअपने गुरु स्वामी श्रीयुक्तेश्वर जी के अलावा किसी और के साथ भारतीय दर्शन पर चर्चा में इतना आनंद नहीं मिला जितना लॉरी (तारामाता) के साथ। लेकिन अपने जीवन के अंतिम वर्षों में उन्होंने एक अन्य शिष्या मृणालिनी माता को प्रशिक्षित करना आरंभ कर दिया। इस पर मृणालिनी माता ने पूछा, पर गुरुजी कौन इस काम को कर सकता है? योगानंद जी ने कहा ह्यतुम इसे करोगी। और 1952 में योगानंद जी की महासमाधि के 43 वर्ष बाद तथा सेल्फ-रियलाइजेशन फैलोशिप की 75वीं वर्षगांठ पर 1995 में मृणालिनी माता जी की देखरेख में यह कार्य पूरा हुआ। इस ग्रंथ की भूमिका में योगानंद जी ने बताया है कि कैसे उनके गुरु श्रीयुक्तेश्वर जी ने उनके द्वारा, बुद्धि विलास द्वारा नहीं बल्कि श्रीकृष्ण और अर्जुन के बीच हुए वास्तविक संवाद को जैसा व्यासजी ने समझा तथा स्वयं योगानंद जी के समक्ष प्राकट्य के आधार पर, गीता पर टीका लिखने की भविष्यवाणी की थी। इस टीका में परमात्मा (श्रीकृष्ण) और आदर्श शिष्य की जीवात्मा (अर्जुन) के बीच हुए संवाद की आध्यात्मिक विवेचना है। योगानंद जी कहते हैं कि इन पृष्ठों में व्यक्त आध्यात्मिक समझ तक व्यास के साथ समस्वर होकर तथा अर्जुन की आत्मा बनकर परमात्मा के साथ संवाद कर पहुंचे हैं। वह कहते हैं कि परिणाम स्वयं बोलेगा कि यह व्याख्या नहीं है बल्कि परमात्मा द्वारा समस्वर हुई आत्मा में उड़ेले गए ज्ञान का वृत्तांत है।

गहन आध्यात्मिक व मनोवैज्ञानिक सत्यों को खोलती यह पुस्तक मानवीय अस्तित्व के किसी पक्ष को अनछुआ नहीं छोड़ती। आध्यात्मिकता को विज्ञान की वेदी पर प्रतिष्ठित करती यह पुस्तक वर्तमान और आगामी युगों की अमूल्य धरोहर है। योगानंद जी को ईश्वर के दिव्यप्रेम का अवतार मानकर उन्हें प्रेमावतार भी कहा जाता है।

## हमारा संकल्प हमारा दृष्टिकोण अध्यात्मवादी बनें




**कितना** ही धन कमा लिया जाए, कितनी ही विद्या प्राप्त कर ली जाय, कितनी ही शक्ति संचय कर ली जाए तब भी संसार के दुःखों से सर्वथा मुक्ति नहीं पायी जा सकती। धन अभावों, आवश्यकताओं को पूरा कर सकता है। विद्या, बौद्धिक विकास कर सकती है और शक्ति से किन्हीं दूसरों को वश में किया जा सकता है। किंतु इस प्रकार की कोई सफलता दुःखों से मुक्ति नहीं दिला सकती। धनवानों को दुःख होता है, विद्वान्‌ शोक मनाते देखे जाते हैं और शक्तिमानों को पराजित होते देखा गया है।

धन हो और विद्या न हो तो जड़ता से मिलकर धन विनाश का हेतु बन जाता है। विद्या हो पर स्वास्थ्य न हो तो विद्या का कोई समुचित उपयोग संभव नहीं। दिन-रात स्वास्थ्य की चिंता लगी रहेगी। थोड़ा काम किया नहीं कि कभी सिर दर्द है तो कभी अजीर्ण हो गया। कभी सर्दी है तो कभी ज्वर घेर रहा है। इस प्रकार न जाने कितनी बाधायें और व्याधायें लगी रहती हैं। केवल विद्या के बल पर उनसे छुटकारा नहीं मिल पाता। इस प्रकार शक्ति तो हो पर धन और विद्या न हो तब भी पग-पग पर संकट खड़े रहते हैं। धन के अभाव में शक्ति निष्क्रिय रह जाती है और यदि उसके बल पर धन संचय भी कर लिया जाये तो विद्या के अभाव में उसका कोई समुचित उपयोग नहीं किया जा सकता। विद्यारहित शक्ति भयानक होती है। मनुष्य को आततायी, अन्यायी और अत्याचारी बना देती है। ऐसी अवस्था में संकटों का पारावार नहीं रहता। धन, विद्या और शक्ति तीनों वस्तुयें संसार में किसी को कदाचित ही मिलती है।

यदि एक बार यह तीनों वस्तुयें किसी को मिल भी जाएँ तो हानि-लाभ, वियोग-विछोह, ईर्ष्या-द्वेष आदि के न जाने कितने कारण मनुष्य को दुखी और उद्विग्न करते रहते हैं। ऐसा नहीं हो पाता कि धन, विद्या और शक्ति को पाकर भी मनुष्य सदा सुखी, संतुष्ट एवं शात बना रहे। संसार की कोई भी ऐसी उपलब्धि नहीं, जिसके मिल जाने से मनुष्य दुख-क्लेशों की ओर से सर्वथा निश्चित हो जाये।

मनुष्य जीवन का लक्ष्य आनंद की प्राप्ति ही है। उसी को पाने के लिए सारे प्रयत्न किये जाते हैं। भौतिक विभूतियों की सहायता से वह मिल नहीं पाता। मनुष्य दुःखी तथा उद्विग्न बना रहता है। तब कौन-सा उपाय हो सकता है, जिसके आधार पर इस असफलता को सफलता में बदला जा सके उसका एकमात्र उपाय यदि कोई है तो वह है 'अध्यात्म'। अध्यात्म की महिमा अपार है। उसके द्वारा प्राप्त होने वाले अहेतुक सुख की तुलना संसार की किसी भी विभूति से मिलने वाले क्षणिक सुख से नहीं की जा सकती। मानव- की सर्वोत्कृष्ट विभूति वही है। उसकी सहायता से मनुष्य देवताओं की भाँति सदा आनंदित रह सकता है। देवत्व प्राप्त हो जाने पर दुःख की संभावना ही समाप्त हो जाती है।

## चैतन्य महाप्रभु के विचार



**भगवान** श्रीचैतन्य महाप्रभु जी ने कहा, 'एकादशी पालन शुद्ध भक्ति का अंग है, उसको न मानने से भक्ति का सर्वनाश हो जाएगा। एकादशी के दिन प्रसाद को प्रणाम करके, उसको अगले दिन पाओ, जब तिथि सम्पूर्ण हो जाए। एकादशी तिथि के दिन वैष्णव लोग केवल मात्र श्रीकृष्ण नाम रस का ही पान करते हुए तृप्त रहते हैं। वे न तो कोई अन्य रस लेते हैं, न ही अन्य कोई बात बोलते हैं। वैष्णव लोग इस दिन सभी प्रकार के भोगों का त्याग करते हैं।'

'शुद्ध वैष्णव तो सदा प्रसाद का ही सेवन करते हैं, अन्य कोई द्रव्य तो वे चखते भी नहीं हैं। एकादशी के दिन तो वैष्णव जन निराहार रहते हैं व अगले दिन पारण करते हुए प्रसाद भोजन करते हैं। एकादशी के दिन वैष्णवजन केवल अनुकल्प अर्थात अन्नरहित फलाहार का प्रसाद लेते हैं। जो अवैष्णव हैं वे एकादशी के दिन नाम प्रसाद पर छल से दिन-रात अपना इन्द्रिय तर्पण करते हैं। पापियों के संग अन्नहार करते रहते हैं व हरिवासर व्रत को अर्थात एकादशी व्रत को नहीं मानते हैं। भक्ति के सभी अंगों को मानने से, भक्ति का सम्मान करने से भक्ति देवी की कृपा प्राप्त होती है। अत? अवैष्णव का संग छोड़, एकादशी का व्रत पालन करना चाहिए।'

प्रसाद सेवन व हरिवासर आपस में विरोधी नहीं हैं, हमें अन्तर समझना चाहिए। भक्ति के एक अंग को मानता और दूसरे से द्वेष करता हो, उस व्यक्ति को बुद्धिहीन जानो। हरिभक्ति के जो भी अंग हों, उसकी जो भी विधि हो, देश-काल नियमानुसार उसको एकान्त भाव से पालन करते हुए भक्ति मार्ग में अग्रसर हो जाओ। सभी भक्ति-अंगों के अधिपति श्रीव्रजेन्द्रनन्दन हैं, जिससे वे सन्तुष्ट होते हों, वही पालन करो।

एकादशी के दिन निद्रा-आहार का वर्जन कर, अन्य दिनों में प्रसाद का निर्मल चित्त से सेवन करना चाहिए। एकादशी का विधान भगवान श्रीचैतन्य महाप्रभु जी से सुनकर सभी वैष्णव बड़े प्रसन्न हुए तथा आनन्द से 'गोविन्द-गोविन्द' पुकारने लगे। राय रामानन्द जी, स्वरूप दामोदर जी इत्यादि 'उड़िया' 'गौड़िया' सभी भक्तों को बड़ा आनन्द आया। हे भाई ! श्रीगौरांग महाप्रभु हमारे प्राणधन हैं। निष्कपट भाव से उनका भजन करो, वे तुम्हें इस भव-सागर से पार कर देंगे तथा साथ ही साथ तुम्हारे शरीर व मन को भी शीतलता प्रदान करेंगे।

## ई है टाटा नगरिया, देख बबुआ...



संस्थापक दिवस पर जमशेदपुर के जुबिली पार्क में की गयी शानदार विद्युत सज्जा 5 मार्च तक चलेगा। सोमवार की शाम जुबिली पार्क में विद्युत सज्जा के बीच सेल्फी लेती युवतियां।

# टाटा स्टील ने बेहद श्रद्धा से मनायी संस्थापक जेएन टाटा की 186वीं जयंती

■ कंपनी वर्क्स और टाटा मोटर्स में चेयरमैन ने संस्थापक की प्रतिमा पर की पुष्पांजलि, किया नमन

खबर मन्त्र ब्यूरो









1. टाटा स्टील वर्क्स में संस्थापक को नमन करते चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन। 2. टाटा स्टील के सीईओ एंड एमडी टीवी नरेंद्रन संस्थापक को बेहद श्रद्धा से नमन करते हुए। 3. पोस्टल पार्क में जेएन टाटा की प्रतिमा पर पुष्पांजलि के बाद चेयरमैन एन. चंद्रा। 4. वीपी चाणक्य चौधरी संस्थापक को नमन करते हुए।

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील ने आज अपने संस्थापक जमशेदजी नसरवानजी टाटा को श्रद्धांजलि अर्पित की, जिन्हें भारतीय उद्योग जगत के जनक के रूप में माना जाता है। उनकी 186वीं जयंती पर संस्थापक दिवस पूरे सम्मान और उत्साह के साथ मनाया गया।

यह प्रतिष्ठित आयोजन हर वर्ष 3 मार्च को जमशेदपुर में आयोजित किया जाता है, जहां जमशेदजी टाटा की दूरदृष्टि और औद्योगिक भविष्य की उनकी कल्पना को याद किया जाता है। उनका विचार केवल औद्योगीकरण तक सीमित नहीं था, बल्कि उसमें सामुदायिक विकास और सामाजिक कल्याण की नींव भी शामिल थी। संस्थापक दिवस इसी भावना का प्रतीक है, जो टाटा स्टील के मूल मूल्यों और उसकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

इस वर्ष के संस्थापक दिवस की थीम ₹बाजार, तकनीक और लागत में नेतृत्व₹ है, जो हमारे इस संकल्प को दोहराती है कि हम ग्राहकों की आवश्यकताओं को प्राथमिकता देंगे और वैश्विक लागत नेतृत्व हासिल करने के लिए प्रौद्योगिकी का प्रभावी उपयोग करेंगे।

जमशेदपुर वर्क्स में कार्यक्रम की शुरूआत वर्क्स मेन गेट पर संस्थापक को श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ हुई। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिकारियों, टाटा वर्कर्स यूनियन (टीडब्ल्यूयू ) के वरिष्ठ पदाधिकारियों, ग्रुप कंपनियों के अधिकारियों और जमशेदपुर के नागरिकों ने संस्थापक को नमन किया।

एन चंद्रशेखरन (चेयरमैन, टाटा संस), टी.वी. नरेंद्रन (सीईओ एवं एमडी, टाटा स्टील), कौशिक चटर्जी (एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर एवं चीफ फाइनेंशियल ऑफिसर, टाटा स्टील), ऋतुराज सिन्हा (मैनेजिंग डायरेक्टर, टाटा स्टील यूआईएसएल), संजीव कुमार चौधरी (प्रेसिडेंट, टाटा वर्कर्स यूनियन) और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने जमशेदपुर वर्क्स में आयोजित समारोह में संस्थापक को श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद, जमशेदपुर शहर के मध्य स्थित पोस्टल पार्क में भी संस्थापक को श्रद्धांजलि दी गयी।

संस्थापक दिवस की पूर्व संध्या (2 मार्च) पर, एन चंद्रशेखरन ने टाटा स्टील और ग्रुप कंपनियों के वरिष्ठ लीडर्स के साथ जुबिली पार्क में विद्युत सज्जा की औपचारिक शुरुआत की।

हर वर्ष, टाटा स्टील अन्य टाटा समूह कंपनियों के साथ मिलकर अपने संस्थापक की जयंती मनाती है और उनके उस दृष्टिकोण को सम्मान देती है, जिसमें औद्योगिक विकास के साथ-साथ सामुदायिक कल्याण को केंद्र में रखा गया था। जेएन टाटा ने 1870 के दशक में मध्य भारत में एक कपड़ा मिल से अपनी उद्यमशीलता सफर की शुरुआत की थी। उनकी दूरदृष्टि ने भारत में इस्पात और ऊर्जा उद्योग को प्रेरित किया।

## स्पीड न्यूज

### निराश करने वाला दिशा हीन बजट: सुधांशु ओझा

**जमशेदपुर।** झारखंड की हेमंत सरकार द्वारा पेश किये गये वित्त वर्ष 2025-26 के बजट को मुख्य विपक्षी दल भाजपा ने पूरी तरह से दिशाहीन और निराशाजनक बताया है। वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर द्वारा सोमवार को पेश किये गये बजट को भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा ने झारखंड के युवाओं, किसानों, अनुबंधकर्मियों और बुजुर्गों के साथ विश्वासघात करार दिया। सुधांशु ओझा ने कहा कि युवाओं को नौकरियां, रोजगार देने, अनुबंधकर्मियों को स्थायी करने, किसानों से 3200 प्रति क्विंटल धान खरीदने, बुजुर्गों, विधवाओं और विकलांगों की पेंशन 2500 रुपया करने, ग्रीन राशन कार्डधारियों को राहत देने और 450 रुपया में गैस सिलेंडर उपलब्ध कराने, नियोजन नीति जैसे किसी भी वादे को पूरा करने का कोई प्रावधान बजट में नहीं किया गया, जिससे यह स्पष्ट है कि यह अबुआ बजट नहीं बल्कि बबुआ बजट है।

### युवाओं को एक बार फिर मिला धोखा : प्रेम झा

**जमशेदपुर।** भाजपा जमशेदपुर महानगर के जिला मीडिया प्रभारी प्रेम झा ने झारखंड सरकार के बजट को निराश और हताश करने वाला बताया। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार का यह बजट पूरी तरह से झूठ, छलावे और युवाओं के साथ धोखा है, जिसमें 10 लाख युवाओं को नौकरी देने एवं परीक्षा की तैयारी के लिए प्रोत्साहन राशि देने का वादा हवा में उड़ गया। बजट में न तो रोजगार सृजन की कोई एक कार्य योजना दिखी और न ही युवाओं के भविष्य को लेकर सरकार की कोई गंभीरता दिखी।

### हेमंत सरकार का बजट बेहद दिशाहीन : गुंजन

**जमशेदपुर।** झारखंड की हेमंत सरकार द्वारा पेश किये गये बजट को लेकर भाजपा जमशेदपुर महानगर के पूर्व जिलाध्यक्ष गुंजन यादव ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। गुंजन ने इस बजट को युवाओं के साथ धोखा, दिशाहीन और निराशाजनक करार देते हुए कहा कि सरकार ने अपने घोषणापत्र के बड़े वादों को पूरी तरह से भुला दिया है।

# 2906 यूनिट रक्तदान कर कर्मियों ने जेएन टाटा को दी भावपूर्ण श्रद्धांजलि

खबर मन्त्र ब्यूरो

टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन





**जमशेदपुर।** टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन का महा रक्तदान शिविर 3 मार्च को महान उद्योगपति जमशेद जी टाटा के जन्मदिवस के अवसर पर टेल्को लेबर ब्यूरो स्थित यूनियन परिसर में आयोजित की गई। यूनियन द्वारा आयोजित इस रक्तदान शिविर में कुल 2906 यूनिट रक्त संग्रहित हुआ।

बताते चलें कि इस रक्तदान शिविर में बड़ी तादाद में टाटा मोटर्स कर्मियों समेत आसपास के विभिन्न कंपनियों के कामगारों एवं शहर के लोग शिविर में आकर रक्तदान किये। वहीं रक्तदाताओं के हौसला अफजाई के लिए राजनीतिक दलों के नेताओं, शहर के समाजसेवियों, प्रबंधन के वरीय पदाधिकारियों समेत गणमान्य लोग उपस्थित हुये। पूरे कार्यक्रम के दौरान अध्यक्ष गुरमीत सिंह एवं महामंत्री आरके सिंह तमाम आगंतुकों का फूलों का गुलदस्ता एवं अंगवस्त्र भेंटकर स्वागत किये। वहीं व्यवस्था पर भी वे पूरी तरह निगरानी बनाये रखें।

जमशेदपुर ब्लड बैंक के कर्मचारियों, ब्लड को-ऑर्डिनेट, वोलेंटियर्स, यूनियन के तमाम कमेटी मेंबर्स, पदाधिकारियों समेत वोलेंटियर्स ब्लड डोनर्स एसोशिएशन के सहयोगी कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग किये। यूनियन परिसर में सभी आगंतुकों द्वारा टाटा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई तथा उन्हें याद किये। यूनियन सूत्रों ने बताया कि यूनियन द्वारा रक्तदाताओं के सुविधा के लिए छह रजिस्ट्रेशन काउंटर बनाये गये थे। जबकि बेडों की संख्या 45 थी।

**शिविर को सफल बनाने के लिए सबों के प्रति आभार : अध्यक्ष व महामंत्री-** यूनियन के अध्यक्ष गुरमीत सिंह, महामंत्री आरके सिंह ने रक्तदान शिविर को सफल बनाने में सहयोग करने वाले रक्तदाताओं, वीबीडीए एवं जमशेदपुर ब्लड बैंक के सहयोगकर्ताओं, वोलेंटियर्स, यूनियन के तमाम सदस्यों, कमेटी मेंबर्स, आफिस बेयरर तथा आगंतुक अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। अध्यक्ष गुरमीत सिंह ने कहा कि यह आयोजन टाटा साहब एवं रक्त के जरूरतमंद लोगों के प्रति समर्पित रहा। सबों सहयोग कर इसे सफल बनाया इसके लिए मैं सबों का विशेष रूप से आभार व्यक्त करता हूं। महामंत्री आरके सिंह ने कहा कि थर्ड मार्च को आयोजित रक्तदान शिविर में जुटी भीड़ यह दशार्ता है कि लोग टाटा साहब को कितना चाहते हैं। इतनी बड़ी तादाद में लोग रक्तदान करने के लिए यहां आएं यह बात यूनियन को गौरवान्वित करती है। मैं अपनी ओर से सभी रक्तदाताओं के प्रति आभार व्यक्त करता हूं।

## हेमंत सरकार का आम बजट गंधहीन रंगहीन और दिशाहीन बजट : रघुवर

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने झारखंड सरकार के बजट को गंधहीन, रंगहीन और दिशाहीन बजट कहा है। उन्होंने कहा है कि बजट किसी राज्य का सिर्फ लेखा-जोखा नहीं होता है, बल्कि वो राज्य की अर्थव्यवस्था को गति देनेवाला होता है। हेमंत सोरेन सरकार अब दिन में सपने देख रही है। अबुआ बजट में अबुआ को ही किनारे कर दिया गया है। श्री दास ने कहा है कि झारखंड सरकार 2030 तक झारखंड की अर्थव्यवस्था 10 ट्रिलियन यानी 10 लाख करोड़ करने की बात कही है लेकिन ये होगा कैसे, ये सरकार ने बताया ही नहीं है। क्या झारखंड सरकार 15 प्रतिशत के दर से विकास दर प्राप्त करनेवाली है। इस बजट से सबसे अधिक निराश किसान और ग्रामीण हुए है। किसानों की ऋण माफी पर सरकार चुप है। ?ग्रामीण विकास का बजट सरकार ने घटा दिया है। पिछले वित्तीय वर्ष पेश कुल 1.28 लाख करोड़ के बजट में जनवरी तक 61 प्रतिशत राशि ही खर्च हुई है। इसका जवाब सरकार के पास नहीं है। महिलाओं को 450 रुपये

# नौसेरवान जी टाटा को चैम्बर सदस्यों ने दी भावभीनी श्रद्धांजलि

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** संस्थापक दिवस के पूर्व संध्या पर उद्घाटन समारोह में पहुंचे टाटा संस के चेयरमैन श्री एन. चन्द्रशेखरन का सोनारी विमानतल पर टाटा स्टील के सीईओ सह प्रबंध निदेशक टी.वी. नरेन्द्रन एवं वाईस प्रेसिडेंट चाणक्य चौधरी की उपस्थिति में अध्यक्ष विजय आनंद मूनका के नेतृत्व में महासचिव मानव केडिया एवं कोषाध्यक्ष सीए अनिल रिंगसिया ने उनकी आगवानी कर उन्हें शुभकामनायें दी।

संस्थापक दिवस के अवसर पर सिंहभूम चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के द्वारा चैम्बर भवन में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर बड़ी संख्या में सदस्यों ने उपस्थित होकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी और कालीमाटी शहर को टाटानगर और जमशेदपुर के नाम से एक नई पहचान दिलाने के लिये उनके प्रति कृतज्ञता प्रकट की। उक्त जानकारी मानद महासचिव मानव केडिया ने दी।

# तिलक पुस्तकालय पहुंचे प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष, संगठन की मजबूती पर जोर

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष का दौरा जमशेदपुर में सोमवार को रक्तदान शिविर में शामिल होने के लिए हुआ। इस क्रम में प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, मार्केटिंग बोर्ड के अध्यक्ष रविन्द्र सिंह का आगमन कांग्रेस कार्यालय तिलक पुस्तकालय बिष्टूपुर में अपराह्न 3:30 बजे हुआ। जिला कांग्रेस कार्यालय में जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे ने प्रोटोकॉल के तहत अतिथिगणों का अंगवस्त्र एवं माला पहनाकर कर स्वागत किया। प्रदेश अध्यक्ष ने कांग्रेस कार्यालय में उपस्थित पदाधिकारी को संबोधित करते हुए मार्ग दर्शन दिया कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के स्थाई आमंत्रित सदस्य सह प्रदेश प्रभारी के. राजू ने आह्वान किया है कि जिलाध्यक्ष, प्रखण्ड अध्यक्ष, मण्डल अध्यक्ष के साथ सीधे तौर पर मिल रहे हैं।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने की बैठक सह कार्यशाला

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में व्यवहार न्यायालय स्थित जिला न्याय सदन सभागार में झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा चलाये जा रहे कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर जिले में कार्यरत सभी पारा लीगल वोलेनटियर्स के साथ बैठक सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार बाल कृष्ण तिवारी के निर्देश के आलोक में किया गया। वहीं गौतम कुमार ने उपस्थित पारा लीगल वोलेनटियर्स को कई प्रकार की कानूनी प्रावधानों एवं प्राधिकार द्वारा चलाये जा रहे कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी। बैठक में पारा लीगल वोलेनटियर्स को निर्देश दिया गया कि आगामी 8 मार्च को व्यवहार न्यायालय परिसर में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत का व्यापक प्रचार प्रसार अपने अपने क्षेत्र में करें तथा पक्षकारों को समझा बुझाकर अपने-अपने मामलों को राष्ट्रीय लोक अदालत में निष्पादित कराने के लिए प्रेरित करें।

# एमटीएमएच में आधुनिक ऑपरेशन थिएटर कॉम्प्लेक्स का उद्घाटन

खबर मन्त्र ब्यूरो





ओटी का उद्घाटन करते चाणक्य चौधरी, डॉ आरएन शर्मा, राकेश्वर पांडेय व अन्य और आधुनिक ओटी का दृश्य।

**जमशेदपुर।** मेहरबाई टाटा मेमोरियल अस्पताल (एमटीएमएच) ने अपनी सेवाओं का विस्तार करते हुए आज अपने मौजूदा भवन में एक समर्पित ऑपरेशन थिएटर कॉम्प्लेक्स का उद्घाटन किया। यह ऑपरेशन थिएटर एमटीएमएच में इन-हाउस कैंसर सर्जरी शुरू करने के लिए आवश्यक बुनियादी सुविधा है, जिसकी शुरुआत अप्रैल 2025 में होने की योजना है। यह लंबे समय से महसूस की जा रही जरूरत को पूरा करेगा, जिससे कैंसर सर्जरी के मरीजों को अन्य स्थानों पर जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। खासतौर पर, आयुष्मान योजना और मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी योजना के तहत इलाज करा रहे मरीजों को इस सुविधा से सीधा लाभ मिलेगा, क्योंकि अब एमटीएमएच में ही उनकी सर्जरी संभव होगी। मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर का निर्माण एनएबीएच दिशा-निर्देशों के अनुसार किया गया है और इसमें अत्याधुनिक उपकरण लगे हैं। इसका उद्घाटन टाटा स्टील के वाइस प्रेसिडेंट, कॉरपोरेट सर्विसेज, चाणक्य चौधरी ने किया। इसे गोल्डन जुबली ऑपरेशन थिएटर कॉम्प्लेक्स नाम दिया गया है और यह एमटीएमएच के गोल्डन जुबली वर्ष के तहत की गई विभिन्न पहलों में से एक है। मेहरबाई टाटा मेमोरियल अस्पताल (एमटीएमएच), जमशेदपुर में स्थित एक ट्रस्ट अस्पताल है, जिसकी स्थापना 1975 में इस क्षेत्र के कैंसर मरीजों की देखभाल के लिए की गई थी। इसका नाम लेडी मेहरबाई टाटा, (सर दोराबजी जमशेदजी टाटा की पत्नी) के सम्मान में रखा गया है। 2017 में, टाटा ट्रस्ट्स ने एमटीएमएच को 72 बिस्तरों वाले कैंसर अस्पताल से एक 131 बिस्तरों की व्यापक कैंसर देखभाल सुविधा में अपग्रेड करने की परियोजना को मंजूरी दी।

## एक नजर में

### टाटा संस के चेयरमैन पहुंचे टाटा वर्कर्स यूनियन



**जमशेदपुर।** टाटा संस के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन आज बिष्टुपुर स्थित टाटा वर्कर्स यूनियन कार्यालय पहुंचे। उनके साथ टाटा स्टील के सीईओ एंड एमडी टीवी नरेंद्रन, कार्यपालक निदेशक कौशिक चटर्जी, वीपी अत्रेई सान्याल एवं अन्य पदाधिकारी मौजूद थे। इनका स्वागत यूनियन के अध्यक्ष संजीव चौधरी व महासचिव सतीश सिंह ने गर्मजोशी से किया। इस अवसर पर चेयरमैन ने कहा कि जीरो एक्सीडेंट लक्ष्य हासिल करने में यूनियन प्रबंधन कापूरा साथ दे। इसके अलावा कॉस्ट मैनेजमेंट, उत्पादकता बढ़ाने आदि में भी हमें यूनियन का सहयोग चाहिए।

### भोजपुरी स्टार पवन का करणी सेना ने किया स्वागत



**जमशेदपुर।** अपनी फिल्म काली माटी की शूटिंग के लिए जमशेदपुर पहुंचे भोजपुरी सुपर स्टार पवन सिंह का सोमवार की शाम स्वागत क्षत्रिय करणी सेना परिवार ने होटल पहुंच कर शॉल और बुके देकर किया। साथ ही आने वाले फिल्म की सफलता के लिए शुभकामनाएं दी। मौके पर प्रदेश अध्यक्ष बिनय सिंह, हरि सिंह राजपूत, रंजन सिंह, मोहित सिंह, हिमांशु सिंह, रवि शंकर सिंह, कृष सिंह व रोहित सिंह मौजूद थे।

### तुपुदांग में चला मासिक धर्म जागरूकता अभियान



**जमशेदपुर।** मासिक धर्म स्वच्छता को लेकर जागरूकता फैलाने और महिलाओं के स्वास्थ्य की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विश्व जन सेवा ट्रस्ट द्वारा तुपुदांग में मासिक चक्र जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस पहल के तहत प्रोजेक्ट बाला पैड का नि:शुल्क वितरण भी किया गया, जिससे स्थानीय महिलाओं और किशोरियों को सुरक्षित और पुन: प्रयोग योग्य सैनिटरी पैड की सुविधा मिल सके। कार्यक्रम का सफल आयोजन डॉ. मनीष झा के नेतृत्व में किया गया, जिन्होंने उपस्थित महिलाओं को माहवारी से जुड़े मिथकों और गलतफहमियों को दूर करने के लिए जागरूक किया। उन्होंने बताया कि स्वच्छता अपनाकर महिलाएं न केवल कई संक्रमणों से बच सकती हैं, बल्कि आत्मनिर्भरता की ओर भी कदम बढ़ा सकती हैं। इस अवसर पर सिवानी बोदरा सहित कई अन्य महिलाओं ने सहयोग किया और अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम को सफल बनाया। महिलाओं ने खुलकर अपने अनुभव साझा किए और इस तरह की पहल की सराहना की।

### साईं देवस्थानम् में चैत्र नवरात्र 30 से



**जमशेदपुर।** साईं परिवार विश्व सेवा संस्थान, जमशेदपुर के तत्वावधान में श्री साईनाथ देवस्थानम्, घोड़ाबांधा में 30 मार्च से 7 अप्रैल तक चैत्र नवरात्र महोत्सव का आयोजन किया जायेगा। नौ दिवसीय कार्यक्रम में पूजन, भजन, हवन, महाआरती एवं प्रसाद जैसे विभिन्न अनुष्ठान होंगे। 30 मार्च सुबह 7 बजे कलश स्थापन पूजन अनुष्ठान प्रारंभ किया जायेगा। तत्पश्चात प्रत्येक दिन की पूजा सुबह 7 बजे, पुष्पांजलि सुबह 8 .45 बजे, मंगल आरती सुबह 9 बजे एवं संध्या आरती रात्रि 7 बजे होगी। जो भी भक्त अपना कलश पूजन में रखना चाहते हैं वो मंदिर कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

### वरिष्ठ नागरिक और मॉर्निंग वॉकर्स कदमा ने अन्नदाता का जन्मदिवस मनाया



**जमशेदपुर।** टाटा समूह के संस्थापक जमशेदजी नसारवानजी टाटा की जयंती के अवसर पर कदमा सोनारी लिंक रोड गोल चक्कर के समीप मॉर्निंग वॉकर्स ग्रुप वरिष्ठ नागरिकों ने टाटा जी का जन्मदिवस मनाया तथा प्रतिमा पर श्रद्धापुष्प अर्पित कर श्रद्धापूर्वक नमन किया। 186 वें स्थापना दिवस के अवसर पर मॉर्निंग वॉकर्स ग्रुप व वरिष्ठ नागरिक सदस्यों में मुख्य रूप से डा?भरत साहब, रामदेव जी, एस एन मित्रा, श्रीकांत देव, एल एस दास, गुलशन सहगल, अजय श्रीवास्तव, भरत भूमिज, ए के राय, एस एस दास, गणेश चौधरी, शंभू सरदार, धीरेन गोराय, विनोद सिंह, अनिल, शर्मा जी, सोमनाथ, गोपाल सिंह, चन्दन लोधी, ओमप्रकाश सिन्हा, यशवंत साहू के साथ कई लोग उपस्थित होकर श्रद्धापुष्प अर्पित कर अन्नदाता को नमन किया। राहगीरों ने भी रुक रुक कर टाटा साहब की प्रतिमा पर श्रद्धा पुष्प किये। सबों के बीच ग्रुप के द्वारा लड्डू वितरित किये गये।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह

द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिन: -834006

e-mail
khabarmantra.city@gmail.com

R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।




# चैंपियंस ट्रॉफी : सेमीफाइनल में आज भारत-ऑस्ट्रेलिया आमने-सामने

## चैंपियंस ट्रॉफी में भारत का पलड़ा भारी

एजेंसी

**दुबई।** क्रिकेट की दिग्गज टीमें भारत और ऑस्ट्रेलिया मंगलवार को दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के पहले सेमीफाइनल मुकाबले में आमने-सामने होंगी। जीत के आंकड़े की बात की जाये तो चैंपियंस ट्रॉफी में भारत का ऑस्ट्रेलिया पर पलड़ा भारी रहा है। भारत ग्रुप ए में सभी मुकाबलों में जीत दर्ज कर अब तक टूनामेंट में अजेय रहा है। रोहित शर्मा की अगुआई वाली टीम भारतीय टीम ने न्यूजीलैंड पर 44 रनों की शानदार जीत के साथ सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है। जीत के आंकड़ों की अगर बात की जाये तो भारत और ऑस्ट्रेलिया अब तक 18 बार एकदिवसीय टूनामेंट में भिंडे हैं। जिसमें ऑस्ट्रेलिया ने 10 तथा भारत ने सात बार जीत दर्ज की है। एकदिवसीय विश्वकप में इन दोनों टीमों के बीच 14 मैच हुए जिसमें से नौ बार जीत का सेहरा ऑस्ट्रेलिया के सिर बंधा है। वहीं चैंपियंस ट्रॉफी में यह आंकड़ा एकदिवसीय टूनामेंट से उलट रहा, इस प्रतियोगिता में दोनों टीमों के बीच चार बार टक्कर हुई है जिसमें भारत ने दो बार जीत हासिल की है और एक बार ऑस्ट्रेलिया को जीत मिली है। जबकि 2009 चैंपियंस ट्रॉफी में इन दोनों के बीच




होने वाला मैच बारिश की भेंट चढ़ गया था। 1998 और 2000 चैंपियंस ट्रॉफी में भारत से ही हारकर ऑस्ट्रेलिया प्रतियोगिता से बाहर हुआ था। वर्ष 2000 का चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल भारत और न्यूजीलैंड के बीच खेला गया था। न्यूजीलैंड ने खिताब अपने नाम किया था। भारतीय बल्लेबाजों की बात की जाये तो सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल शानदार फॉर्म में हैं, उन्होंने बंगलादेश के खिलाफ नाबाद 101 रन बनाए। हालांकि, उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ 46 और न्यूजीलैंड के खिलाफ सिर्फ दो रन बनाए। विराट कोहली तीसरे नंबर पर खेलेंगे। कुछ निराशाजनक प्रदर्शनों के बावजूद उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ शतक के साथ वापसी की थी, जिससे दबाव में अच्छा प्रदर्शन करने की उनकी क्षमता साबित हुई। पांचवें नंबर पर संभावित बदलाव हो सकता है, जिसमें केएल राहुल की जगह ऋषभ पंत को शामिल किया जा सकता है। राहुल ने बंगलादेश के खिलाफ 41 और न्यूजीलैंड के खिलाफ 23 सहित कुछ महत्वपूर्ण पारियां खेली हैं। वहीं गेंदबाजी में दुबई की परिस्थितियों को देखते हुए भारतीय टीम अपने गेंदबाजी लाइनअप में चार स्पिनरों को शामिल कर सकती है। संभावित गेंदबाजी आक्रमण में रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल और कुलदीप यादव शामिल हैं। कल रात न्यूजीलैंड के खिलाफ अपने प्रदर्शन के आधार पर चक्रवर्ती के ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल के लिए भारत की एकादश में शामिल होने की उम्मीद है। भारतीय टीम के पूर्व कोच रवि शास्त्री ने भी वरूण को एकादश में शामिल करने की वकालत की है। भारतीय तेज गेंदबाजी आक्रमण की अगुवाई मोहम्मद शमी के हाथों में होगी, जबकि हार्दिक पांड्या सीम-बॉलिंग ऑलराउंडर के रूप में दोहरी भूमिका निभाएंगे। जडेजा, अक्षर और पंड्या के लय में होने से भारत को बल्लेबाजी में ज्यादा फायदा मिल सकता है।दूसरी ओर, ऑस्ट्रेलिया के लिए नॉकआउट तक का रास्ता अधिक चुनौतीपूर्ण रहा। वह एक जीत और दो बिना नतीजों के साथ ग्रुप बी में दूसरे स्थान पर रहा। हालांकि, उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ पांच विकेट से जीत हासिल कर अपना लोहा मनवाया है। इस मैच में विकेटकीपर-बल्लेबाज जोश इंग्लिस ने नाबाद 120 रन बनाए, जबकि एलेक्स कैरी (69) और मैथ्यू शॉर्ट (63) ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। बेन ड्वार्शिस (तीन विकेट) की अगुआई में ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजी आक्रमण भी प्रभावशाली रहा। ऑस्ट्रेलिया ने टीम में बदलाव करते हुए स्पिन गेंदबाजी ऑलराउंडर कूपर कोनोली को चैंपियंस ट्रॉफी की टीम में ओपनर शॉर्ट की जगह शामिल किया है।

दोनों टीमों का आईसीसी टूनामेंट में समृद्ध इतिहास रहा है, इसलिए दोनों टीमों के बीच रोमांचक मुकाबला हो सकता है। दुबई की पिच को हालांकि शुरू में बल्लेबाजी के अनुकूल माना जाता है, लेकिन मैच जैसे जैसे आगे बढ़ता है तो पिच धीमी और स्पिन गेंदबाजों की मददगार साबित होती है। इस पिच पर 300 से ऊपर का स्कोर चुनौतीपूर्ण हो सकता है।मौसम विभाग के अनुसार मंगलवार को होने वाले मैच में बारिश से खलल पड़ सकता है।

### हेड टू हेड रिकॉर्ड में ऑस्ट्रेलिया का है दबदबा

भारतीय टीम और ऑस्ट्रेलिया के बीच वनडे फॉर्मेट में अब तक 151 मैच हुए हैं। ऑस्ट्रेलिया ने इस दौरान 84 मैच जीते हैं। जबकि टीम इंडिया को सिर्फ 57 मैचों में ही जीत मिली है। दोनों टीमों के बीच 10 मैच बेनतीजा भी रहे हैं। चैंपियंस ट्रॉफी में इन दोनों टीमों के बीच अब तक 4 मैच खेले गए हैं। जिसमें टीम इंडिया ने 2 मैच तो वहीं ऑस्ट्रेलिया ने 1 मैच जीता है। इस दौरान एक मुकाबला बेनतीजा भी रहा है। इन दोनों टीमों के बीच खेले गए पिछले 5 मैचों में भारत ने 3 तो वहीं ऑस्ट्रेलिया ने 2 मैच जीता है।

### दोनों टीमों की संभावित प्लेइंग 11

**टीम इंडिया–** रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल (उपकप्तान), विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल (विकेटकीपर), हार्दिक पांड्या, अक्षर पटेल, रवींद्र जडेजा, कुलदीप यादव, वरुण चक्रवर्ती, मोहम्मद शमी।

**ऑस्ट्रेलिया टीम–** जेक फ्रेजर-मैकगर्क, ट्रेविस हेड, स्टीव स्मिथ (कप्तान), मार्नस लाबुशेन, जोश इंग्लिस (विकेट कीपर), ग्लेन मैक्सवेल, बेन ड्वार्शिस, नाथन एलिस, एडम जम्पा, स्पेंसर जॉनसन, सीन एबॉट।

## दुबई में भारत को मिल रहा लाभ, रोहित ने जवाब में कहा
## यह हमारा घरेलू मैदान नहीं

एजेंसी




**दुबई।** कप्तान रोहित शर्मा ने चैंपियंस ट्रॉफी में अपने सभी मैच दुबई में खेलने के कारण भारत को अनुचित लाभ मिलने की आलोचना करते हुए कहा कि यह उनका घरेलू मैदान नहीं है। उन्होंने कहा कि दुबई की पिचों ने उनकी टीम के लिए अलग-अलग चुनौतियां पेश की हैं। पाकिस्तान, ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के कई पूर्व खिलाड़ियों ने चैंपियंस ट्रॉफी की पूरी अवधि के लिए भारत के दुबई में रहने पर आपत्ति जताई थी। उनका कहना था कि इस कदम से उन्हें ग्रुप ए में अन्य टीमों की तुलना में परिस्थितियों के अनुकूल ढलने का बेहतर मौका मिला है।

**पिच अलग-अलग चुनौतियां दे रही**

रोहित ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल से पहले कहा, 'हर बार पिच आपको अलग-अलग चुनौतियां दे रही है। हमने यहां जो तीन मैच खेले हैं, उनमें पिच का व्यवहार अलग रहा है। यह हमारा घर नहीं है, यह दुबई है। हम यहां इतने सारे मैच नहीं खेलते हैं और यह हमारे लिए भी नया है।' रोहित ने कहा कि उनकी टीम को ऑस्ट्रेलियाई टीम के खिलाफ अंतिम चार मैच के दौरान जल्दी से अनुकूल परिस्थितियों को अपनाने की जरूरत है।

**चार या पांच सतहों का उपयोग किया जा रहा**

उन्होंने कहा, 'यहां चार या पांच सतहों का उपयोग किया जा रहा है। देखिए, मुझे नहीं पता कि सेमीफाइनल में कौन सी पिच खेली जाएगी। लेकिन कुछ भी हो, हमें इसके अनुकूल ढलना होगा और देखना होगा कि क्या हो रहा है और क्या नहीं। और हम उसी पर खेलेंगे।' रोहित ने अपनी बात पर जोर देने के लिए रविवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ भारत के आखिरी ग्रुप ए मैच का हवाला दिया।

**हम नहीं जानते आगे क्या होने वाला है :** उन्होंने कहा, 'हमने देखा कि जब (न्यूजीलैंड के) गेंदबाज गेंदबाजी कर रहे थे तो गेंद थोड़ी स्विंग कर रही थी। पहले दो मैचों में जब हमारे गेंदबाज गेंदबाजी कर रहे थे तो हमने ऐसा नहीं देखा। पिछले गेम में हमें उतनी स्पिन देखने को नहीं मिली थी, लेकिन रविवार को इसमें थोड़ी स्विंग थी।' उन्होंने कहा, 'तो, हर सतह पर अलग-अलग चीजें हो रही हैं। इसलिए, ऐसा नहीं है कि हम जानते हैं कि इस पिच पर क्या होने वाला है और क्या नहीं होने वाला है।'

### 4 स्पिनर्स खिलाना शानदार विकल्प

चैंपियंस ट्रॉफी सेमीफाइनल से पहले प्री मैच प्रेस कॉन्फ्रेंस में रोहित ने कहा, 'हमें यह सोचने की जरूरत है कि अगर हम 4 स्पिनर खिलाते हैं तो उन्हें कैसे संतुलित तरीके से इस्तेमाल किया जाए। अगर नहीं खिलाते, तो कोई बात नहीं. हमारे लिए जो भी सही रहेगा, हम वही करेंगे। हम पिच की स्थिति को अच्छी तरह समझते हैं और जानते हैं कि किस तरह की गेंदबाजी कारगर होगी। हम इस पर एक दिन के लिए सोच-विचार करेंगे और फिर सही फैसला लेंगे, लेकिन यह एक आकर्षक विकल्प जरूर है।

जब रोहित से पूछा गया कि क्या सेमीफाइनल में वरुण चक्रवर्ती को खिलाने पर विचार किया जा रहा है, तो उन्होंने कहा, 'उसने यह दिखा दिया कि वह क्या कर सकता है। अब हमें सोचना होगा कि टीम कॉम्बिनेशन को कैसे सही किया जाए. उसे मौका मिला और उसने शानदार प्रदर्शन किया। मैच के बाद भी मैंने कहा था कि उसके अंदर कुछ अलग है। जब वह सही लय में होता है, तो शानदार गेंदबाजी करता है और 5 विकेट तक ले जाता है। रोहित ने टीम चयन को अच्छा सिरदर्द बताते हुए आगे कहा, 'हम यह भी देखना चाहेंगे कि ऑस्ट्रेलिया की बल्लेबाजी किस तरह की दिखेगी और उसके खिलाफ कौन-सी गेंदबाजी कारगर रहेगी।

**गेंदबाजों के लिए कुछ मदद वाली पिच हो :** भारतीय कप्तान ने कहा कि गेंदबाजों के लिए कुछ मदद वाली पिच मुकाबले को और अधिक रोमांचक बना देगी। उन्होंने कहा, 'अगर इसमें गेंदबाजों के लिए भी कुछ है, तो यह मैच को बहुत दिलचस्प बनाता है। मैं इसके पक्ष में हूं।

जब आपके पास ऐसी सतहें होती हैं जो चुनौतीपूर्ण होती हैं, चाहे वह स्पिन के साथ हो या सीम के साथ, आप ऐसा करना चाहते हैं। आप एक अच्छी प्रतिस्पर्धा चाहते हैं।

## आईपीएल 2025 : रहाणे बने केकेआर के कप्तान, वेंकटेश को उपकप्तानी की जिम्मेदारी




**नई दिल्ली।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने आगामी टाटा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 सीजन के लिए अनुभवी बल्लेबाज अजिंक्य रहाणे को कप्तान और वेंकटेश अय्यर को उपकप्तान नियुक्त करने की घोषणा की है। टीम प्रबंधन को उम्मीद है कि रहाणे का अनुभव और अय्यर की आक्रामकता मिलकर केकेआर को एक मजबूत नेतृत्व प्रदान करेगी।

केकेआर के सीईओ वेंकी मैसूर ने फ्रेंचाइजी को ओर से जारी एक बयान में कहा, हम अजिंक्य रहाणे जैसे अनुभवी खिलाड़ी को टीम की कमान सौंपकर बेहद खुश हैं। वह अपने साथ परिपक्वता और शानदार नेतृत्व गुण लेकर आते हैं। वहीं, वेंकटेश अय्यर लंबे समय से केकेआर का अहम हिस्सा रहे हैं और उनमें नेतृत्व के कई गुण हैं। हमें पूरा विश्वास है कि दोनों मिलकर टीम को सही दिशा में आगे बढ़ाएंगे और खिताब की रक्षा करेंगे।

कप्तान बनाए जाने पर अजिंक्य रहाणे ने खुशी जताते हुए कहा, केकेआर जैसी सफल फ्रेंचाइजी का नेतृत्व करना मेरे लिए सम्मान की बात है। हमारी टीम संतुलित और प्रतिभाशाली है और मैं सभी खिलाड़ियों के साथ मिलकर इस चुनौती का सामना करने के लिए तैयार हूं। हमारा लक्ष्य खिताब की रक्षा करना है और इसके लिए हम पूरी मेहनत करेंगे।

केकेआर की टीम 22 मार्च को अपने घरेलू मैदान ईडन गार्डन्स में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ अपने अभियान की शुरूआत करेगी। टीम प्रबंधन को उम्मीद है कि नए नेतृत्व के साथ केकेआर एक मजबूत शुरूआत करेगी।

## आईपीएल 2025 : केकेआर ने लॉन्च की थ्री-स्टार जर्सी, तीन खिताबी जीत को समर्पित

एजेंसी

**कोलकाता।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने टाटा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 18वें सीजन के लिए अपनी नई जर्सी का अनावरण किया। इस बार टीम ने एक अनूठे अभियान के तहत नंबर 3 की थीम पर जोर दिया, जिसमें प्रशंसकों को केकेआर की तीन खिताबी जीत की याद दिलाई गई है। इस अभियान का आकर्षण थ्री स्टार डिजाइन रहा, जिसे जर्सी के फैब्रिक में शामिल किया गया है। ये तीन सितारे केकेआर के 2012, 2014 और 2024 में जीते गए तीन आईपीएल खिताबों का प्रतीक हैं। आधिकारिक जर्सी लॉन्च वीडियो में रिंकू सिंह, वेंकटेश अय्यर, रामदीप सिंह, मनीष पांडे, वैभव अरोड़ा, अनुकूल रॉय, मयंक मार्कंडे और लवनीत सिसोदिया जैसे खिलाड़ी नई जर्सी में नजर आए। इस साल केकेआर की नई जर्सी पर टीम के लोगो के ऊपर तीसरा सितारा जोड़ा गया है। इसके अलावा, एक स्पेशल गोल्डन टाटा आईपीएल बैज भी जर्सी की बाजू पर लगाया गया है, जिसे टूनामेंट ने 2025 के डिफेंडिंग चैंपियन के सम्मान में पेश किया है। नई जर्सी को थ्री-एज्ड स्टार डिजाइन के साथ तैयार किया गया है और इसे एक साथ बिक्री के लिए




लॉन्च कर दिया गया है। प्रशंसक इसे नाइट क्लब (केकेआर का आधिकारिक ऐप), वेबसाइट और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के जरिए खरीद सकते हैं। कोलकाता नाइट राइडर्स अपना आईपीएल 2025 अभियान 22 मार्च को ईडन गार्डन्स में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ सीजन के उद्घाटन मुकाबले से शुरू करेगी। टीम का लक्ष्य इस बार अपने बैज पर चौथा सितारा जोड़ना होगा।

## हॉकी इंडिया सीनियर महिला राष्ट्रीय चैम्पियनशिप: असम ने बिहार को 2-1 से हराया




**पंचकूला।** ताऊ देवी लाल हॉकी स्टेडियम, पंचकूला में चल रही 15वीं हॉकी इंडिया सीनियर महिला राष्ट्रीय चैम्पियनशिप के डिवीजन बी के तीसरे दिन सोमवार को असम हॉकी ने हॉकी एसोसिएशन ऑफ बिहार को 2-1 से हराकर अपनी पहली जीत दर्ज की। मैच की शुरूआत से दोनों टीमों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला। पहला क्वार्टर बिना किसी गोल के समाप्त हुआ, लेकिन हाफ टाइम से ठीक पहले असम हॉकी की कप्तान मुनमुनी दास (29') ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर अपनी टीम को बढ़त दिला दी। इसके बाद असम हॉकी ने शानदार रक्षात्मक खेल दिखाते हुए तीसरे क्वार्टर तक अपनी बढ़त बनाए रखी। मैच के अंतिम क्षणों में रोमांच और बढ़ गया।

खुशबू प्रजापति (59') ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में तब्दील कर असम हॉकी की बढ़त को 2-0 कर दिया। हालांकि, अगले ही मिनट में नुसरत खातून ने बिहार की ओर से एकमात्र गोल कर अंतर कम किया, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। इस जीत के साथ असम हॉकी ने अंकतालिका में अपना खाता खोल लिया, जबकि हॉकी एसोसिएशन ऑफ बिहार को अब भी पहली जीत की तलाश है। इससे पहले रविवार को डिवीजन सी के मैच में हॉकी आंध्र प्रदेश ने पूल बी के खेल में हॉकी जम्मू और कश्मीर के खिलाफ 4-2 से जीत दर्ज की। रेवती थालारी ने अपनी टीम के लिए महत्वपूर्ण दो गोल किए, जबकि हरथी लोमाडा और मदुगुला भवानी ने भी हॉकी आंध्र प्रदेश के लिए गोल किए।

रजनी और अंजू कुमारी हॉकी जम्मू और कश्मीर के लिए गोल करने वाली खिलाड़ी रहीं। रविवार के आखिरी डिवीजन सी मैच में, ले पुडुचेरी हॉकी ने पूल बी में हॉकी अरुणाचल पर 6-1 से शानदार जीत हासिल की। जयप्रथा एस ने शानदार हैट्रिक बनाई, जबकि अन्य तीन गोल बी दीपिका और एस सुबासरी ने किए। हॉकी अरुणाचल के लिए हेमा नवैत एकमात्र गोल करने वाली खिलाड़ी रहीं।

## खेलो इंडिया विंटर गेम्स 2025 : 9 से 12 मार्च तक होंगे मुकाबले, ताजा बर्फबारी के बाद मिली हरी झंडी

**नई दिल्ली।** खेलो इंडिया विंटर गेम्स 2025 (केआईडब्ल्यूजी 2025) का दूसरा चरण अब जम्मू-कश्मीर के गुलमर्ग में 9 से 12 मार्च तक आयोजित होगा। पहले यह खेल 22 से 25 फरवरी के बीच होने थे, लेकिन कंगडूरी स्लोप्स और गोल्फ कोर्स पर पर्याप्त बर्फ न होने के कारण इसे स्थगित करना पड़ा था। पहला चरण 23 से 27 जनवरी तक लद्दाख में आयोजित किया गया था, जहां आइस हॉकी और स्पीड स्केटिंग की प्रतिस्पधाएं हुई थीं। अब गुलमर्ग में होने वाले दूसरे चरण में अल्पाइन स्कीइंग, नॉर्डिक स्कीइंग, स्की माउंटेनियरिंग और स्नोबोर्डिंग के मुकाबले खेले जाएंगे। आयोजन समिति के बयान के अनुसार, जम्मू-कश्मीर में हुई ताजा बर्फबारी और मौसमी परिस्थितियों को देखते हुए अब खेलों के तकनीकी संचालन के लिए स्थिति अनुकूल पाई गई है। यह निर्णय इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि खेलों के स्थगन के बाद इसकी मेजबानी को लेकर संदेह बना हुआ था।

गुलमर्ग में होने वाले खेलों में भारत के शीर्ष स्कीयरों के प्रदर्शन की उम्मीद की जा रही है, क्योंकि फरवरी में हुए एशियन विंटर गेम्स 2025 (हरबिन, चीन) के बाद अधिकतर खिलाड़ी उपलब्ध होंगे। इस बार खेल मंत्रालय भी शीतकालीन खेलों को विशेष बढ़ावा दे रहा है। पहली बार भारतीय दल को एशियन विंटर गेम्स में भाग लेने के लिए सरकारी वित्तीय सहायता भी दी गई थी।

इस साल खेलो इंडिया विंटर गेम्स 2025 से घरेलू खेल कैलेंडर की शुरूआत हुई। प्रधानमंत्री ने भी इन खेलों को बढ़ावा देने की जरूरत पर जोर देते हुए कहा कि ₹यह भारत को एक प्रमुख खेल राष्ट्र के रूप में स्थापित करने में मदद करेगा।₹ लद्दाख में हुए पहले चरण में 19 टीमों ने भाग लिया, जिनमें राज्य, केंद्रशासित प्रदेश और संस्थान शामिल थे। लद्दाख ने चार स्वर्ण पदकों के साथ पदक तालिका में बढ़त बनाई।

खेलो इंडिया विंटर गेम्स का इतिहास

खेलो इंडिया विंटर गेम्स की शुरूआत 2020 में हुई थी, जिसमें जम्मू-कश्मीर पहले तीन संस्करणों की मेजबान और विजेता रही। 2024 संस्करण लद्दाख और जम्मू-कश्मीर ने संयुक्त रूप से आयोजित किया था, जिसमें भारतीय सेना ने ओवरऑल खिताब जीता था।

## कृष्णा जयशंकर ने तोड़ा राष्ट्रीय रिकॉर्ड, जीता कांस्य पदक

एजेंसी



**नई दिल्ली।** भारत की कृष्णा जयशंकर ने माउंटेन वेस्ट इंडोर ट्रैक एंड फील्ड चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए महिलाओं की शॉट पुट स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। 22 वर्षीय कृष्णा ने 16.03 मीटर के प्रयास के साथ न केवल पोडियम पर जगह बनाई, बल्कि भारतीय इनडोर राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी तोड़ दिया। नेवादा विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व कर रही कृष्णा ने शनिवार को हुए फाइनल में अपने अंतिम प्रयास में 16.03 मीटर का थ्रो फेंका, जिससे उन्होंने 2023 में महाराष्ट्र के पूणार्राव राणे द्वारा स्थापित 15.54 मीटर के पिछले राष्ट्रीय रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। इस प्रतियोगिता में कोलोराडो विश्वविद्यालय की मैया लेंसर ने 19.02 मीटर के प्रयास के साथ स्वर्ण पदक जीता, जबकि उनके साथी गैबी मोर्न्स ने 17.09 मीटर के थ्रो के साथ रजत पदक पर कब्जा जमाया। न्यू मैक्सिको राज्य के अल्बुकर्क में आयोजित इस प्रतिष्ठित इनडोर प्रतियोगिता में कृष्णा के शानदार प्रदर्शन ने भारतीय एथलेटिक्स में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है।

# बोकारो : बीएमएस का कार्यकर्ता सम्मेलन संपन्न, बाबूलाल सहित कई दिग्गज हुए शामिल

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बोकारो।** भारतीय मजदूर संघ बोकारो जिला का एक दिवसीय कार्यकर्ता सम्मेलन जिलाध्यक्ष जितेंद्र तिवारी की अध्यक्षता तथा कार्यकारी अध्यक्ष अवधेश राय के संचालन में सेक्टर 9 स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में संपन्न हुआ। इसमें कई दिग्गज शामिल हुए। संघ के क्षेत्रीय संगठन मंत्री धर्मदास शुक्ला ने कहा कि बीएमएस ने 70 वर्ष की यात्रा में न सिर्फ मजदूरों के शोषण के खिलाफ संघर्ष किया अपितु पूरे समाज को साथ लेकर समाज सुधार तथा राष्ट्र को परम वैभव तक ले जाने के लिए भी काम कर रहे हैं। विहिप के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जगन्नाथ शाही ने कहा कि राष्ट्रऋषि दत्तोपंत ठेंगड़ी ने बीएमएस की स्थापना करते वक्त राष्ट्र जीवन में जो परिवर्तन का सपना देखा था वह आरएसएस के पांच परिवर्तन तथा स्वदेशी के रूप में अभियान के साथ आने वाला है। विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने संगठित व असंगठित क्षेत्र के मजदूरों के लिए बीएमएस को हर संभव सहयोग करने का आश्वासन दिया। संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष कृष्णा राय ने कहा कि आने वाले समय में बोकारो जिला अंतर्गत कोयला स्टील डीवीसी बियाड़ा के संगठित एवं असंगठित क्षेत्र में मजदूर हित में आंदोलन और तेज किया जाएगा। प्रदेश अध्यक्ष बलिराम यादव प्रदेश महामंत्री राजीव रंजन सिंह संगठन मंत्री बृजेश कुमार ने भी संबोधित किया। सम्मेलन में बोकारो जिला के सहायक श्रमायुक्त रंजीत कुमार ने सरकार द्वारा प्रदत्त योजनाओं की जानकारी दी। सम्मेलन में इस्पात उद्योग, स्टॉक यार्ड, ठेका मजदूर, डीवीसी, सीसीएल, बीसीसीएल, ओएनजीसी बैंक, पोस्ट ऑफिस से कार्यकर्ताओं सहित मनोज सिंह, उमेशचंद्र दुबे, रामपत महतो, राजेश बिहारी चौबे, उमेश प्रसाद सिंह,संत चौहान, अनिमेष गिरि, महेश राय, एसके वर्मा, रणधीर सिंह, संदीप मंडल, रामनारायण लाल, पृथ्वीराज साहू, कृष्ण केवट आदि रहे।

# एसपी कॉलेज के मनोविज्ञान विभाग में मनाया गया विश्व श्रवण दिवस

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**दुमका।** एसपी कॉलेज के मनोविज्ञान विभाग द्वारा संचालित मानसिक स्वास्थ्य परामर्श केंद्र एवं मेंटल हेल्थ मिशन इंडिया के संयुक्त तत्वाधान में सोमवार को विश्व श्रवण दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विभागाध्यक्ष सह मानसिक स्वास्थ्य परामर्श केंद्र के निदेशक डॉ विनोद कुमार शर्मा ने की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ शर्मा ने कहा कि युवाओं में बढ़ता श्रवण समस्या एक चिंतनीय विषय है। सोशल मीडिया के दौर में आनंद की चाह में युवा एक ओर जहां घंटों अकेले में चीजों को देखना और सुनना पसंद करते है। वहीं वो विभिन्न तरह हियरिंग ऐड के इस्तेमाल से कानों को तकलीफदेह बना रहे है। युवा में बढ़ते नशे की लत जिसमें मुख्य रूप से कोकीन, हिरोइन आदि नशीले पदार्थ मस्तिष्क में स्थित टेंपोरल लॉब को जहां डैमेज करता है। वहीं उसे श्रवण दोष से विभ्रम जैसे मनोविकारी लक्षणों का अनुभव भी होता है। श्रवण संवेदना के सही नहीं होने से विद्यार्थी जहां विषयों को ठीक से समझ नहीं पाते है, तो जीवन में बेहतर करने से पिछड़ जाते है। जिससे उसमें नहीं केवल आत्मविश्वास और निर्णय लेने की क्षमता में भी कमी आती है। बल्कि उसमें हीनता की भावना और विषाद जैसी दुर्भावना भी घर करती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (2020) की माने तो विश्व में जहां 466 मिलियन के करीब लोग प्रभावित है, तो भारत में करीब 63 मिलियन लोग श्रवण दोष के शिकार है। यह हियरिंग डिसेबिलिटी विश्व का चौथा लीडिंग रोग है। ऐसे में अभिभावकों को चाहिए कि ऐसे विसंगतियों पर नियंत्रण बनाये। जिससे बच्चे भ्रम और विभ्रम का शिकार नहीं हो। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका डॉ त्रिजा जेनिफर टोप्पो एवं धन्यवाद ज्ञापन शिक्षिका डॉ सीमा कुमारी ने की।

## एक नजर में

### तेनुघाट व्यवहार न्यायालय परिसर में 8 मार्च को लगेगा राष्ट्रीय लोक अदालत



बेरमो/तेनुघाट कोर्ट। सर्वोच्च न्यायालय, झारखंड उच्च न्यायालय एवं प्रधान जिला जज बोकारो के निर्देश पर 8 मार्च को तेनुघाट व्यवहार न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता को लेकर 3 मार्च को न्यायिक पदाधिकारी ने पुलिस पदाधिकारियों के साथ बैठक हुई। राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता के लिए व्यवहार न्यायालय के जिला जज प्रथम अनिल कुमार की अगुआई में अनुमंडल के पुलिस अधिकारी के साथ उक्त बैठक की गई। इस अवसर पर जिला जज प्रथम अनिल कुमार ने पुलिस प्रशासन को निर्देश दिया कि आगामी लगने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर जो भी नोटिस न्यायालय से भेजा जाए, उस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए संबंधित व्यक्ति तक पहुंचाया जाए। ताकि अधिक से अधिक मामले का राष्ट्रीय लोक अदालत में निष्पादन संभव हो सके। कुटुंब न्यायालय प्रधान न्यायाधीश नाथ पांडेय ने उपस्थित पुलिस पदाधिकारियों को कहा कि लोक अदालत की सफलता के लिए आप सभी का सहयोग बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि ज्यादा मामले पारिवारिक विवाद के कारण ही उत्पन्न होता है। इसलिए हमें जैसे ही पारिवारिक विवाद के मामले की जानकारी हो उसे वहीं समझा कर विवाद समाप्त करने की कोशिश करना चाहिए। जिला जज द्वितीय सूर्य मणि त्रिपाठी ने भी कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत में मामलों का निष्पादन किया जाता है जिसमें प्रशासन का भी सहयोग मिलता है और उम्मीद है कि आगे भी यह परंपरा जारी रहेगा। इस अवसर पर एसीजेएम मनोज कुमार प्रजापति ने भी नोटिस तामील कराने को लेकर कई तरह के निर्देश दिए। बैठक में मौजूद पुलिस पदाधिकारियों ने न्यायिक पदाधिकारियों को यह आश्वासन दिया कि जितने भी नोटिस थाना में पहुंचेंगे, सभी का तमिल होगा। मंच संचालन, स्वागत भाषण एसीजेएम मनोज प्रजापति और मुंसिफ शिवराज मिश्रा ने धन्यवाद ज्ञापन किया। बैठक में सब जज द्वितीय राजेश रंजन कुमार, मुंसिफ शिवराज मिश्रा, अधिवक्ता सुभाष कटरियार, जीवन सागर आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किए। जबकि पुलिस प्रशासन की ओर से अजीत कुमार, शशि शेखर कुमार, नित्यानंद भोक्ता, विक्रम सिंह, टीकेश्वर मेहता, दुर्गा चरण मुर्मू, सुमन कुमारी, भजन लाल महतो, अर्जुन राम, रजी अहमद, बीरेंद्र मंडल, उज्ज्वल, जेम्स कुजूर, जुबल सिंह व अनुमंडल के कई पुलिस पदाधिकारी सहित दीपक गुप्ता, कृष्णा रजक, उपासी देवी, अतिशय कुमार आदि मौजूद थे।

### बेरमो : झाकोमयू की एक अहम बैठक संपन्न



बेरमो। सोमवार को झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन की क्षेत्रीय बैठक करगली स्थित निर्मल महतो स्मृति भवन में संपन्न हुई। जिस बैठक की अध्यक्षता दीपक महतो एवं संचालन क्षेत्रीय सचिव किशोर कुमार ने किया। बैठक में महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा हुआ जिसमें क्षेत्र के सभी परियोजना में सशक्त के साथ अपना संगठन को मजबूत करना तथा सदस्यता अभियान चलाना एवं बोकारो परियोजना में नया कमेटी का गठन करना आदि शामिल है। होली मिलन समारोह करना तथा नव नियुक्त क्षत्रिय अध्यक्ष पंकज कुमार महतो को फूल माला एवं बुके देकर सम्मानित किया गया। मौके पर रंजीत महतो दिनेश कुमार अजय राम सुमित कुमार विश्वजीत सिंह सुमित चौहान विशाल, बजरंगी आदि मौजूद थे।

### बोकारो : जमीन पर अवैध कब्जे के मुद्दे पर डालसा अधिकारी से कार्रवाई की मांग

बोकारो/चंद्रपुरा। बोकारो जिलान्तर्गत चंद्रपुरा प्रखंड के घटियारी पंचायत के भुरसाबाद गांव निवासी रैयत लालचंद मांझी ने बोकारो जिला विधिक सेवा प्राधिकार को एक पत्र लिखकर जमीन पर अवैध कब्जे के मामले में कार्रवाई की मांग की है। पत्र में कहा गया है कि डीवीसी द्वारा वर्ष 1958-59 में उनकी करीब साढ़े आठ एकड़ रैयती खतियानी जमीन का अधिग्रहण कर लिया गया। उसके एवज में पांच एकड़ 85 डिसमिल भूमि का मुआवजा-भुगतान किया गया। शेष दो एकड़ 62 डिसमिल पर डीवीसी ने वर्षों से जबरन कब्जा कर रखा है। रैयत लालचंद मांझी ने बताया कि भूमि अधिग्रहण के बाद विस्थापन नीति के तहत न तो उसे नियोजन मिला और न कोई मूलभूत सुविधा। खतियानी रैयती भूमि का लगान संबंधित विभाग में वह अब तक जमा कर रहे हैं। रैयत ने डालसा अधिकारी से इस मामले की जांच कर समुचित कार्रवाई करने की मांग की है।

## स्पीड न्यूज

### स्वदेशी जागरण मंच की दिवंगत मंजू सिन्हा को दी गयी श्रद्धांजलि



बोकारो। स्वदेशी स्वदेशी जागरण मंच बोकारो की ओर से सेक्टर तीन स्थित पूज्य तपस्वी जगजीवन जी महाराज सरस्वती विद्या मंदिर में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में मंच के राष्ट्रीय मेल प्रमुख सचिन्द्र कुमार बरियार की धर्मपत्नी स्व मंजू सिन्हा के चित्र पर सभी ने बहुत ही नम आंखों से पुष्पांजलि अर्पित की। मंच के राष्ट्रीय संगठक सतीश कुमार उपस्थित थे। सचिन्द्र बरियार ने भी अपने धर्मपत्नी की चित्र पर पुष्प अर्पित किए और श्रद्धांजलि में अपने संस्मरणों को याद करते हुए संगठन को विस्तार देने में स्व मंजू सिन्हा को नारी सशक्तिकरण की मिसाल बताया। मौके पर क्षेत्र संयोजक अमरेन्द्र सिंह, अजय उपाध्याय, पूर्व विधायक बिरंची नारायण, अजय कुमार चौधरी, जिला संयोजक प्रमोद कुमार सिन्हा, सुजीत कुमार, डॉ अनिन्दो मंडल, जयशंकर, नवीन सिन्हा, अजय कुमार सिंह, अमरजी सिन्हा, कुमार संजय प्रेम प्रकाश, विकास वर्मा, अशोक रंजन, अवधेश कुमार, ददन प्रसाद, भारतीय मजदूर संघ के विनोद कुमार, प्रशांत कुमार, सुशील कुमार, कौशल किशोर, पूनम सिन्हा, रीता श्रीवास्तव, अनुजा सिंह, आशा सिंह, राधा सिंह, मनोरमा चौधरी, एसएन दास आदि मौजूद रहे।

### दुमका : चार बच्चों की मां समेत दो ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

दुमका। जिले के दो थाना क्षेत्र में रविवार की रात पारिवारिक विवाद में एक महिला समेत दो ने फांसी के फंदे से झूल जान दे दी। पहली घटना टोंगरा थाना क्षेत्र में घटी। जहां सोमवार की सुबह घरवालों की सूचना पर टोंगरा थाना पुलिस ने हथियापाथर बड़ा बगान से 35 साल की सरस्वती बाउरी का शव बरामद किया। जानकारी के अनुसार टोंगरा थाना क्षेत्र के हथियापाथर की रहने वाली चार बच्चों की मां सरस्वती का रविवार की शाम पति तारा बाउरी से किसी बात पर विवाद हो गया। देर तक चली कहासुनी के बाद महिला घर से निकल गई। काफी देर तक वापस नहीं आने पर पति ने खोजबीन शुरू किया। लेकिन कुछ पता नहीं चला। सोमवार की सुबह गांव के लोग जंगल की ओर गए तो वहां एक बगान में पेड़ से लटकता शव मिला। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंच शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया है। मामले में थाना प्रभारी गुरूचरण मांझी ने बताया कि महिला ने घर से नायलोन की रस्सी ले जाकर जान दी है। अभी तक पारिवारिक विवाद सामने आ रहा है। मौत का सही कारण पता करने का प्रयास किया जा रहा है।

### दुमका : बंगाल नहीं जाने देने पर युवक ने लगायी फांसी

**दुमका।** जिला के रामगढ़ के कुशमाहा में रविवार की रात बंगाल नहीं भेजने से नाराज 23 साल के जोसेफ हांसदा ने फांसी लगाकर जान दे दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया है। परिजनों ने बताया कि कुछ दिन से जोसेफ काम करने के लिए बंगाल जाने की जिद कर रहा था। रविवार की शाम घरवालों ने जाने से मना कर दिया। इस बात से नाराज युवक ने घर के समीप ही पेड़ से लटककर जान दे दी। रात को उसे पेड़ से लटका देखा तो उतार लिया। लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। पुलिस दोनों ही मामले में यूडी केस दर्ज कर कार्रवाई में जुट गई है।

**राजकीय श्रावणी मेला महोत्सव के सफल आयोजन को लेकर दुमका डीसी ने की बैठक**

# श्रद्धालुओं के लिये होगी वीआइपी कॉटेज की व्यवस्था

**ऑनलाइन होगी बुकिंग**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



बैठक करते डीसी आंजनेयुलु दोड्डे व अन्य।

**दुमका।** राजकीय श्रावणी मेला के सफल आयोजन को लेकर समाहरणालय सभागार में सोमवार को बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता डीसी आंजनेयुलु दोड्डे ने की। बैठक में डीसी ने कहा कि श्रावणी मेला को ध्यान में रखते हुए शिवगंगा की बेहतर ढंग से साफ सफाई की जाये।

उन्होंने कहा कि शिवगंगा के सारे पानी को निकालकर स्वच्छ जल भरा जाये। जिससे आने वाले श्रद्धालु एक स्वच्छ माहौल में स्नान कर पूजा अर्चना कर सकें। उन्होंने कहा कि पेयजल पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। पेयजल को लेकर सभी जरूरी व्यवस्था प्रारंभ कर दी जाये। जिससे श्रद्धालुओं को कठिनाई नहीं हो। डीसी ने मंदिर परिसर में परमानेंट सीसीटीवी कैमरे अधिष्ठापित करने का भी निर्देश दिया है।

उन्होंने मंदिर एवं मेला क्षेत्र के साफ-सफाई को लेकर नियमानुसार निविदा कर मेला अवधि के लिए पर्याप्त संख्या में सफाई कर्मियों की प्रतिनियुक्ति करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं के आवासन को लेकर इस वर्ष 5 टेंट सिटी बनाये जाएंगे। साथ ही 30-40 वीआईपी कॉटेज बनाए जाएंगे। इस कॉटेज में सभी जरूरी सुविधाएं उपलब्ध रहेगी। श्रद्धालुओं के लिए भोजन की भी व्यवस्था कॉटेज में होगी। इस कॉटेज की बुकिंग श्रद्धालु घर बैठे ऑनलाइन कर सकेंगे। इसके लिए डीसी ने जगह चिन्हित करने का निर्देश दिया है। बैठक में जिला प्रशासन के अधिकारी उपस्थित थे।

# सीसीएल व लहरियाटांड़ विस्थापितो के बीच में हुई वार्ता, आंदोलन स्थगित



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेरमो।** बोकारो थर्मल सीसीएल विस्थापित प्रमाणपत्र सहित अन्य बुनियादी सुविधाओं की मांग को लेकर लहरियाटांड़ के विस्थापितों ने 15 फरवरी को कथारा महाप्रबंधक सहित अनुमंडल पदाधिकारी को पत्र के माध्यम से अनुरोध किया था कि लहरियाटांड़ गांव के विस्थापितों के द्वारा बराबर सीसीएल प्रबंधक से विस्थापित प्रमाणपत्र, सड़क, पानी की सभी समस्याओं का जल्द समाधान कर किया जाए। अन्यथा बाध्य होकर 3 मार्च से गोविंदपुर परियोजना का कोयला ट्रांसपोर्टिंग कार्य को बंद कर चक्का जाम आंदोलन किया जाएगा। जिसके अवलोक में रविवार को कथारा महाप्रबंधक कार्यालय में वार्ता हुई जिसमें महाप्रबंधक संजय कुमार, गोविंदपुर परियोजना पदाधिकारी एके तिवारी, नोडल अधिकारी आकाश कुमार, रोहित प्रजापति, चंदन कुमार प्रबंधन की ओर से मौजूद रहें और लहरियाटांड़ गांव के ग्राम विकास समिति के बीच में वार्ता हुई। जिसमें महाप्रबंधन के द्वारा आश्वासन दिया गया कि एक माह के अंदर लहरियाटांड़ गांव की समस्या का समाधान कर दिया जाएगा। ग्रामीणों के तरफ से कहा गया कि एक माह के अंदर ग्रामीण समस्या का समाधान नहीं होता हैं, तो 1 अप्रैल से आंदोलन शुरू कर दिया जाएगा।

# आरकेएमयू के प्रतिनिधियों ने 17 सूत्री मांगपत्र कथारा वाशरी पीओ को सौपा



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कथारा।** एचएमएस से संबद्ध राष्ट्रीय कोयला मजदूर यूनियन कथारा वाशरी शाखा के प्रतिनिधियों ने 17 सूत्री मांगपत्र सौपने का कार्य किया। उक्त मांगपत्र को कथारा वाशरी के पीओ बी मोहन बाबू और कार्मिक प्रबंधक सुभाष पासवान को सौपा गया। इस दौरान राष्ट्रीय कोयला मजदूर यूनियन के क्षेत्रीय अध्यक्ष बैरिस्टर सिंह, क्षेत्रीय सचिव विजय कुमार सिंह, कथारा वाशरी शाखा के सचिव मो मिनाहजुल आबेदिन, विनय राम, खगेश्वर रजक, नागवंत प्रसाद, विकास कुमार सिंह, गणेश राम आदि लोग मुख्य रूप से उपस्थित थे। मांगपत्र में वर्ष 2023 से 2025 तक के वित्तीय वर्ष में हुए असैनिक विभाग और मेन्टनेश विभाग के कार्यों का ब्यौरा देने, रॉ कोल का दो सेक्शन होने के वावजूद एक सेक्शन का चलाने की जगह दोनों सेक्शन चलाये जाने, सीपीपी से कथारा वाशरी तक समुचित लाईट का व्यवस्था करने, कथारा वाशरी परियोजना क्षेत्र में समुचित सफाई, उत्तम भोजनालय की व्यवस्था, बेहतर शौचालय का निर्माण, सलेरी और रिजेक्ट की रेल के साथ रोड सेल के द्वारा बिक्री आदि मांग प्रमुख रूप से थी। यहां पीओ बी मोहन बाबू ने अश्वस्त किया कि आगामी कुछ दिनों में श्रमिक संगठन द्वारा सौपे गए मांगपत्र से संबंधित पूरी चीजों की पड़ताल और उनका जवाब तैयार करके वार्ता के दौरान पूरी चीजों को रखने का कार्य किया जाएगा।

# दुमका : नदी में नहाने गयी मजदूर महिला की सामूहिक दुष्कर्म के बाद हत्या की आशंका

**पुलिस, डॉग स्क्वायड और फोरेंसिक टीम जांच में जुटी**
**घटना से आक्रोशित ग्रामीण**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



शव को देखने पहुंचे ग्रामीण।

**दुमका।** जिला के काठीकुंड थाना क्षेत्र के फिटकोरिया गांव की 40 वषीर्या महिला अर्चना देवी की हत्या कर शव को भवंरपाथर सीमा की झाड़ी में फेंकने का मामला सामने आया है। मामले में परिजनों और ग्रामीणों ने सामूहिक दुष्कर्म कर हत्या की अशंका जतायी है। जानकारी के अनुसार फिटकोरिया गांव के मनोज राय की पत्नी अर्चना देवी रविवार को गांव स्थित एकलव्य विद्यालय के चारदीवारी निर्माण कार्य में मजदूरी कर रही थी। दोपहर में भोजन करने के लिए सभी मजदूरों को छुट्टी दी गई। जिसमें अर्चना देवी भी खाना खाने के लिए घर गई और नहाने के लिए नदी चली गई। उस समय उसकी बड़ी बेटी घर में थी। बेटी मां के आने का इंतजार करती रही। लेकिन जब मां घर नही लौटी तो बेटी ने एकलव्य विद्यालय जाकर मां का पता लगाने की कोशिश की। लेकिन वहां पता चला कि दोपहर के बाद काम करने नहीं आयी। मृतका की पति मनोज राय चकमुहा गांव के मजदूरी के लिए गया हुआ था। ग्रामीणों ने नदी में भी जाकर देखा तो सिर्फ बाल्टी थी, लेकिन अर्चना नहीं थी। सोमवार को सुबह जब ग्रामीणों ने फिर से खोजबीन शुरू की तो अर्चना का शव भंवरपाथर गांव के सीमा के समीप झाड़ी और नदी के किनारे अर्धनग्न स्थिति में मिलने से ग्रामीण आक्रोशित हो गए। बाद में पूरे मामले की सूचना सोमवार की सुबह मुखिया लुकास मुर्मू ने थाना प्रशासन को दी। जानकारी देने के बाद प्रभारी थाना विवेक विल्सन, एसआई मानकी हायबुरू, इंस्पेक्टर अरविंद कुमार व गोपीकांदर थाना प्रभारी सुमित भगत फिटकोरिया गांव स्थित घटनास्थल पर पहुंचकर जांच में जुट गए। घटनास्थल पर स्क्वायड डॉग टीम भी पहुंचकर जांच में जुट गई। घटनास्थल पर फोरेंसिक टीम भी पहुंची। प्रशासन के समझाने के बाद शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया गया। एसपी पीताम्बर सिंह खेरवार ने बताया कि आरोपी को शीघ्र गिरफ्तार कर लिया जायेगा। पोस्मार्टम के बाद ही पता चल पाएगा कि सामूहिक दुष्कर्म हुआ हैं या नहीं।

### बोकारो : मिथिला महिला समिति का होली मिलन समारोह आयोजित



बोकारो। मिथिला सांस्कृतिक परिषद् बोकारो की इकाई मिथिला महिला समिति का होली मिलन समारोह सेक्टर 4 स्थित मिलन मंडप में आयोजित हुआ। इस मौके पर समिति की सदस्याओं ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। होली गीतों का गायन भी हुआ। सभी ने होली गीत पर नृत्य भी प्रस्तुत किए। मिथिला महिला समिति की अध्यक्ष पूनम मिश्रा व सचिव आभा झा ने समिति की निवर्तमान अध्यक्षा सीमा झा को सम्मानित किया। अध्यक्ष पूनम मिश्रा ने कहा कि होली समाज में प्रेम व सदभावना को बढ़ावा देने वाला त्योहार है। भगवती वंदना के बाद होली गीतों मिथिला में राम खेलथि होरी मिथिला में.., बिरज में होली खेलत नंदलाल.., आदि की सुंदर प्रस्तुति से सभी को आनंदित किया। कार्यक्रम का संचालन कमला झा ने किया। इस अवसर पर अध्यक्ष पूनम मिश्रा सचिव आभा झा सहित किरण मिश्रा शीला मिश्रा अमिता झा लीला झा रुबी ठाकुर सीमा झा बीणा झा मीरा मिश्रा जयंती पाठक प्रीति प्रिया कंचन झा किरण झा पूनम झा आशा पाठक पद्मा चौधरी रंजना भगत प्रेरणा ओझा बिनीता राय प्रेरणा अनुपम मीरा राय ऋतु मिश्रा सविता मिश्रा अलका झा रीता झा नंदा झा आदि उपस्थित रहीं।

### बेरमो विधायक ने नाली का किया शिलान्यास



बेरमो। बेरमो प्रखंड के बोकारो थर्मल गोविंदपुर ए पंचायत स्थित सुनील साव के घर से हरिजन बस्ती तालाब तक डीएमएफटी फंड से 79 लाख रुपए की लागत से आरसीसी नाली का शिलान्यास किया। इस दौरान बेरमो विधायक कुमार जयमंगल ने कहा कि ग्रामीणों का मांग था कि इस जगह पर नाली बनने से गांव की गंदी पानी नाली में अच्छा से बह सके। जिससे ग्रामीणों को गंदगी से राहत मिलेगी। मौके मुखिया संघ अध्यक्ष चंद्रदेव कुमार घासी, गोविंदपुर ए पंचायत मुखिया अंजू आलम, गोविंदपुर सी पंचायत मुखिया विकास सिंह, मुखिया प्रतिनिधि महबूब आलम, जेएमएम नेता मुन्ना साव, मो मनीर आदि लोग उपस्थित थें।

### बेरमो : जिला परिषद सदस्य व मुखिया ने कई योजनाओं का किया शिलान्यास



बेरमो/तेनुघाट कोर्ट। तेनुघाट पंचायत और घरवा टांड पंचायत स्थित जिला परिषद क्षेत्र संख्या 15 में जिला परिषद सदस्य माला कुमारी, तेनुघाट पंचायत की मुखिया नीलम श्रीवास्तव, पसस अजीत पाण्डेय, मो अख्तर अंसारी और घरवा टांड पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि रामचंद्र यादव ने तेनुघाट छठ घाट के समीप चार लाख से बनने वाले छठ घाट और घरवा टांड पंचायत में चार लाख छियासी हजार रुपए की लागत से बनने वाले नाली का पंडित अजीत पाण्डेय के द्वारा संयुक्त रूप से विधिवत पूजा अर्चना कर और नारियल फोड़ कर शिलान्यास करवाया गया। वहीं जिला परिषद सदस्य ने बताया की छठ घाट की आवश्यकता तेनुघाट छठ घाट में थी जिसे आज मैंने अपने फंड से इसका शिलान्यास किया जिससे लोगो को बहुत ही लाभ मिलेगा। वहीं बताया की कुल दो पंचायत में लगभग आठ लाख छियासी हजार रुपए की योजनाओं का शिलान्यास किया गया है। वहीं घरवा टांड में सड़क पर ही नाली बहता था जिसका आज नाली का शिलान्यास कर यहाँ के लोगो को सड़क पर बहने वाले पानी से भी निजात मिल जायेगा। वहीं घरवाटांड में बने वाले नाली से लोगो में बहुत ही उत्साह है। लोगो का कहना है की सड़क पर बहने वाले पानी से निजात मिल जायेगा और सड़क भी साफ रहेगा। वहीं इस मौके पर आनन्द कुमार, घनश्याम यादव, पिंटू, बिट्टू सहित कई ग्रामीण मौके पर मौजूद रहे।

### संपदा कोर्ट बोकारो ने 13 आवास कराया कब्जामुक्त

बोकारो। सम्पदा न्यायालय बोकारो द्वारा 3 मार्च को अनधिकृत कब्जे वाले आवासों को मजिस्ट्रेट धनंजय कुमार गिरी व पुलिस बल और बीएसएल सुरक्षा विभाग की टीम की उपस्थिति में खाली कराने का अभियान चलाया गया जिसके तहत निम्नलिखित आवास कब्जा मुक्त कराए गए। आज कुल कब्जामुक्त कराए गए 13 आवासों में सेक्टर 9ए का ई टाइप आवास संख्या 585, 590, 748, 1132, 1270, 1275, 1277, 1327, 1484 एवं 1488 तथा सेक्टर 9ए का डी टाइप आवास संख्या 189, 250 एवं 415 शामिल हैं।

# बेरमो : एसडीओसीएम प्रबंधन के साथ इनमोसा की एजेंडा बैठक संपन्न

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बेरमो।** इंडियन नेशनल माइन ऑफिशियल एवं सुपरवाइजरी स्टॉफ एसोसिएशन (इनमोसा) एसडीओसीएम की ओर से विभिन्न मांगों को लेकर पीओ कार्यालय मे प्रबंधन के साथ एजेंडा बैठक हुई। मैनेजर राजीव कुमार ने कहा कि कोयला खदानों में कामगारों की सुरक्षा का पूरा ख्याल रखा जाएगा। सुरक्षा के सवाल पर किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जा सकता सुरक्षित खदान, सुरक्षित उत्पादन और सुरक्षित मजदूर-अधिकारी ही सुरक्षा के मापंड हैं। साथ ही श्री कुमार ने कहा कि कोयला उत्पादन में माइनिंग सरदार और ओवर मैन की भूमिका अहम होती है। बैठक के दौरान एरिया सचिव पवन कुमार सिंह ने खदान की सुरक्षा को लेकर अहम सुझाव भी दिए। खदानों में सुरक्षा नियमों की कमियों को तत्काल दूर कर सुरक्षित उत्पादन पर बल दिया। खदानों के आउटसोर्सिंग के और डिपार्टमेंटल पैच में पर्याप्त मात्रा में लाइटिंग की व्यवस्था, खदानों के हॉल रोड में पानी का छिड़काव और आउटसोर्सिंग पैच में काम करने वाले कामगारों का आई कार्ड सहित कई मांगों को विस्तार पूर्वक रखा। सीसीएल में माइनिंग सरदार और ओवरमैन की कमी अविलंब दूर करने, इनमोसा का प्रतिनिधित्व सभी कमेटियों में सुनिश्चित करने, माइंस एक्ट प्रावधान के अनुसार माइनिंग सुपरवाइजरी स्टाफ का प्रमोशन सहित कई मांगों को रखा। मौके पर कार्मिक प्रबंधक मौ तौकीर आलम, पीई राम लखन, एरिया वाइस प्रेसिडेंट सुचिंद्र कुमार, एरिया ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेट्री नरेश महतो, कैशियर भी एन दास, प्रोजेक्ट अध्यक्ष शंकर प्रसाद, सचिव युधिष्ठिर सिंह, मदन सिंह, अभिषेक कुमार, कमलेश, सुरेश कुमार, पंकज नानिया सहित कई ओवरमैन व माइनिंग सरदार उपस्थित थे।

# बोकारो इस्पात जनता मजदूर संघ का होली मिलन समारोह 9 मार्च को

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बोकारो।** बोकारो इस्पात जनता मजदूर संघ की टू टैंक गार्डन सेक्टर 3 में नवीन सिंह की अध्यक्षता में संपन्न बैठक में सर्वसम्मति से सभी सदस्यों ने बोकारो इस्पात प्रबंधन को दिये गये मांग पत्र के आलोक में प्रबंधन के उदासीन रवैये पर दुख व्यक्त किया एवं आक्रोश रैली निकालने पर सहमति बनी। 9 मार्च को संघ के कामगार मजदूरों द्वारा होली मिलन समारोह मनाने के लिए आपस में सहमति बनी। होली मिलन समारोह संघ के कार्यालय 12 एफ/1155 में धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में महामंत्री सुमन सिंह संयुक्त मंत्री आशा देवी पदाधिकारी निवारण प्रसाद महतो कार्यालय सचिव गंगेश कुमार पाठक सर्वन कुमार झा देवेंद्र कुमार पुष्पा मिश्रा इंदू तिवारी मीनाक्षी सिंह हरेन्द्र कुमार निरंजन सिंह गुलाम जिलानी सुमित सिंह कविता देवी मंजु कुमारी बीके पासवान ओम प्रकाश सिंह जगदीश प्रसाद सिंह वीणा देवी महेश कुमार दिलीप कुमार गुप्ता भोला प्रसाद आदि अन्य थे।

बैठक का संचालन गंगेश पाठक ने एवं धन्यवाद ज्ञापन आशा देवी ने किया।

## स्पीड न्यूज

### भारत और बेल्जियम ने हिन्द प्रशांत क्षेत्र में रक्षा सहयोग पर चर्चा की

**नयी दिल्ली।** भारत और बेल्जियम ने क्षेत्रीय सुरक्षा और हिन्द प्रशांत क्षेत्र में रक्षा सहयोग पर चर्चा की है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि बेल्जियम की राजकुमार एस्ट्रिड और रक्षा मंत्री थियो फ्रेंकन के साथ यहां मुलाकात शानदार रही। उन्होंने कहा , बेल्जियम की राजकुमारी एस्ट्रिड और मेरे समकक्ष श्री थियो फ्रेंकेन से मिलकर मुझे बहुत खुशी हुई। हमने क्षेत्रीय सुरक्षा से जुड़े मुद्दों और इंडो पैसिफिक में रक्षा सहयोग की संभावना पर चर्चा की। साथ ही, हमने दोनों देशों के बीच रक्षा औद्योगिक सहयोग बढ़ाने के तरीकों और साधनों पर भी विचार-विमर्श किया।

### भारत के साथ अच्छे संबंध बनाए रखने के अलावा कोई विकल्प नहीं: मोहम्मद यूनुस

**ढाका।** बंगलादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने कहा है कि भारत के साथ अच्छे संबंध बनाए रखने के अलावा उनके पास कोई विकल्प नहीं है। श्री यूनुस ने सोमवार को प्रकाशित एक साक्षात्कार में बीबीसी बांग्ला से कहा, 'बीच में कुछ संघर्ष देखे गए थे। मैं कहूंगा कि कुछ संकट के बादल छाये, ये बादल ज्यादातर प्रचार के माध्यम से आए। अन्य लोग इनके स्रोतों को दुष्प्रचार मानेंगे।

### ब्रिटेन के प्रधानमंत्री स्टारमर ने की यूरोपीय नेताओं की मेजबानी

**लंदन।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टारमर ने यूक्रेन पर शिखर सम्मेलन के लिए रविवार को एकत्रित हुए यूरोपीय नेताओं से कहा कि उन्हें कीव का समर्थन करना जारी रखना चाहिए और यूरोप की सुरक्षा के लिए ह्य पीढ़ी में एक बार आने वाले क्षण पर मिलना चाहिए। सीबीएस न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ मौजूद श्री स्टारमर ने कहा कि वे तीनों लड़ाई को रोकने के लिए एक योजना पर काम करने और फिर इसे संयुक्त राज्य अमेरिका के पास ले जाने पर सहमत हुए हैं।

### इजरायली सेना ने गाजा में चार फिलिस्तीनियों को मार गिराया

**गाजा।** इजरायली सेना ने रविवार को गाजा पट्टी में चार फिलिस्तीनियों को मार गिराया। फिलिस्तीनी स्वास्थ्य अधिकारियों और चिकित्सा स्रोतों ने यह जानकारी दी। गाजा स्थित स्वास्थ्य अधिकारियों ने एक प्रेस बयान में कहा, ह्वइजरायल सेना ने गाजा पट्टी के उत्तर में बेत हनौन शहर में स्थानीय लोगों के एक समूह पर सैन्य ड्रोन से हमला करके दो फिलिस्तीनियों को मार डाला।

### दुनिया भर में 2024 में 14 महिला पत्रकार समेत 122 मीडिया पेशेवरों की हुई हत्या

**ब्रसेल्स।** इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ जर्नलिस्ट्स (आईएफजे) ने पत्रकारों और मीडिया कर्मचारियों की हत्या पर अपनी 34वीं वार्षिक रिपोर्ट सोमवार को प्रकाशित की है, जिसमें वर्ष 2024 में दुनिया भर में 14 महिला पत्रकार समेत 122 मीडिया पेशेवरों की मौतों का विवरण है। फेडरेशन ने संयुक्त राष्ट्र के सदस्य देशों से पत्रकारों की हत्याओं के लिए दंड से मुक्ति को समाप्त करने के लिए पत्रकारों की सुरक्षा और स्वतंत्रता पर आईएफजे के नेतृत्व वाले अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन को तत्काल अपनाने का आह्वान किया है।

### ईरान के उप राष्ट्रपति जरीफ ने दिया इस्तीफा

**तेहरान।** ईरान के उप राष्ट्रपति मोहम्मद जवाद जरीफ ने पिछले साल अगस्त में अपनी नियुक्ति के बाद दूसरी बार रविवार रात को उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा दे दिया है। श्री जरीफ ने सोमवार को सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि उन्होंने रविवार को ईरान के न्यायपालिका प्रमुख से मुलाकात की और न्यायपालिका प्रमुख ने उनके विश्वविद्यालय लौटने की सिफारिश स्वीकार कर लिया है।

# बिहार में 3.17 लाख करोड़ का ऐतिहासिक बजट पेश

## यह पिछले बजट से 38 हजार 169 करोड़ अधिक, सम्राट चौधरी ने बजट में शिक्षा और महिला सशक्तिकरण पर दिया अधिक जोर

एजेंसी

**पटना।** बिहार में नीतीश सरकार के डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने सोमवार को सदन में 3.17 लाख करोड़ का ऐतिहासिक बजट किया पेश। वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट में शिक्षा और महिला सशक्तिकरण पर सबसे अधिक जोर दिया गया है। बिहार सरकार ने इस बजट में स्वास्थ्य, इन्फ्रास्ट्रक्चर, शिक्षा पर विशेष फोकस किया है। राजस्व बचत वित्तीय वर्ष 2025-26 में बचत 8 हजार 831 करोड़ रुपए का रखा गया है। यह वित्तीय वर्ष 2024-25 से 38 हजार 169 करोड़ रुपए अधिक है। राजकोषीय घाटा निर्धारित सीमा तीन फीसदी के अधीन है। मौजूदा वर्ष से अगले साल का बजट 38 हजार करोड़ अधिक है। आर्थिक सेवा में 25 हजार 262 करोड़ रुपये का प्रस्ताव। बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड के लिए एक हजार करोड़ तय किया गया है।



घर में पूजा पाठ कर बजट पेश करने आये डिप्टी सीएम ने बजट प्रस्तावों में कहा कि इस वित्तीय वर्ष में राजस्व 2 लाख 60 हजार करोड़ रुपया अनुमानित है। पिछले वित्तीय वर्ष से यह करीब 34 हजार करोड़ रुपया अधिक है। पंचायति राज निकाय के लिए 4012 करोड़ प्रस्तावित हैं। नगर निकाय के लिए 2160 करोड़ रुपए का प्रस्ताव है। उन्होंने घोषणा की कि पूर्णिया हवाई अड्डा शीघ्र चालू होगा और अगले तीन महीने में पूर्णिया एयरपोर्ट से सेवा शुरू हो जायेगी। बिहार की सरकार ने फैसला किया है कि राजगीर, सुल्तानगंज और रक्सौल में ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट बनाये जायेंगे। वाल्मिकीनगर, मुंगेर, सहरसा, और मुजफ्फरपुर में छोटे हवाई जहाजों के लिए हवाई सेवा होगी शुरू। वायु गुणवत्ता को ध्यान में रखते हुए बिहार क्लीन एयर ट्रांसफॉरमेशन का निर्माण होगा। इसपर 1 करोड़ की लागत आएगी। इससे हवा की गुणवत्ता में सुधार होगा। प्रमुख शहरों में कामकाजी महिलाओं के लिए छात्रावास का निर्माण होगा।

**बजट की अहम घोषणाएं :** 358 प्रखंडों में डिग्री कॉलेज खोले जायेंगे। बड़े अनुमंडलों में रेफरल अस्पताल का निर्माण होगा। 108 नगर चिकित्सा सुविधा केंद्र खुलेंगे। सभी प्रमंडालों में कैंसर अस्पताल खुलेंगे।

बेगूसराय में कैंसर अस्पताल बनेगा। पिछड़ों को दी जाने वाली छात्रवृत्ति दोगुनी की जायेगी। एससी एसटी की छात्रवृत्ति दोगुनी होगी। प्रत्येक प्रखंड में आउटडोर स्टेडियम बनेंगे। साइबर अपराध रोकने के लिए डेटा सेंटर बनाये जायेंगे। प्रमुख शहरों में पिंक बस चलेंगे, इसमें चालक और कंडक्टर महिला होंगी। नहर के किनारे सोलर प्लांट लगेंगे, इसके लिए 25 करोड़ का फंड बनेगा। होम स्टे योजना को बढ़ावा दिया जायेगा, महिला गाइड बहाल होंगे। बिहार राज्य पथ परिवहन निगम की नौकरियों में महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण मिलेगा। निबंधन कार्यालय होगा पेपरलेस। बिहार के खाद व्यंजन को बढ़ावा दिया जायेगा। देश में सबसे अधिक महिला सिपाही बिहार में है, उनकी पोस्टिंग के पास ही रहने की व्यवस्था कराई जायेगी। निबंधन कार्यालय को पेपरलेस किया जायेगा।

वायु गुणवत्ता को ध्यान में रखते हुए बिहार क्लीन एयर ट्रांसफॉरमेशन का निर्माण होगा। इसपर 1 करोड़ की लागत आएगी. इससे हवा की गुणवत्ता में सुधार होगा। महिला चालकों को ई-रिक्शा एवं दो पहिया वाहन खरीदने के लिए नगर अनुदान दिया जाएगा। प्रमुख शहरों में महिला वाहन चालक प्रशिक्षण केंद्र बनेंगे, जिसमें प्रशिक्षक महिलाएं ही होंगी। बिहार के सभी प्रमंडलों में खेल संरचना का निर्माण कार्य शुरू हो चुका है। पुनपुन में 100 एकड़ की भूमि चिह्नित की गई है. प्रत्येक प्रखंड में आउटडोर स्टेडियम को भी स्वीकृत किया जायेगा।

### कन्या मंडप में होगी गरीब बेटियों की शादी

सरकार हर पंचायत में सरकारी विवाह मंडप बनाएगी, जहां गरीब बेटियों की शादी करायी जायेगी। प्रमुख शहरों में कामकाजी महिलाओं की सुरक्षा एवं स्वस्थ वातावरण देने के लिए हॉस्टल खुलेंगे। देश के कई शहरों में प्रवासी मजदूरों के लिए सेंटर खोले जायेंगे। सभी प्रखंडों में एक-एक डिग्री कॉलेज खुलेंगे। पीपीडी मोड आधारित मेडिकल कॉलेज खुलेंगे।

### औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन नीति होगी विकसित

डिप्टी सीएम ने कहा कि बिहार औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन नीति विकसित किया जा रहा है। इसमें निवेश को बढ़ावा दिया जायेगा। सभी प्रखंडों में सब्जी उत्पादक समिति का गठन इस साल कर लिया जायेगा। पटना में महिला हाट की स्थापना की जाएगी. पटना में मोबाइल जिम की शुरूआत होगी. महिलाओं के लिए पिंक टॉयलेट बनेगा।

### पहले सीएम और राज्यपाल से की भेंट

विधानसभा में बजट पेश किए जाने से पहले राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने सीएम नीतीश से मुलाकात की है। राज्यपाल आरिफ खान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मिलने सीएम आवास पहुंचे थे। उन्होंने मुख्यमंत्री से मुलाकात कर उन्हें शुभकामनाएं दीं।

### सबसे अधिक शिक्षा पर खर्च

शिक्षा विभाग पर 60974 करोड़ रुपये। स्वास्थ्य विभाग पर 20335 करोड़। गृह विभाग को 17831 करोड़। ग्रमीण विकास विभाग को 16043 करोड़। उर्जा विभाग को 13484 करोड़। राजस्व 2 लाख 60 हजार करोड़ रुपया अनुमानित।

## सत्ता में बैठे लोगों को बिहार की तरक्की कैसे हो इसकी चिंता नहीं है : तेजस्वी



**पटना।** बिहार विधानसभा में वित्तीय वर्ष 2025-26 का 3.17 लाख करोड़ रुपये का बजट आज पेश किया गया। वित्त मंत्री सम्राट चौधरी ने दूसरी बार राज्य का बजट पेश किया। बिहार विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने इस बजट बेकार का बजट बताया। उन्होंने कहा कि बिहार के हित में यह बजट नहीं है। सत्ता में बैठे लोगों को बिहार की तरक्की कैसे हो इसकी चिंता नहीं है। हमारी पार्टी सत्ता में बैठे लोगों का पोल खोलने का काम करेगी। विधानसभा परिसर के में पत्रकार वार्ता को सम्बोधित करते हुए तेजस्वी यादव ने कहा कि बिहार प्रति व्यक्ति आय और किसानों की आय में काफी पीछे है। सबसे ज्यादा बेरोजगारी और गरीबी में बिहार में है। नौकरी और रोजगार कैसे बढे, पेपर लीक कैसे रुके इसकी चर्चा बजट में नहीं की गयी है। लॉ एन्ड ऑर्डर पर भी चर्चा नहीं की गयी। पुलिस का मॉडर्नाइजेशन कैसे हो इसके बारे में कोई चर्चा बजट में नहीं की गयी। लोगों का पलायन को कैसे रुके इसकी भी चर्चा नहीं की गयी। दिव्यांग भाईयों की ना तो चर्चा हुई और ना ही महिलाओं को आर्थिक न्याय देने की बारे में कोई चर्चा की गयी। महिलाओं के लिए पिंक बस चलाने की योजना पर तेजस्वी यादव ने कहा कि बिहार ट्रांसपोर्ट का बस तो ठीक से चल नहीं पाता है ये पिंक बस चलाएंगे।

## युवाओं एवं महिलाओं सहित समाज के हर वर्ग के लोगों का रखा गया ख्याल : नीतीश कुमार

एजेंसी

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि बजट में किसानों, उद्यमियों, युवाओं एवं महिलाओं सहित समाज के हर वर्ग के लोगों का ख्याल रखा गया है। इस साल बिहार का बजट 3 लाख 17 हजार करोड़ रुपये का है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में बिहार की विकास दर 14.5 प्रतिशत रही है।वह बिहार विधान सभा में सोमवार को पेश बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रस्तुत बिहार बजट (2025-26) न्याय के साथ विकास के हमारे संकल्प को मजबूत करेगा। हमें पूर्ण विश्वास है कि राज्य सरकार अपने राजकोषीय संसाधनों के समुचित प्रबंधन से बिहार के आर्थिक



विकास को गति देगी। सड़कों का चौड़ीकरण कर आवागमन की सुविधा को बेहतर किया जायेगा। युवाओं को रोजगार देने के हमारे प्रयास जारी रहेंगे। हम सरकारी नौकरी के साथ-साथ रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए कृत संकल्पित हैं, इसके लिए वित्तीय संसाधनों की कमी नहीं होने दी जायेगी। शिक्षा, स्वास्थ्य और कृषि में हमारे प्रयास से हुये विकास को आगे बढ़ाने के लिए विशेष प्रावधान इस बजट में किये गये हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि अर्थव्यवस्था को समावेशी, तीव्र एवं पर्यावरण अनुकूल बनाने की दिशा में बिहार बजट अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगा, जहां एक ओर हर जिले को चार लेन सड़क से जोड़ा जायेगा, वहीं राज्य के लोगों के लिये सस्ती एवं सुलभ वायु सेवा उपलब्ध कराने के लिये बजट में कई प्रावधान किये गये हैं। विभिन्न जिलों में मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल की स्थापना से राज्य के स्वास्थ्य क्षेत्र में गुणात्मक सुधार आयेगा। निजी निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए राज्य सरकार हमेशा तत्पर रही है और इस बजट में इसके लिए कई नई नीतियों के साथ बड़े और महत्वपूर्ण नीतिगत सुधार किए गए हैं।

## कोयला घोटाला: निलंबित आइएएस साहू व अन्य को अंतरिम जमानत

**नयी दिल्ली/रायपुर।** उच्चतम न्यायालय ने छत्तीसगढ़ में 450 करोड़ से अधिक के कोयला लेवी वसूली और मनी लांड्रिंग घोटाला मामले में भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के निलंबित अधिकारी रानू साहू, सौम्या चौरसिया,व्यवसायी सूर्यकांत तिवारी और अन्य को सुप्रीम कोर्ट ने अंतरिम जमानत दे दी है। इस संबंध में सोमवार को फैसला सुनाते हुए न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की युगल पीठ ने कहा, जांच की समय लेने वाली प्रक्रिया को ध्यान में रखते हुए और जल्दबाजी में जांच की मांग किए बिना हम याचिकाकताओं को अंतरिम जमानत पर रिहा करना उचित समझते हैं।

शीर्ष अदालत ने रानू साहू, सौम्या चौरसिया, दीपेश टोंक, राहुल कुमार सिंह, शिव शंकर नाग, हेमंत जायसवाल, चंद्रप्रकाश जायसवाल, संदीप कुमार नाग, रोशन कुमार सिंह, समीर विश्नोई, शेख मोइनुद्दीन कुरैशी, सूर्यकांत तिवारी को अंतरिम जमानत दी है। शीर्ष अदालत ने कहा कि इस मामले में जांच में काफी समय लगेगा, इसलिए समय लेने वाली प्रक्रिया को ध्यान में रखते हुए याचिकाकताओं को अंतरिम जमानत पर रिहा करना उचित समझते हैं।

ये सभी करीब दो वर्ष से अधिक समय से जेल में हैं। इनकी पूर्व में कई याचिकाएं खारिज हो चुकी थीं। शीर्ष अदालत ने सरकार को कहा है कि मामले में निर्धारित तारीख पर याचिकाकताओं के आचरण पर रिपोर्ट प्रस्तुत करे।

# दिव्यांगता न्यायिक सेवाओं से वंचित करने का आधार नहीं

### शीर्ष कोर्ट का ऐतिहासिक फैसला

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को अपने एक ऐतिहासिक फैसले में कहा कि केवल दिव्यांगता के आधार पर किसी भी अभ्यर्थी (संबंधित पद के आवेदक) को न्यायिक सेवाओं से वंचित नहीं किया जा सकता। न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति आर महादेवन की पीठ ने दृष्टिबाधित और दृष्टिहीन अभ्यार्थियों को न्यायिक सेवाओं में नियुक्ति से बाहर रखने वाले मध्य प्रदेश न्यायिक सेवा नियम की शर्तों के उस भाग को निरस्त करते हुए कहा कि वे (दृष्टिहीन और दृष्टिबाधित) भारत की न्यायिक सेवाओं में नियुक्ति के आवेदन के पात्र हैं। पीठ की ओर से फैसला



सुनाते हुए न्यायमूर्ति महादेवन ने कहा, मध्य प्रदेश न्यायिक सेवा नियम 1994 के नियम 6ए को निरस्त किया जाता है, क्योंकि यह दृष्टिबाधित और दृष्टिहीन उम्मीदवारों को न्यायिक सेवाओं में नियुक्ति से बाहर रखता है।

पीठ ने कई पहलुओं पर गौर करने के बाद कहा कि दिव्यांग व्यक्तियों के अधिकार अधिनियम, 2016 के अनुसार उनकी (दिव्यांग व्यक्तियों की) पात्रता का आकलन करते समय उन्हें उचित सुविधाएं प्रदान की जानी चाहिए। शीर्ष अदालत ने स्पष्ट तौर कहा कि दृष्टिबाधित और कम दृष्टि वाले अभ्यर्थी न्यायिक सेवा के पदों के लिए चयन में भाग लेने के हकदार होंगे। पीठ ने कहा कि दिव्यांग व्यक्तियों को न्यायिक सेवा की भर्ती में किसी भी तरह के भेदभाव का सामना नहीं करना चाहिए और राज्य को समावेशी ढांचा सुनिश्चित करने के लिए उन्हें सकारात्मक कार्रवाई प्रदान करनी चाहिए। पीठ ने फैसले में आगे कहा कि वह संवैधानिक ढांचे और संस्थागत अक्षमता ढांचे से निपटता है और इस मामले को सबसे महत्वपूर्ण मानता है।

शीर्ष अदालत के समक्ष एक दृष्टिबाधित अभ्यर्थी की मां ने पिछले साल मध्य प्रदेश न्यायिक सेवा (भर्ती और सेवा शर्तें) नियम में शामिल उक्त नियम के खिलाफ पत्र याचिका दी थी।

## देश के विकास का स्तर उसकी शिक्षा प्रणाली की गुणवत्ता में झलकता है: मुर्मु

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि किसी भी देश के विकास का स्तर उसकी शिक्षा प्रणाली की गुणवत्ता में झलकता है। राष्ट्रपति ने सोमवार को यहां राष्ट्रपति भवन में दो दिन के विजिटर कॉन्फ्रेंस का उद्घाटन किया। राष्ट्रपति 184 केंद्रीय उच्च शिक्षा संस्थानों की विजिटर यानी कुलाध्यक्ष हैं। उन्होंने उच्च शिक्षा संस्थानों के प्रमुखों से कहा कि भारत को ज्ञान अर्थव्यवस्था के महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में स्थापित करने के लक्ष्य को हासिल करने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने शिक्षा के साथ-साथ शोध पर भी अत्यधिक ध्यान देने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि सरकार ने बहुत अच्छे उद्देश्य से राष्ट्रीय अनुसंधान कोष की स्थापना की है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि उच्च शिक्षा संस्थान इस महत्वपूर्ण पहल का अच्छा



उपयोग करेंगे और शोध को प्रोत्साहित करेंगे।

राष्ट्रपति ने कहा कि उच्च शिक्षा समुदाय की महत्वाकांक्षा यह होनी चाहिए कि संस्थानों के शोधकताओं को विश्व स्तर पर मान्यता मिले, संस्थानों के पेटेंट दुनिया में बदलाव ला सकें और विकसित देशों के छात्र उच्च शिक्षा के लिए भारत को पसंदीदा गंतव्य के रूप में चुनें। उन्होंने कहा कि भारत के छात्र अपनी प्रतिभा से विश्व के अग्रणी शिक्षण संस्थानों और विकसित अर्थव्यवस्थाओं को समृद्ध करते हैं।

## बेल्जियम के विदेश मंत्री के साथ जयशंकर ने की बैठक

**नयी दिल्ली।** विदेश मंत्री एस जयशंकर और बेल्जियम के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री मैक्सिम प्रिवोट के बीच आज यहां व्यापार, निवेश, स्वच्छ ऊर्जा, फार्मास्यूटिकल्स, सेमीकंडक्टर, डिजिटल बुनियादी ढांचे, गतिशीलता और रक्षा क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने के उपायों पर चर्चा हुई। बेल्जियम आर्थिक मिशन का नेतृत्व कर रहीं राजकुमारी एस्ट्रिड के साथ आये वहां के विदेश मंत्री श्री प्रिवोट के साथ दोपहर में हैदराबाद हाउस में हुई बैठक के बाद डॉ. जयशंकर ने राजकुमारी एस्ट्रिड से भी भेंट की। उन्होंने एक्स पर कहा, ह्वआर्थिक मिशन का नेतृत्व कर रहीं बेल्जियम की राजकुमारी एस्ट्रिड से मिलकर मुझे बहुत खुशी हुई। मुझे विश्वास है कि उनकी यात्रा से भारत-बेल्जियम और भारत-यूरोपीय संघ की साझीदारी को और मजबूत बनाने के लिए अधिक सहयोग मिलेगा। बेल्जियम के उप प्रधानमंत्री एवं विदेश मंत्री के साथ मुलाकात के बाद डॉ. जयशंकर ने बातचीत की जानकारी साझा करते हुए कहा, व्यापार, निवेश, स्वच्छ ऊर्जा, फार्मास्यूटिकल्स, सेमीकंडक्टर, डिजिटल बुनियादी ढांचे, गतिशीलता और रक्षा में हमारे द्विपक्षीय सहयोग को आगे बढ़ाने पर व्यापक चर्चा की। 'मेक इन इंडिया, भारत में डिजाइन और भारत में अनुसंधान' के नए अवसरों पर प्रकाश डाला।

## 97वें ऑस्कर्स अवार्ड में फिल्म अनोरा का जलवा

# सर्वश्रेष्ठ फिल्म समेत जीते पांच अवार्ड

एजेंसी

**लॉस एंजिल्स।** 97वें अकादमी पुरस्कार (ऑस्कर) में फिल्म 'अनोरा' का जलवा रहा और उसने सर्वश्रेष्ठ फिल्म समेत पांच अवार्ड अपने नाम किये। ऑस्कर अवार्ड ,लॉस एंजिल्स के हॉलीवुड स्थित डॉल्बी थिएटर में आयोजित किए गए। जिसमें इस साल मेजबानी कॉनन ओ'ब्रायन ने की। निर्देशक जैक्स ऑडियार्ड की फिल्म एमिलिया पेरेज को 13 नॉमिनेशन मिले थे. जबकि इसके ठीक पीछे ब्रैडी कॉर्बेट की द ब्रूटलिस्ट और जॉन एम. चू की विक्ड हैं, जिन्हें दस-दस नॉमिनेशन मिले। आस्कर अवार्ड में फिल्म फिल्म अनोराह्ल का जलवा रहा और उसने सर्वश्रेष्ठ फिल्म समेत पांच अवार्ड अपने नाम किये।



सर्वश्रेष्ठ फिल्म का पुरस्कार फिल्म अनोरा को दिया गया। सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का पुरस्कार फिल्म अनोरा के लिये शॉन बेकर को दिया गया। सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार एड्रियन ब्रॉडी को फिल्म द ब्रूटलिस्ट के लिये मिला। सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार माइकी मैडिसन को फिल्म अनोरा के लिये दिया गया।सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता का सम्मान कीरन कल्किन को फिल्म ए रियल पेन के लिये दिया गया। सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनत्री का पुरस्कार जोई सलदाना, को एमिलिया पेरेज के लिये दिया गया।

सर्वश्रेष्ठ इंटरनेशनल फीचर फिल्म आइएम स्टिल हियर (ब्राजील) चुनी गयीं। सर्वश्रेष्ठ एनिमेटेड फीचर का पुरस्कार फ्लो को दिया गया। सर्वश्रेष्ठ डॉक्युमेंट्री फीचर का पुरस्कार नो अदर लैंड को मिला।सर्वश्रेष्ठ ओरिजिनल स्क्रीनप्ले का पुरस्कार फिल्म अनोरा को दिया गया। सवश्रेष्ठ अडेप्टेड स्क्रीनप्ले के लिये कॉन्क्लेव को सम्मानित किया गया। सर्वश्रेष्ठ बेस्ट डाक्यूमेंट्री शार्ट द ओनली गर्ल इन द ऑर्केस्ट्रा, सर्वश्रेष्ठ लाइव एक्शन शार्ट,आई एम नॉट ए रोबोट, सर्वश्रेष्ठ एनिमेटेड शॉर्ट, इन द शैडो ऑफ साईप्रस ,सर्वश्रेष्ठ ओरिजिनल स्कोर, द ब्रूटलिस्ट ,सर्वश्रेष्ठ ओरिजिनल सॉन्ग ,एल मल ,सर्वश्रेष्ठ साउंड , ड्यूनः पार्ट-2 ,सर्वश्रेष्ठ प्रोडक्शन डिजाइन,विक्ड ,सर्वश्रेष्ठ सिनेमेटोग्राफी, द ब्रूटलिस्ट, सर्वश्रेष्ठ हेयर एंड मेकअप, द सबस्टेंस, सर्वश्रेष्ठ कॉस्टयूम डिजाइन, विक्ड, सर्वश्रेष्ठ फिल्म एडिटिंग, अनोरा ,सर्वश्रेष्ठ विजुअल इफेक्ट्स, ड्यूनः पार्ट-2 बनीं।

